जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

सिरोही, मंगलवार, 04 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 46 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.




फ्लॉप के बाद काम को तरसी थीं श्रद्धा कपूर....

पेज -09

## न्यूज़ ब्रीफ


### मायावती ने भतीजे को पार्टी से निकाला



**लखनऊ।** बसपा मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पदों से हटाने के बाद अब पार्टी से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस एक्शन को लेकर बसपा मुखिया का कहना है कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के आंदोलन के हित में और कांशीराम की अनुशासन परंपरा का पालन करते हुए आकाश आनंद को उनके ससुर की तरह पार्टी और आंदोलन के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

### बीजेपी से गठबंधन की कोई गुंजाइश ही नहीं : उमर अब्दुल्ला

**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को बीजेपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस का आने वाले



दिनों में बीजेपी के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। बीजेपी के साथ इस तरह के गठबंधन की न तो कोई गुंजाइश है और न ही इसकी कोई जरूरत है। बीजेपी विधायक आर एस पठानिया ने हिंट दिया है कि एनसी और बीजेपी का गठबंधन हो सकता है।

## पीएम मोदी का गुजरात दौरा

# गिर में शेर देखने पहुंचे, फोटोग्राफी भी की





### राजकोट में कई परियोजनाओं का उद्घाटन कर दिल्ली रवाना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के मौके पर सोमवार सुबह वे गिर नेशनल पार्क में एशियाटिक शेरों को देखने पहुंचे। उन्होंने फोटोग्राफी भी की। पीएम मोदी के गिर पहुंचते ही वहां मोदी-मोदी के नारे लगे।

मोदी रात में सासण में रुके थे। गिर के सिंह सदन से लौटने के बाद मोदी नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा होगी।

इसके बाद राजकोट में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने के



बाद दिल्ली रवाना हो गए।

पीएम मोदी ने रविवार को सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इससे पहले वे वनतारा गए थे। जामनगर स्थित वनतारा पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र है। इसकी देखरेख मुकेश अंबानी के बेटे अनंत करते हैं।

## 12वां क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकॉनमी फोरम समारोह

## सर्कुलर इकॉनमी इंसेंटिव स्कीम लेकर आएगी राज्य सरकार

# सीएम शर्मा बोले, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को मिलेगी 2 करोड़ तक की सहायता

## केन्द्रीय मंत्री खट्टर बोले, पर्यावरण संरक्षण में रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल प्रभावी माध्यम




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि एवं प्रदूषण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सर्कुलर इकॉनमी अत्यंत प्रभावी माध्यम है। इस व्यवस्था में अपशिष्ट को रिसाइकिल और रियूज किया जाता है जिससे ऊर्जा की खपत घटती है और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाकर मिशन में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 12वें क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकॉनमी फेरम समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा किराज्य में पर्यावरण प्रबंधन केंद्र की स्थापना की गई है, ताकि कचरा प्रबंधन और रिसाइक्लिंग को ज्यादा प्रभावी तरीके से किया जा सके। साथ ही, ट्रीटेड वॉटर के उपयोग के लिए नई नीति तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों के जरिए नागरिकों को अनुपयोगी वस्तुओं के दान और पुनरुपयोग की सुविधा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राजस्थान में कचरा प्रसंस्करण की क्षमता को 21 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर इसके दोगुने से भी ज्यादा यानी करीब 45 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा है। वेस्ट-टू-



एनर्जी योजनाओं के तहत कंपोस्ट, आरडीएफ और जैविक उर्वरक उत्पादन पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एमआरएफ प्लांट्स के जरिए प्लास्टिक और रिसाइकल योग्य सामग्री को अलग कर ई-वेस्ट, बैटरी वेस्ट और खतरनाक कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों का दोहन लगभग 400 प्रतिशत बढ़कर 106 बिलियन टन के आंकड़े को भी पार कर चुका है। चिंता की बात यह है कि इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक संसाधन बर्बाद हो जाते हैं और केवल 8.6 प्रतिशत ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में वापस आ पाते हैं। यह स्थिति धरती को संकट में डाल रही है और जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि एवं प्रदूषण जैसी समस्याएं गहराती जा रही हैं।

### केन्द्र सरकार ने तैयार किया सर्कुलर इकॉनमी रोडमैप

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने इन समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता अभियान चलाया है। नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, सौर पैनल और कृषि अपशिष्ट जैसे 11 प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित सर्कुलर इकॉनमी रोडमैप तैयार किया गया है।

### राजस्थान ने की ग्रीन टेक्नोलॉजी और सतत् विकास में पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान ने ग्रीन टेक्नोलॉजी और सतत विकास में भी पहल की है। राजस्थान पहला राज्य है जिसने ग्रीन बजट पेश किया है और इसमें 27 हजार 854 करोड़ रुपये ग्रीन परियोजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 250 करोड़ रुपये के निवेश के साथ सर्कुलर इकॉनमी पार्क और स्वच्छ एवं हरित तकनीक विकास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सर्कुलर इकॉनमी इंसेंटिव स्कीम लेकर आएगी, जो एमएसएमई और स्टार्टअप्स को 2 करोड़ रुपये तक की सहायता देगी। इसके साथ ही राजस्थान व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी के माध्यम से पुराने वाहनों के निष्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। शर्मा ने कहा कि हम शून्य अपशिष्ट समाज का सपना साकार करने के लिए सर्कुलर इकॉनमी एलायंस नेटवर्क की स्थापना के जरिए सरकार, निजी क्षेत्र और शिक्षण संस्थानों के सहयोग को बढ़ावा देंगे।

### भारत सर्कुलर इकॉनमी के क्षेत्र में निभा रहा अग्रणी भूमिका

कार्यक्रम में केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि भारत सर्कुलर इकॉनमी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। थ्री आर (रिड्यूस, रियूज एवं रिसाइकल) आज की अर्थव्यवस्था की जरूरत औरपर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस फोरम में 'जयपुर घोषणा पत्र' के तहत सी थ्री के मापदण्डों पर बल दिया जाएगा। इसमें संसाधन कुशल और कम कार्बन उत्सर्जन वाले समाज को बढ़ावा देने में अगले दशक की दिशा निर्धारित की जाएगी। खट्टर ने कहा कि सिटीज 2.0 एक ऐसी अनूठी पहल है जो इन्टीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेन्ट और जलवायु परिवर्तन की दिशा में कार्यवाही को आगे बढ़ाती है। इसके तहत 14 प्रदेशों के 18 शहरों में समयबद्ध रूप से परियोजनाओं को लागू कर कचरा प्रबंधन संयत्र लगाने, कचरे से खाद, कचरे से ऊर्जा बनाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि सर्कुलर इकॉनमी को अपनाते हुए ही कोई भी देश आत्मनिर्भर बन सकता है। केन्द्र सरकार ने पंचामृत लक्ष्य, मिशन लाईफ जैसे अभियानों से जहां अपशिष्ट के रिसाइकिल एवं रिड्यूस को बढ़ावा दिया हैं वहीं इससे नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रहा है। कार्य म में जापान, यूएन, एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भी वीडियो संदेश के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय शहरी विकास कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड़, आंध्रप्रदेश और हरियाणा के शहरी विकास मंत्री, विभिन्न राज्यों के शहरी विकास विभागों के अधिकारीगण, नगरीय आयुक्त एवं महापौर उपस्थित रहे।

## बिहार विधानसभा

# तीन लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश

### महिलाओं का विकास हर क्षेत्र में होगा

**पटना।** बिहार में नीतीश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा में बजट पेश किया है। बिहार के लिए इस साल तीन लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बजट बिहार के गरीब, नौजवान, महिला, किसान, वृद्ध सभी की आकांक्षाओं का बजट है। बजट में महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की गई हैं। इसमें किसान और छात्रों से लेकर महिलाओं तक का विशेष ध्यान रखा गया है। महिला सिपाहियों के लिए आवासीय सुविधा और गरीब कन्याओं के लिए विवाह मंडप, बिहार में विकास और सम्मान की नई इबारत लिखी जा रही है। राज्य के सभी पंचायत में गरीब कन्याओं के विवाह के लिए राज्य सरकार के द्वारा कन्या विवाह मंडप का निर्माण कराया जाएगा। महिला हाट एवं पिंक टॉयलेट जैसी योजनाएं महिलाओं की अस्मिता और सुरक्षा में अहम साबित होंगी। बिहार के प्रमुख शहरों में महिला वाहन परिचालन प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिसमें प्रशिक्षक भी महिलाएं होंगी।

### बेगूसराय में खुलेगा कैंसर अस्पताल



#### पीएम-सीएम का जताया आभार

सम्राट चौधरी ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बिहार का बजट इस बार बढ़ा है। सम्राट चौधरी ने बिहार के निरंतर विकास के लिए सीएम नीतीश कुमार और पीएम मोदी का आभार जताया। सम्राट ने कहा कि पीएम मोदी ने बिहार को प्राथमिकता दी है।

#### स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष फोकस

बिहार में हेल्थ सेक्टर के लिए बड़ी घोषणाएं की गई हैं, जैसे कि राज्य सरकार जल्द ही बिहार फार्मास्युटिकल प्रमोशन पॉलिसी 2025 लागू करेगी। इससे मेडिकल क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा कैंसर के लिए नीतीश सरकार कैंसर केयर सोसाईटी की भी स्थापना करने वाली है। वहीं बेगूसराय में कैंसर अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा।

### एमएसपी पर होगी कुछ अनाजों की खरीद

#### किस विभाग को कितने रुपए

| | |
|---|---|
| स्वास्थ्य विभागः | 20335 करोड़ |
| शहरी और ग्रामीण सड़कः | 17908 करोड़ |
| गृह विभागः | 17831 करोड़ रुपये |
| ग्रामीण विकास विभागः | 16093 करोड़ |
| ऊर्जा विभागः | 13483 करोड़ |

#### एमएसपी पर होगी खरीद

राज्य सरकार द्वारा नेशनल कोऑपरेटिव कन्ज्यूमर फेडरेशन (एनसीसीएफ), नेफंड इत्यादि से समन्वय कर अरहर, मूंग, उड़द इत्यादि का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करते हुए क्रय किया जाएगा। राज्य के सभी अनुमंडलों एवं सभी प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना चरणबद्ध रूप से की जाएगी।

# आईआईटी बाबा पर केस

## जयपुर में बाबा के पास मिला गांजा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रयागराज महाकुंभ से सुर्खियों में आए आईआईटी बाबा उर्फ अभय सिंह के पास राजस्थान में मादक पदार्थ (गांजा) मिला है। इस मामले में जयपुर पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि, गांजा की मात्रा कम होने के चलते आईआईटी बाबा को गिरफ्तार नहीं किया गया है। डीसीपी साउथ जयपुर ने बताया कि पुलिस थाना शिप्रापथ जयपुर दक्षिण को पुलिस कंट्रोल से सूचना मिली थी कि एक होटल में अभय सिंह नाम का व्यक्ति सुसाइड करने की कोशिश कर रहा है। इस पर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो



होटल में अभय सिंह मिले। उन्होंने गांजे की एक पुड़िया निकालकर बताया कि मैंने गांजा का नशा किया था।

नशे में मैंने कोई सूचना दी हो तो इस बारे में मुझे कुछ याद नहीं है। इस पर पुलिस ने वो पुड़िया जब्त की। इसका वजन 1.50 ग्राम था। गांजा कम मात्रा में होने की वजह से बाबा जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## अयोध्या राम मंदिर को उड़ाने की साजिश

# ग्रेनेड के साथ आतंकी गिरफ्तार

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर को उड़ाने की साजिश चल रही थी। यह खुलासा गुजरात व हरियाणा एटीएस की टीम के




गिरफ्त में एक संदिग्ध आतंकी ने खुलासा किया है। जिसके बाद यूपी समेत गुजरात व हरियाणा में भी हड़कंप की स्थिति मच गई है। संदिग्ध को गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। उसने एटीएस को पूछताछ में बताया कि उसके टारगेट पर आयोध्या का राम मंदिर था। इतना ही नहीं, एटीएस ने पकड़े गए शख्स के पास से दो हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए हैं। संदिग्ध को गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने फरीदाबाद से एक जॉइंट ऑपरेशन में पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी का नाम अब्दुल रहमान है। वह यूपी के फैजाबाद जिला (अब अयोध्या) का रहने वाला है। खुलासे के बाद पुलिस चौकन्नी हो गई है। गुजरात एटीएस को इनपुट मिला था कि एक संदिग्ध व्यक्ति बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं और इस समय फरीदाबाद में है। इसके बाद गुजरात एटीएस हरियाणा के फरीदाबाद के लिए रवाना हुई, यहां उसने फरीदाबाद एसटीएफ की मदद ली, इसके बाद गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया और संदिग्ध को रविवार के दिन गिरफ्तार किया। संदिग्ध से आतंकी कनेक्शन को लेकर एटीएस पूछताछ अभी कर रही है।

# बढ़ती दिक्कतें: 'गूगल मैप' ने मौत की नींद सुला दी

### 30 फीट गहरे नाले में गिरी कार

### शादी समारोह में जा रहे थे स्टेशन मास्टर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंडावली के रहने वाले स्टेशन मास्टर भारत भाटी एक शादी समारोह में कार से जा रहे थे। उन्होंने 'गूगल मैप' लगा रखा था। पूरा मामला बीटा टू थाना क्षेत्र के पी 3 सेक्टर के पास का है, जब वह केंद्रीय विहार-2 सोसायटी के सामने से तेज रफ्तार से अपनी कार लेकर निकले, तो थोड़ा आगे चलकर रास्ता खत्म हो गया और नाला आ गया। अचानक उनकी कार उस गहरे नाले में जा गिरी। आसपास के लोगों ने पुलिस को



घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने अपने सिपाहियों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत करते हुए स्टेशन मास्टर को बाहर निकला और अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने स्टेशन मास्टर के पास आई कार्ड से पहचान की और हादसे की जानकारी परिजनों को दी।

# परशुराम सेवा संस्थान ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** परशुराम सेवा संस्थान की ओर से मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी मोहित कासनिया को राजस्थान सरकार द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा में ब्राह्मण अभ्यर्थियों को जांच के नाम पर यादनपति; जनेऊ उतरवाने के बाबत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार एवं राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा समय-समय पर भर्ती परीक्षा आयोजन की जाती है। जिसमें जांच के दौरान ब्राह्मण अभ्यर्थियों से अधिकारियों द्वारा जनेऊ को जांच के नाम पर उतरवाया जाता है जो की बहुत ही गलत असामान्य है। किसी भी प्रकार का कोई संदेह नहीं होता है एवं उक्त भर्ती परीक्षा एवं उनके परीक्षार्थियों की जांच के नाम पर ब्राह्मण प्रतिभागियों से जनेऊ न उतरने के है उक्त प्रतियोगिता में अपमान महसूस होता है तथा उनके धारण करने के बाद कभी नहीं उतराई जाती है। सिर्फ मृत्यु के पश्चात ही रिश्तेदारों द्वारा ही उतारी जाती है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार एवं राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में ब्राह्मण अभ्यर्थियों को जनेऊ नहीं उतरने के लिए नियम बनाए जाए उक्त नियम का विशेष रूप से उल्लेख अनिवार्य रूप से पालन किया जाए इस दौरान परशुराम सेवा संस्थान भीनमाल के अध्यक्ष महेश दवे सचिव संकेत बोहरा, जयेश दवे, धीरज बोहरा परमानंद दवे, एडवोकेट रवि कुमार बोहरा, एडवोकेट गोपाल लाल नागर, नगराज पुरोहित, नंदकिशोर दवे, निरंजन व्यास, दिनेश बोहरा, सुरेश बोहरा, प्रकाश शर्मा प्यारेलाल व्यास, रवि ठाकुर, कैलाश बोहरा, मुकेश बोहरा अशोक दवे, चिराग बोहरा, निलेश दवे, शैलेश दवे, मुकेश जोशी, हितेश ठाकुर, महेश बोहरा, सुरेश बोरा, अश्विन त्रिवेदी, शेखर मनीष दवे, सचदेवा बोहरा सहित सैकड़ो ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

# लंबित प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारण करें : जिला कलक्टर

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 90 दिवस से अधिक लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय



गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के संतुष्टिपूर्वक समाधान करने के उपरांत परिवादियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लेने की बात कही। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंगारिया, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, कोषाधिकारी भूपेन्द्र मकवाना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय उन्नत राजस्थान-उन्नत जालोर प्रदर्शनी छह से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** सांसद लुम्बाराम चौधरी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्था 'प्रयास' के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 8 मार्च तक गिठाला रिसॉर्ट, मोहन प्याऊ, जालोर में सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक तीन दिवसीय उन्नत राजस्थान-उन्नत जालोर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं, स्टार्टअप अवसरों, कृषि और रक्षा अनुसंधान, स्वास्थ्य एवं आयुष, खाद्य सुरक्षा और खादी उद्योग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराना है।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज व कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** स्वस्थ राष्ट्र, समृद्ध राष्ट्र थीम के तहत 'जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 4 व 5 मार्च को 'पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जालोर के खेल मैदान में किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी राजेंद्र जाखड ने बताया की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 'कबड्डी एवं रस्साकस्सी जैसी सामूहिक प्रतियोगिताओं में 'ब्लॉक स्तर की प्रथम विजेता टीमें भाग लेगी। इसके अलावा 'एथलेटिक्स ( 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़)' में 'लड़कों एवं लड़कियों की श्रेणी में ब्लॉक स्तर के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी' हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों एवं संबंधित सहयोगियों को प्रातः 10 बजे पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जालोर में उपस्थिति देनी होगी।

# वैश्विक नारी शक्ति शिरोमणि अवार्ड से सम्मानित होगी भट्ट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** जयपुर में दुनिया का पहली बार अंतराष्ट्रीय समरसता मंच अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या 7 मार्च को जयपुर में वैश्विक नरी शक्ति सम्मेलन में कम स्थल से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन



कर अनवरत परिश्रम का प्रतिभा चयन समिति संयोजक जम्मू द्वीप पदमश्री अवार्ड से सम्मानित बौद्ध धर्म के धर्मगुरू लामा छछायों की अनुशंसा पर श्रीमती अंजु भट्ट समाज नारी शक्ति जिलाध्यक्ष जालोर राजस्थान का नेपाल सरकार के तीन केन्द्रीय गृहमंत्री, पूर्व विदेश मंत्री उपेन्द्र यादव सम्मानित करेंगे। मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि वैश्विक नई सम्मेलन में 192 राष्ट्र का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। वैश्विक नारी शक्ति शिरोमणी अवार्ड में 22 राष्ट्रों की प्रतिभाओं का सम्मान में श्रीमती अंजु भट्ट का भी अभिनंदन किया जाएगा। सम्मेलन को राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि संबोधन देंगी। सम्मेलन में मुख्य आकर्षक अंतराष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से 45 करोड़ देवदूतों का प्रयागराज महाकुंभ 2025 में चरण वंदन चरण प्रक्षालन का प्रतिवेदन संयुक्त राष्ट्र संघ को विश्व में शांति पंचशील सिद्धांत रहेगा। प्रतिवेदन नेपाल सरकार भारत सरकार के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र को वसुदेव कुटुम्बकम के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा योजना के तहत खाद्यान्न वितरण की अवधि 10 मार्च तक बढ़ाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत जिले में फरवरी माह में खाद्यान्न से वंचित रहे उपभोक्ताओं को अब मार्च माह में दोनों माह का वेतन मिलेगा।जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि फरवरी माह में आवंटित खाद्यान्न तकनीकी समस्याओं के कारण पूर्ण रूप से वितरण नहीं हो पाया था। ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए माह फरवरी 2025 के शेष रहे उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण करने की अवधि 10 मार्च तक बढ़ाई गई है।

## पात्र परिवारों को मिलता है गेहूं

खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े परिवारों को हर माह राशन की दुकान पर प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं निःशुल्क मिलता है। वही अंत्योदय सहित अन्य योजना के लाभांवितों को प्रति कार्ड 35 किलो गेहूं प्रति महीने दिया जाता है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत माह फरवरी, 2025 के शेष रहे उपभोक्ताओं को 10 मार्च तक दो महिने का गेहूं एक साथ वितरित किया जाएगा।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया श्रमदान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** नेहरू युवा केन्द्र जालोर एवं युवा कार्यं म खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा मंडल के युवाओं ने गांवड़ी ग्राम में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों-शीतला माता मंदिर प्रांगण, जीएसएस परिसर, राजकीय स्कूल प्रांगण पर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता ही सेवा जागरूकता संबंधी पोस्टर भी लगाएं। इस अवसर पर नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुमार, सचिव जबराराम, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष राजु राम, सदस्य मेवाराम, बगाराम, तिलोकचंद सहित कई युवा एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# 43 ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री शिविर आज

**यूनिक आईडी से ही किसानों को मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिससे किसानों को अब 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी मिलेगी। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत जालोर जिले में 4 मार्च, मंगलवार को देबावास, वेडिया, देच्छू, गोदन, आंवलोज, आलासन, नरसाणा, डांगरा, बाला, सुगालिया जोधा, उनड़ी, तिलोड़ा, तुरा, वालेरा, पुनगकलां, बासड़ाधनजी, पावली, सेरणा, नरसाणा, वाडाभाडवी, राउता, सोबडावास, सेवड़ी, वाडा नया, बागोड़ा, नवापुरा ध्वेचा, नया मोरसीम, जेरण, दासपां, जेतू, नोहरा, मेडा, सिलासन, करवाड़ा, कागमाला, गोलासन, सांकड़, हाडेतर, हरियाली, झाब, खासरवी, सेसावा व रामपुरा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस यूनिक आईडी नंबर के आधार पर किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यूनिक फार्मर आईडी नंबर नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सकेगा। खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण करना आसान होगा। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। किसानों को कल्याण की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन या रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ेगा।

# सांवरिया सेठ मंदिर का वार्षिकोत्सव आज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भगवान सांवरिया सेठ मंदिर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जिसको लेकर सोमवार शाम को झालरावाव स्थित सेनजी महाराज मंदिर तक सांझी लाई गई। जितेन्द्र सेन ने बताया कि वार्षिकोत्सव को लेकर सेन गली से सांवरिया सेठ मंदिर तक मेहंदी, गुड व भगवान की पोशाक लाई गई। इसमें सेन समाज में हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। मंगलवार को कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

# शैतानसिंह बने विहिप के विभाग मंत्री, किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** विश्व हिन्दू परिषद जोधपुर प्रांत की दो दिवसीय बैठक नागौर जिले में खींवसर के पांचला सिद्धा में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के संयुक्त केंद्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन, क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम, क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विजयानंद, प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी व प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल का मार्गदर्शन मिला। वहीं प्रयागराज में आयोजित केंद्रीय बैठक में लिए गए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। संगठन विस्तार को लेकर दायित्वों की घोषणा की गई। जिसमें पाली विभाग के विभाग मंत्री का दायित्व शैतानसिंह बिरोलिया को दिया गया। वहीं बाली जिला मंत्री रतनपुरी गोस्वामी श्रीसेला की घोषणा की गई। सुमेरपुर के विहिप कार्यालय पर सोमवार को नवनियुक्त विभाग मंत्री शैतानसिंह बिरोलिया व जिला मंत्री रतनपुरी श्रीसेला का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बजरंगदल जिला संयोजक श्रीपालसिंह देवड़ा, जिला संगठन मंत्री वि' ांतसिंह, बाली नगर उपाध्यक्ष शैतानपुरी गोस्वामी, प्रखंड संयोजक प्रकाश वैष्णव, वि' म कुमावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए 9 मार्च तक करें आवेदन

**विजेताओं को मिलेगा राज्य विधानसभा और देश की संसद में विचार रखने का मौका**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यं म में भाग लेने के लिए 18 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। जिला युवा अधिकारी राजेंद्र जाखड ने बताया कि यह कार्यं म जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है। विषय पर 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। इस विषय पर आने वाले वीडियो में से 150 उत्कृष्ट वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके बाद चुने गए 150 प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इन प्रतिभागियों में से 10 विजेताओं का चयन निर्णायक मंडल द्वारा राज्य स्तरीय कार्यं म के लिए किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यं म में से तीन विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय कार्यं म के लिए किया जाएगा। जिन्हें राष्ट्रीय संसद नई दिल्ली में अपने विचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद-2025 के आयोजन के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय सिरोही को नोडल महाविद्यालय के रूप में नामित किया गया है। कार्यं म का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय सिरोही और नेहरू युवा केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। जिसमें जिला जालोर व सिरोही के समस्त सरकारी व निजी महाविद्यालय सम्मिलित होंगे।

# एक जिला एक उत्पाद के तहत 'येलो स्टोन' का चयन

▸ पात्र परियोजना लागत पर मार्जिन मनी अनुदान की मिलेगी सहायता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** प्रदेश के सभी जिलों में एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित उत्पादों के आधार पर राज्य को एक एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 8 दिसम्बर, 2024 को एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 अधिसूचित की गई है। जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक संतोष कुमारी ने बताया कि इसके तहत जैसलमेर जिले का येलो स्टोन ( पीला पत्थर ) का चयन किया गया है। इस योजना में एक जिला एक उत्पाद से संबंधित नवीन मुख्य प्रावधान भी किए है। उन्होंने बताया कि येलो स्टोन के उत्पाद से संबंधित नवीन सूक्ष्म उद्यमों को 25 प्रतिशत ( अधिकतम 15 लाख ) एवं लघु उद्यमों को 15 प्रतिशत ( अधिकतम 20 लाख ) तक पात्र परियोजना लागत पर मार्जिन मनी अनुदान सहायता का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार उत्पादों के विपणन से संबंधित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने पर स्टॉल रेंट अनुदान व आवागमन के लिए अधिकतम 2 लाख तक की सहायता भी देय होगी।

# भौकाल अभियान के तहत वांछितों को किया गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** पुलिस विभाग के भौकाल अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अलग अलग थानों की ओर से कार्रवाई कर वांछितों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी तेजूसिंह ने बताया कि बलात्कार के वांछित आरोपी मोदरा निवासी राजेन्द्र कुमार उर्फ राजुराम पुत्र परखाराम मेघवाल को आसूचना एवं मुखबिरी के आधार पर गिरफ्तार किया। उधर अभियान के तहत सांचौर थाने में दो हजार का ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह कच्छवाह ने बताया कि थानाक्षेत्र में लम्बे समय से फरार वांछित 2000 रुपए के ईनामी अपराधी कबुली की ढाणी गुन्दाऊ करडा निवासी नरपतलाल उर्फ नरेशकुमार उर्फ लवली को सोमवार को गिरफ्तार किया।

## गार्डन में हुक्का पिलाना भारी पड़ा

भौकाल अभियान के तहत सांचौर पुलिस ने एक गार्डन की छत पर तम्बाकू युक्त फ्लैवर चिलम मे डालकर हुक्का पिलाने के आरोप में तीन जनों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह कच्छवाह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की सांचौर के प्रतिष्ठित करमा गार्डन एवं रेस्टोरेंट मे तीन व्यक्ति शादी समारोह के लिए थे। जहां गार्डन में खान पान की सामग्री के साथ हुक्का पिलाया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो करमा गार्डन की पांच मजिल इमारत की छत पर टेंट लगा गुप्त एवं अवैध रूप से तम्बाकू युक्त फ्लैवर चिलम मे डालकर हुक्का पिलाते हुए आरोपी फकरपूर उत्तरप्रदेश निवासी काशीम अली पुत्र मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद सादिर पुत्र साबिर अली तथा झारखंड निवासी मोहम्मद मजलूम अंसारी पुत्र जिबरईल अंसारी को गिरफ्तार किया। मौके से तम्बाकू युक्त फ्लैवर सामग्री, हुक्का पाईप, इलैक्ट्रीक सिगड़ी बरामद की गई।

# गृहकर एक मुश्त जमा करवाने पर मिलेगी छूट

**जमा नहीं करवाने पर पालिका जारी करेगी नोटिस**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के निर्देश पर गृहकर में सम्पूर्ण बकाया गृहकर आवासीय, व्यवसायिक भूखण्ड व भवनों का एक मुश्त जमा कराने पर मूल गृहकर की राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत छूट तथा नगरीय विकास कर वर्ष 2023-24 तक का एक मुश्त नगरीय विकास कर की राशि जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत छूट मिलेगी। इओ नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिन प्रकरणों में वर्ष 2011-12 से पूर्व का नगरीय विकास कर बकाया है, उन प्रकरणो में एक मुश्त जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में शास्ति की छूट के साथ मूल बकाया में 50 प्रतिशत की छूट दिनांक 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड/भवनो का लाखो रुपए का गृह एवं नगरीय विकास कर बकाया है। उक्त भूखण्ड/भवन मालिकों को बार-बार राशि जमा करवाने का नोटिस देने के उपरान्त भी बकाया कर जमा नही करवाया जा रहा है। जिससे पालिका प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड/भवन मालिकों को तीन दिवस में राशि जमा करवाने के लिए सीज नोटिस जारी किया जाएगा। जिनके द्वारा बकाया गृह व नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं करवाने पर नोटिस प्राप्ति के 3 दिवस पश्चात सीज की कार्यवाही की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबधित की रहेगी।



# विद्यालय का मनाया वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** यूनिक चिल्ड्रन एकेडमी सुमेरपुर में शनिवार रात वार्षिक समारोह डॉ. अनीता राजपुरोहित, डॉ. राकेश राजपुरोहित, डॉ. अनुपमलता, डॉ. महिपालसिंह एवं अनूपसिंह राठौड़ के सानिध्य में उत्साह से मनाया गया।

सभी नन्हे मुन्ने बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यं म में रविंद्र त्रिवेदी, पूनमसिंह परमार, रविकांत रावल, मुकेश सोनकारिया, डॉ. मनोहरसिंह, भंवरसिंह परमार, दलबीरसिंह चौहान, महेंद्र माली, कैलाशकुमार, जगदीश सुथार, गजेंद्रसिंह राठौड़, बस्तीमल लोहार आदि मौजूद थे।

# पीएम कुसुम योजना में लक्ष्य किया असीमित

## कोई भी पात्र किसान कर सकेगा आवेदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** प्रदेश में किसानों के लिए उद्यानिकी विभाग की ओर से चल रही पीएम कुसुम योजना में बड़ा बदलाव किया है। किसानों बड़ी समस्या का समाधान करते हुए इस योजना में पहले तय लक्ष्य को अब खत्म कर दिया गया है। अब कोई भी पात्र किसान बिना सीमा के आवेदन कर सकता है। अर्थात पहले योजना में लाभ के लिए लक्ष्य निर्धारित था, लेकिन अब उसे असीमित कर दिया है। संशोधित गाइडलाइन के अनुसार पीएम कुसुम योजना के तहत अब कोई भी पात्र किसान आवेदन कर सकता है। इस योजना में किसानों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सौर ऊर्जा पंप संयंत्रों पर अनुदान मिलेगा।



### » किसान को मिलेगा 60 फीसदी अनुदान

पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों के लिए उपयोग में आने वाले तीन, पांच, साढ़े सात और दस एचपी पंपों पर 60 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। इसके अलावा एससी-एसटी वर्ग के किसानों को प्रति पंप अतिरिक्त अनुदान मिलेगा।

### » स्वयं के नाम 0.4 हेक्टेयर भूमि अनिवार्य

पीएम कुसुम योजना में लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ता किसान के स्वयं के नाम 0.4 हेक्टेयर भूमि होनी चाहिए। योजना के तहत आवेदन किसान साथी या किसान सुविधा ऐप पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन करते समय किसान को जनाधार कार्ड, छह माह की अवधि में बनी भूमि की जमाबंदी, सिंचाई जल स्त्रोत तथा कृषि विद्युत नहीं होने का शपथपत्र होना चाहिए।

### » योजना का प्राथमिक से दे रहे लाभ

योजना के लक्ष्य असिमित कर दिया है। सिरोही जिले में 1400 सौर पंपों का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें 1145 के लगभग स्वीकृतियां भी जारी कर दी गई हैं। किसानों की ओर से आवेदन आते ही उसको जल्द से जल्द लाभ देने के प्रयास किए जा रहे है।

*डॉ हेमराज मीणा, उपनिदेशक, उद्यान विभाग सिरोही।*

# अज्ञात चोरों ने तीन मंदिरों को बनाया निशाना, पीछे की दीवार से प्रवेश कर दिया वारदात को अंजाम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** रिढ़ुआ पुरोहित समाज चामुंडा माता मंदिर व पास में स्थित घांची समाज खीमज माता मंदिर में डेढ़ महीने में चोरों ने दूसरी बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूर्व में भी 20 जनवरी मध्य रात्रि को इन्हीं दो मंदिरों में चोरी की वारदात हुई थी। जिसको लेकर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। लेकिन उसका भी कोई सुराग नही लगा। जिसके बाद चामुण्डा माताजी मंदिर में जब सोमवार सुबह पुजारी पूजा करने के लिए पहुंचा तो बाहर से ताला लगा हुआ था। लेकिन, अंदर से कुंडी बंद थी। इसके बाद देखा तो अंदर भी ताले टूटे हुए नजर आए और चामुंडा माता मंदिर में पूरा सामान बिखरा हुआ पड़ा था ओर कुछ सामान भी चोरी हुआ। खीमज माता मंदिर के बाहर के ताले तोड़े लेकिन, वहां पर चोरी का प्रयास विफल रहा। बताया जा रहा है कि मंदिर के पीछे से अज्ञात चोर मंदिर में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सूचना के बाद रेवदर एएसआई भरत कुमार, दांतराई कांस्टेबल हरीसिंह, हुकमाराम भी मौके पर पहुंचे ओर चोरी वारदात का मौका मुआयना किया।



### लोग जागे तो भागे चोर

हरणी अमरापुरा स्थित हरिया माता मंदिर में भी रविवार मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात का प्रयास किया। लेकिन, आसपास में निवास करने वाले लोगों द्वारा जागने पर वहां से फरार हो गए। हालांकि चोरी की वारदात के बाद वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरा में वारदात कैद हुई। जिसमें चार चोर मंदिर में प्रवेश करते हुए नजर आए। चोरों द्वारा मंदिर में रखा भंडारे के तालों को तोड़कर चोरी का प्रयास किया। लेकिन, चोरी की वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाए। सीसीटीवी में केद चारों चोर मुंह पर पर कपड़ा बांधे दिखे ओर कुछ संदिग वस्तुएं भी पुलिस को मिली है। जिसको लेकर भी पुलिस जांच में जुटी हुई है।



### दर्जनों चोरी की वारदात, नहीं हुआ खुलासा

दांतराई कस्बे में पिछले कुछ सालों के आंकड़े देखे जाए तो दर्जनों चोरी की वारदातों को अज्ञात चोर अंजाम दे चुके हैं। जिसको लेकर मामला दर्ज करवाने के बाद भी चोरी की वारदातों का खुलासा आज दिन तक नहीं हो पाया है। जिसके चलते अब ग्रामीणों में खासा रोष नजर आ रहा हैं। वहीं लोगों में भी वह का माहौल व्याप्त होता दिख रहा है। गांव में चोरी की वारदातों के बाद अब माहौल इस तरह का बन चुका है कि सामान चोरी होने के बाद वापस मिलने की उम्मीद भी ग्रामीण खो देते हैं।

# आलू के दाम जमीन पर, मुश्किल में किसान, आमजन को राहत,

**कोल्ड स्टोरेज निर्माण की मांग कर रहे किसान, ताकि फसल बेचने नहीं जाना पड़े गुजरात**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** क्षेत्र में हर साल की तरह इस साल भी आलू की बंपर बुवाई हुई थी। पिछले साल की तुलना इस साल किसानों ने एक हजार हैक्टेयर से भी ज्यादा बुवाई की थी। ज्यादा बुवाई होने तथा बीच में मावठ के कारण फसल तैयार होते ही भाव अभी से गिरने शुरू हो गए है। मंडियों में 9 से 10 रुपए किलो से बेचा जा रहा है। जिसकी किसानों को अभी से चिंता सवार जा रही है। किसानों ने महंगे दामों बीज खरीद बंपर बुवाई कर दांव आजमाया था। गुजरात जाकर बेचने पर परिवहन खर्च भी नहीं निकल पाता। ऐसे में किसानों की मांग है कि मंडार में कृषि मंडी के साथ ही कोल्ड स्टोरेज भी खोला जाए। ताकि किसानों को राहत मिले। मंडार क्षेत्र में सबसे ज्यादा मूंगफली, टमाटर, अरंडी, सौंफ के साथ आलू की बम्पर पैदावार होती है। जिससे क्षेत्र में बंपर उत्पादन की संभावना जताई जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारी पूराराम चौहान ने बताया कि क्षेत्र में करीब पांच हजार हैक्टेयर से



भी अधिक आलू की बुवाई की गई थी। जो पिछले साल की तुलना में 1000 हैक्टेयर ज्यादा है। किसान नेता सुजानसिंह देवड़ा वडवज ने बताया कि पहले बीज 9 से से 8 रुपए किलो में बिक रहे। इस बार 25 से 30 रुपए किलो भाव से खरीदा। भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष मावाराम चौधरी ने बताया कि आलू की फसलें तैयार होने के बाद अब बाजार में आलू आना शुरू हो चुके हैं। मंडियों में वर्तमान में 9 से 10 रुपए प्रति किलो भाव मिल रहा है। मंडी संचालक शांतिलाल चौधरी ने बताया कि अधिकतर किसान मंडियों में आलू बेचने के बजाय कॉल्ड स्टोरेज में जमा करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं, क्योंकि कम भाव होने से पूरा दाम नहीं मिल रहा है। किसान कानाराम घांची, कालूराम घांची, हिरसिंह बीका,भलाराम चौधरी, उत्तम चौधरी, कैलाश कुमार चौधरी, मुकेश माली, बलवंत माली,दिनेश मोदी,रावताराम व मंडी संचालक शांतिलाल चौधरी ने बताया महंगे दाम पर बीज खरीद कर बुवाई करते हैं। उपज होने पर कीमत घट जाती है।

# मनाया मंगलकामना दिवस



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करोटी।** राज चिल्ड्रन एकेडमी सेकंडरी स्कूल असाव में सोमवार को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने को लेकर मंगलकामना दिवस का आयोजन किया गया । प्रधानाचार्य अभिषेक बटेसर और शिक्षक कैलाश दान चारण ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों का सम्मान किया। । प्रधानाचार्य बटेसर ने बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि परीक्षा में कड़ी मेहनत और लगन से अच्छे अंक हासिल कर अपने स्कूल, गांव, माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन करें । एक अच्छा विद्यार्थी ही अच्छे समाज का निर्माण करता है। इसलिए जीवन में ऐसे काम करें जिससे परिवार और स्कूल को आप पर गर्व महसूस हो। शिक्षक कैलाशदान, लक्ष्मणलाल, सत्येन्द्र योगी, श्रीचंद बाटड, महेन्द्रसिंह देवड़ा, मानाराम, जेताराम चौधरी, जयंतीलाल, डिम्पल सेन, ललिता परिहार, खेताराम वाघेला ने सम्बोधित किया। संचालन कैलाश कंवर ने किया। जितेन्द्र संत, माही सोनी, ट्विंकल कंवर, सारिका कंवर सहित विद्यार्थी मौजूद रहे ।



**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में कक्षा दशमी के विद्यार्थियों का मंगल कामना दिवस का आयोजन किया गया। शुभारंभ डॉ.रविराज प्रजापति, संस्था प्रधान गमनाराम कुम्हार, प्रबंध समिति व्यवस्थापक रणजीतसिंह परिहार ने किया। सभी ने बच्चों का सम्मान कर मंगलकामना का आशीर्वाद दिया। संस्था प्रधान कुम्हार ने सभी भैया बहनों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी प्राथमिक प्रभारी रमेश कुमार चौधरी, प्रबंध समिति सदस्य बलवंत माली, हमीराराम, कुलदीप रामपुरा, विद्या मंदिर के आचार्य कांतिलाल, सुरेश कोली,योगेश रावल, जितेंद्र कोली, आचार्या पुष्पा कंवर आदि मौजूद थे।

# जीएसएस के लिए आवंटित भूमि को निरस्त करने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** कैलाशनगर के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित एवं जिला कलक्टर अल्पा चौधरी को ज्ञापन देकर राजस्व ग्राम भागलीखेडा के खसरा संख्या 555 व 522 में पंचायत की बिना अनुमति के सोलार जीएसएस के लिए आवंटन भूमि को निरस्त करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि कैलाशनगर चक प्रथम में खसरा संख्या 522 व पास ही राजस्व ग्राम भागलीखेडा के खसरा संख्या 555 में करीब 900 बीघा बंजर भूमि आई हुई है। जहा पर पूर्व में सोलार जीएसएस को बनवाने के लिए भूमि को छोड़कर पंचायत की बिना अनुमति के स्थानांतरित किया गया है। जिसका ग्राम पंचायत कैलाशनगर एवं ग्रामीण विरोध कर रहे है। भागलीखेडा एवं उसके पास वाली भूमि पूरे गांव के गायों और पशुओं के लिए विचरण एवं चारागाह के उपयोग में आती है। ऐसे में यहां सोलार जीएसएस बनता है तो गांव के मवेशियों के लिए चरने के लिए परेशानी होगी। ऐसे में खसरा संख्या 522 की भूमि को पंचायत की बिना अनुमति के आवंटन को सात दिन में निरस्त नहीं किया जाता है तो ग्राम पंचायत कैलाशनगर एवं ग्रामीण आठ्वे दिन भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी। इस दौरान सरपंच तेजाराम मीणा, पूर्व सरपंच विशनसिंह देवड़ा, पूर्व उपसरपंच गंगासिंह, श्रवणसिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, गणपतसिंह देवड़ा, पूर्व सरपंच प्रभाराम मेघवाल, दिलीपसिंह देवड़ा, राजाराम मेघवाल, अमराराम देवासी, घोपाराम चौधरी, करमीराम देवाली, कपूराराम पुरोहित, मोहनसिंह, लसाराम देवासी, हमीर देवासी, भरतसिंह, खेताराम चौधरी, पकाराम मेघवाल, वार्ड पंच रमेश मेघवाल, ईश्वरसिंह, आसाराम, उकाराम सुआरा, अगाराम लुहार, कानाराम देवासी आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चढ़ावों का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** डोडूआ के पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा चढ़ावा का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष जगदीशसिंह देवड़ा ने बताया कि हड़मतसिंह देवड़ा, प्रतापसिंह देवड़ा की देखरेख में ग्रामीणों ने एक जाजम पर बैठकर चढ़ावों में भाग लिया। मीडिया प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवड़ा ने बताया कि पंचमुखी हनुमान संचालन कमेटी द्वारा चढ़ावा बोलने वाले भामाशाहों का स्वागत किया। तीन दिन तक कार्यक्रम में भजन कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। महेन्द्रसिंह देवड़ा, रणजीतसिंह देवड़ा, केपीसिंह देवड़ा, वागसिंह, मोतीसिंह, सवाराम, गमनाराम माली, जेठमल, देवाराम, वीसाराम, दरगाराम, छगनलाल, वागाराम देवासी, नारायण त्रिवेदी, अचलाराम, मेहुल रावल, ललित, सोनी कुइयाराम, जगदीश कुमार एवं रमेश भाई हरिजन आदि उपस्थित थे।

### भाकिस पदाधिकारियों ने संभाग स्तरीय बैठक में लिया भाग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करोटी।** भारतीय किसान संघ संभाग पाली का स्नेह मिलन कार्यक्रम एक निजी होटल में आयोजित किया गया। संभाग मंत्री सुजानसिंह वडवज ने बताया कि बैठक में भाकिसं प्रांत संगठन मंत्री हेमराज को जोधपुर प्रांत के अलावा दो और राज्यम बिहार एवं झारखंड की जिम्मेदारी देने पर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि जोधपुर प्रांत भारत में अलग पहचान बनाई है। प्रदेश महामंत्री तुलसाराम सिवर, प्रांत मंत्री नरेन्द्रसिंह धुरासनी, संभाग अध्यक्ष मोडाराम पटेल, संभाग अध्यक्ष सुजानसिंह वडवज, सिरोही जिलाध्यक्ष मावाराम चोधरी, जालोर जिलाध्यक्ष रतनसिंह, खिमसिंह, पाली जिलाध्यक्ष जोधाराम पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष सोमाराम चौधरी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान जिले के सिरोही जिलाध्यक्ष मावाराम चोधरी, जिला मंत्री उत्तमसिह राठोड़,जिला उपाध्यक्ष जब्बरसिंह, गणपतसिंह, रामसिंह, बाबूलाल कोली, मंडार तहसील अध्यक्ष भंवरलाल माली, मोहनसिंह राजपुरोहित, पिंडवाड़ा तहसील अध्यक्ष जयन्तिलाल पटेल रेवदर तहसील मंत्री मोहन पुरोहित, शिवगंज तहसील अध्यक्ष जगाराम, उपाध्यक्ष मालाराम आदि ने भाग लिया।

### बैठक में विकासोन्मुखी बजट के लिए जताई खुशी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** कैलाशनगर में मंडल भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित की अध्यक्षता एवं समाजसेवी विशनसिंह देवड़ा की उपस्थिति में आयोजित की गई। पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेशराम पुरोहित, वरिष्ठ कार्यकर्ता नाथूराम, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गणेशराम फोदर आदि वरिष्ठगण उपस्थित थे। सभी ने राजस्थान के सपनों को साकार करने वाले बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी का आभार जताया और मिठाइयां बांटी और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। सभी ने सांसद लुंबाराम चौधरी, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी का आभार जताया। मंडल अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, नाथूराम पुरोहित, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गणेशराम फोदर, श्री देशाराम, मंडल उपाध्यक्ष भंवरलाल राजगुरु, अशोकराम, कालुसिंह देवड़ा, भंवरसिंह भोपाजी, कपूराराम पुरोहित, जीतू भाई पुरोहित, प्रवीणभाई लोहार, अजयराज पुरोहित, भवरसिंह देवड़ा, मिश्रीमल रावल, मदनसिंह दहिया आदि मौजूद थे।



# अबू आजमी पर दर्ज हो देशद्रोह का केस : शिंदे

▶▶ सपा नेता ने की औरंगजेब की तारीफ

▶▶ महाराज का अपमान किया, वह महान कैसे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने औरंगजेब की तारीफ करते हुए उन्हें ग्रेट राजा बताया। औरंगजेब के समय में भारत सोने की चिड़िया था। औरंगजेब की कब्र खोदने की बात करने वाले भाजपा नेता साम्प्रदायिक सौहार्द खराब कर रहे हैं। मुसलमानों को दबाया जा रहा है। 'मैं औरंगजेब को क्रूर शासक नहीं मानता हूं। उसने अपने शासनकाल में कई हिन्दू मंदिर बनवाए। औरंगजेब के शासनकाल को देखकर ही अंग्रेज भारत आए थे। औरंगजेब एक इंसाफ पसंद बादशाह था'। अबु आजमी के इस बयान को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। वहीं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि सपा नेता की हिम्मत कैसे हुई औरंगजेब की तारीफ करने की। जिसने हमारे महाराज को तकलीफ दी। वो कैसे बड़ा और महान हो सकता है।

### यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने की गिरफ्तारी की मांग

शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि अबु आजमी ने औरंगजेब की तारीफ की है। ये हमारे महाराज का अपमान है। अबु आजमी ने जो कहा है या और कोई जो महाराज के खिलाफ कह रहे हैं। उनके खिलाफ केस हो लेकिन कब होगा भाजपा की सरकार है।

### 'शर्म आनी चाहिए अबू आजमी को': राम कदम

बीजेपी नेता राम कदम ने कहा कि अबु आजमी को शर्म आनी चाहिए। अबु आजमी को थियेटर में जाकर छावा फिल्म देखना चाहिए और इसिहास पढ़ना चहिए। आजमी जिसे ग्रेट राजा बोल रहे हैं। उसने हमारे संभाजी राजा को कितनी बेरहमी से मारा। उन्हें जेल में डाला।

## लातूर में बस पलटी 20 घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर शहर के नजदीक नंदगांव के पास सोमवार की दोपहर करीब 2:30 बजे अहमदपुर लातूर की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस अहमदपुर से लातूर आ रही थी। जैसे ही बस नंदगांव के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने बस को डिवाइडर पर चढ़ा दिया। इसी दौरान भयानक हादसा हो गया और बस पलट गई। इस हादसे में 20 से 25 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए लातूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

धनंजय मुंडे ने दी कोर्ट के आदेश को चुनौती

# जब शादी नहीं तो गुजारा भत्ता क्यों

▶▶ कोर्ट ने दिया था गुजारा भत्ता देने का आदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे और करूणा मुंडे के रिश्ते की बात कोर्ट तक पहुंच गई है और कोर्ट ने धनंजय मुंडे को आदेश दिया है कि वो करूणा मुंडे को गुजारा भत्ता दें। कोर्ट के उस अंतरिम आदेश के खिलाफ धनंजय मुंडे ने सत्र अदालत में याचिका दायर की है जिसके तहत उन्हें उनकी पहली पत्नी होने का दावा करने वाली महिला को गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने अपनी याचिका में दोहराया कि उनकी करुणा मुंडे से कभी शादी नहीं हुई तो गुजारा भत्ता कैसा। करुणा उनकी पहली पत्नी होने का दावा करती हैं।



### ▶▶ याचिका में दो बच्चों का जिक्र

याचिका में कहा गया है कि इस रिश्ते से उनके दो बच्चे पैदा हुए और धनंजय मुंडे ने बच्चों के केवल आधिकारिक दस्तावेज में इस्तेमाल करने के लिए अपने नाम और उपनाम का इस्तेमाल करने की अनुमति दी। इसके साथ ही प्रतिवादी को नेता की मौजूदा शादी के बारे में पूरी जानकारी थी लेकिन उन्होंने उनके साथ स्वेच्छा से संबंध बनाने का फैसला किया।

### बांद्रा मजिस्ट्रेट ने स्वीकार की थी याचिका

बांद्रा मजिस्ट्रेट की अदालत ने चार फरवरी को करुणा की अंतरिम याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया था और धनंजय मुंडे को अंतरिम गुजारा भत्ते के रूप में करुणा को 1.25 लाख रुपए प्रति माह और उनकी बेटी को 75,000 रुपए प्रति माह देने का निर्देश दिया था। करुणा ने 2020 में धनंजय मुंडे के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था और अदालत ने अभी तक मुख्य याचिका के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया है। मजिस्ट्रेट ने अंतरिम आदेश में कहा था कि धनंजय मुंडे ने अपनी पहली पत्नी के साथ 'प्रथम दृष्टया' घरेलू हिंसा की।

विनो की नई पहल

## रसोई का सामान किफायती दामों में



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए वीएनएनओ (विनो) ने 27 फरवरी को एक नई पहल की शुरूआत की है। अब हर घर की रसोई में 100% शुद्ध और जायकेदार कृषि उत्पादन किफायती दामों में उपलब्ध होगे,जिसे विनो महिला डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से बेचा जाएगा। विनो द्वारा आयोजित इस मीटिंग में जीरा, चाय, मसाला, धनिया एवं अन्य कृषि उत्पादों की प्री-लॉन्च योजना को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर रेखा शाह (अन्सा ज्वेलर्स) और विमल पुनमिया की प्रेरणादायक स्पीच ने सभी सदस्यों को इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रोजेक्ट की रूपरेखा व संचालन में रेखा शाह की सक्रिय भागीदारी ने सभी को एक नई ऊर्जा दी है।

# पति का इंश्योरेंस एक करोड़ का, पत्नी-बेटे ने कर दी हत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांगली।** महाराष्ट्र के सांगली में एक करोड़ रुपए की बीमा राशि के लिए पत्नी ने बेटे और एक साथी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। यह हत्या उसके एक करोड़ रुपए के बीमा पर दावा करने के लिए की गई। दोनों मां बेटे को मौत को दुर्घटना बताने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपियों की पहचान वनिता बाबूराव पाटिल, उसके बेटे तेजस बाबूराव पाटिल और उसके दोस्त भीमराव गणपतराव हुलवान के रूप में हुई है, जिन्हें पुलिस ने एक मार्च को सांगली से गिरफ्तार किया था।

- दोनों आरोपी गिरफ्तार
- किसान पति पर था 50 लाख का कर्ज

पहले मां और उसके बेटे ने कर्ज में डूबे किसान पिता बाबूराव पाटिल (56) को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। जब वह नहीं माना तो उन्होंने उसकी हत्या कर दी। यह हत्या 10 फरवरी की सुबह 2 से 3 बजे के बीच मिरज-पंढरपुर हाईवे पर लांडेवाड़ी के पास हुई। बाबूराव पाटिल का शव होटल आर्या के पास मिला और उसके भाई सागर पाटिल ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां पहले तो यही लगा कि यह दुर्घटना है और एडीआर दाखिल किया गया लेकिन पुलिस को मां और बेटे के बयान पर शक हुआ। उन्होंने दोनों की मोबाइल लोकेशन निकाली।



दोनों ने पुलिस से कहा था कि घटना के दिन वे कराड में थे लेकिन मोबाइल लोकेशन के आधार पर उनकी बात झूठी निकली। पुलिस की पूछताछ में दोनों मां-बेटे ने अपना आरोप कबूल कर लिया और बताया कि पाटिल के ऊपर लगभग 50 लाख रुपए का कर्ज था, जिसके चलते लोग लगातार उनके घर तगादा करने आया करते थे और जब घर की नीलामी के लिए बैंक से नोटिस आया तो उन्होंने बाबूराव पाटिल को प्रेरित किया कि वह खुद को खत्म कर लें। लेकिन ऐसा न होने पर दोनों (पत्नी और बेटा) ने एक साथी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।



# महर्षि दयानंद कॉलेज में अतिथि व्याख्यान आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई महर्षि दयानंद कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा पाठ्यक्रम आधारित विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन "लेखन कौशल एवं वाचन कौशल" विषय पर किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ प्रो. डा. मिथिलेश शर्मा अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग रामनिरंजन झुनझुनवाला कॉलेज का सम्मान अंगवस्त्र और पुस्तक देकर उप-प्राचार्य एवं अध्यक्ष हिन्दी-विभाग डा. उमेश चन्द्र शुक्ल, डा. उषा दुबे एवं कामेश्वर सिंह ने किया। स्वागत भाषण में डा. उमेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि लेखन कौशल एवं वाचन कौशल रोजगार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए हमें लेखन और वाचन की बारिकियों को समझना होगा। डा. मिथिलेश शर्मा ने कहा कि लेखन और वाचन दोनों एक-दूसरे के पूरक है। किसी एक के अभाव में हमारा व्यक्तित्व अधूरा दिखाई पड़ता है। इस विशेष अतिथि व्याख्यान का संचालन डा. उषा दुबे ने किया एवं कामेश्वर सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

फाम एक्सीलेंस अवार्ड 2025

# चंदन भंसाली और टीम के सदस्य सम्मानित




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई स्थित अंधेरी में ओरीका हॉटेल के सभागार में फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र (फाम) अध्यक्ष जितेन्द्र शाह के नेतृत्व में 28 फरवरी को फाम एक्सीलेंस अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। मेटल एंड स्टेनलेस स्टील मर्चेंट एसोसिएशन (मासमा) को सपोर्टिंग एसोसिएशन को फाम द्वारा अवार्ड के लिए चयनित करके फाम द्वारा सपोर्टिंग एसोसिएशन का अवार्ड मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली और टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अवार्ड समारोह में मासमा का नाम पुकारा तब पूरा सभागार तालियों से गुजांयमान हो गया।

मासमा को फाम द्वारा बेस्ट सपोर्टिंग एसोसिएशन के अवार्ड से सम्मानित करने से मासमा के लिए एक यादगार और गौरवांवित क्षण रहा। फाम ने अपने 750 से अधिक एसोसिएशनों के संगठनों में से मुबंई के मासमा को सर्वश्रेष्ठ सहयोगी संगठन का चयन करने के लिए मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली ने फाम अध्यक्ष जितेन्द्र शाह और फाम की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अद्भुत उपलब्धि को मासमा के पदाधिकारीगण और कमेटी कन्वेयरों के साथ मनाने के लिए एक मार्च को दोपहर तीन बजे मासमा कार्यालय में गेट-टू-गेदर कार्यक्रम आयोजन करके सेलिब्रेशन किया गया। मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली के नेतृत्व में सभी ने मिलकर निश्चय किया कि मासमा को और ऊंचाई पर ले जाकर मासमा का नाम सभी एसोसिएशन में नाम रोशन करेंगे। मासमा कार्यालय में अवार्ड मिला उसके उपलक्ष में सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मासमा पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल दोशी ने संबोधित करते हुए आशा व्यक्त की कि ऐसे ही मासमा का नाम रोशन करते हुए अनेक अवार्ड से सम्मानित हो। मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली ने यह अवार्ड मासमा के सभी व्यापारियों, मासमा के पिलर अभूतपूर्व अध्यक्षों, सभी पदाधिकारीगणों, सभी कन्वेयरों और सब कन्वेयरों को समर्पित किया और कहा कि यह संगठन की ताकत है और सभी के साथ सहकार से यह संभव है। आशा है ऐसा ही साथ सहकार सदैव मिलता रहेगा, जिससे कार्य करने की ताकत दोगुनी बढ़ेगी। कार्यक्रम का संचालन मासमा सह सचिव अमृतलाल संघवी ने शानदार अंदाज में करते हुए सभी का आभार प्रकट किया। यह जानकरी मासमा मीडिया कन्वेयर मंगलचंद सेठ ने दी।

- मासमा को बेस्ट सपोर्टिंग एसोसिएशन अवॉर्ड

## मुंबई के उद्योगपति ने की दिल्ली सीएम से मुलाकात

**मुंबई/नई दिल्ली।** सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी गणपत कोठारी (सीएमडी, कोठारी फैब्रिक्स) ने दिल्ली सरकार की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सदिच्छा मुलाकात कर बधाई दी। गणपत कोठारी ने मुलाकात के दौरान मुंबई में आगामी दिनों में उनका सत्कार समारोह आयोजित करने की स्वीकृति मांगी, जिसे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। गणपत कोठारी ने बताया कि यह दिल्ली वासियों का सौभाग्य है कि उन्हें सौम्य, विजनरी तथा कर्मठ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के रुप में मिला है। कोठारी ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार दिल्ली का विकास और कायाकल्प करने में कोई कोर -कसर बाकी नहीं रखेगी।



सीएम रेखा गुप्ता का मुंबई में होगा स्वागत



## विधान परिषद सभापति के कक्ष का उद्घाटन

■ **मुंबई।** विधान भवन में नवनिर्मित विधान परिषद सभापति प्रो. राम शिंदे के कक्ष का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधान परिषद सभापति प्रो. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष अड. राहुल नार्वेकर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल सहित मंत्रीगण व विधायिका के सदस्य उपस्थित थे।

## राज्य सरकार का न्यायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रायगढ़।** राज्य सरकार ने न्यायिक बुनियादी ढांचे के लिए हर साल लगभग 1000 करोड़ रुपये की निधि का प्रावधान किया है। साथ ही, उच्च न्यायालय समिति से प्राप्त प्रस्तावों को शीघ्र पूरा कर आवश्यक कार्य संपन्न किए गए हैं। न्यायिक प्रणाली में बुनियादी ढांचे के महत्व को देखते हुए, राज्य सरकार ने इसके निर्माण को प्राथमिकता दी है। इससे न्याय प्रक्रिया को अधिक गति मिलेगी, ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यक्त किया।

- दीवानी कोर्ट की नई इमारत का भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह महाड में
- हर साल 1000 करोड़ रुपए की निधि का प्रावधान

रायगढ़ जिले के महाड में दीवानी न्यायाधीश (कनिष्ठ स्तर) न्यायालय की नई इमारत के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश भूषण गवई, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति रही। इसके बाद आयोजित मुख्य समारोह में वे संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे, महिला व बाल विकास मंत्री कु. अदिति तटकरे, रोजगार गारंटी योजना, फलोत्पादन व खाड़ी विकास मंत्री भरत गोगावले, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मकरंद कर्णिक, न्यायाधीश मिलिंद साठे, उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र तावड़े, प्रभारी प्रमुख जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़-अलीबाग डॉ. सृष्टि नीलकंठ, महाड वकील संघ के अध्यक्ष एडवोकेट संजय भिसे, महाड के दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ स्तर) प्रविण उन्हाळे आदि मान्यवर उपस्थित थे।

सिरोही आंजणा चौधरी समाज मुंबई

# शिक्षा ही समाज को आगे ले जाएगी : लुम्बाराम चौधरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** सिरोही आजणा चौधरी समाज मुंबई का 11वां स्नेह मिलन समारोह श्री राजेश्वर भगवान मंदिर भिवंडी में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। स्नेह मिलन समारोह के मुख्य अतिथि जालोर-सिरोही के भाजपा सांसद लुम्बाराम चौधरी थे एवं मुख्य वक्ता रमेश भाई आंजना थे। सिरोही कलबी आंजना छात्रावास के अध्यक्ष केराराम रेवाडा, राजु भाई मेर मांडवाडा,रोहित भाई कृष्णगंज, मिडिया सह सयोजक चिराग रावल आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा की शिक्षा ही समाज को आगे ले जा सकती है, शिक्षा के क्षेत्र में समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाएं एवं बालक-बालिकाओं को किसी भी हालात में शिक्षा से वंचित न रखें। मुख्य वक्ता रमेश भाई (पूर्व वायुसैनिक ) ने कहा कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु सामाजिक स्तर पर हर संभव प्रयास जारी रखने व जगह जगह छात्रावास की सुविधा हो . उन्होंने माता-बहनों को आजकल की इस शोशल मीडिया से दूर रहने की अपील की। लव जिहाद व लव मैरिज मे माता पिता के हस्ताक्षर अनिवार्य करवाने हेतु सरकार से मांग रखी। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राजेश्वर के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की। उसके बाद बालक बालिकाओं द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया, बाद में कक्षा प्रथम से लगा कर 12वीं तक के सभी बालक बालिकाओ को पारितोषक देकर समानित किया गया। स्नेह मिलन समारोह में अतिथिओ का उदबोधन कार्यक्रम हुआ। माता-बहनों द्वारा मांगलिक गीतों से समां बांधा तत्पशात राजस्थानी गैर नृत्य का आयोजन किया गया। उसके बाद सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्था के अध्यक्ष उम्मीदमल द्वारा इस कार्यक्रम में समस्त संस्था की कार्यकरणी उपस्थित रही, जिसमे उपाध्यक्ष प्रागाराम सियाकरा, चेलाराम मकावल, जीवाराम, सुरेश भाई भटाना, चेलाराम अरविन्द भाई भगवान भाई धाधपुर हिदाराम, भाव राम गोदाराम धान, नाथूभाई नागानी, नरसाराम अमलारी धीरेन्द्र दानाराम, भिखा भाई जोलपर, प्रकाश भाई इदरला वागाराम, रघुनाथराम, नारायण सिलोईया, धर्माराम तवरी आदि हजारों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन नारायण सिलोईया ने किया।

▶▶ 11वां स्नेह मिलन समारोह राजेश्वर भगवान मंदिर भिवंडी में संपन्न

▶▶ शिक्षा ही समाज को आगे ले जाएगी लुम्बाराम चौधरी



## मीरा- भायंदर मनपा के बचत समूह का राष्ट्रीय सम्मान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा- भायंदर महानगरपालिका के एक और बचत समूह को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई है। पर्यावरणपूरक उत्पादों तथा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के गृह निर्माण और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से रिड्यूज, रियूज और रिसायकल फोरम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष तीन से पांच मार्च के बीच जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनैशनल सेंटर में यह परिषद आयोजित की गई है। इस मंच पर विभिन्न देशीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, उद्योगपति, स्टार्टअप्स तथा सतत पर्यावरण विषयक विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस परिषद में प्रदर्शन के लिए देशभर के 15 राज्यों के उत्कृष्ट बचत समूहों का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम में, वारली पेंटिंग पर आधारित नवाचारी और पर्यावरणपूरक उत्पाद बनाने वाले मीरा- भाईंदर मनपा के गोल्डन डॉन स्वयं-सहाय्यता बचत समूह का भी समावेश है। गोल्डन डॉन बचत समूह और मनपा के प्रतिनिधि इस राष्ट्रीय मंच पर अपनी उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।

इस बचत समूह द्वारा तैयार की गई कलात्मक वारली पेंटिंग के माध्यम से महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन होता है। इस चयन के संबंध में मीरा- भाईंदर मनपा प्रशासन और स्थानीय नागरिकों द्वारा गोल्डन डॉन बचत समूह का अभिनंदन किया जा रहा है। मनपा ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की मान्यता से स्थानीय स्वयंसहाय्यता समूहों को व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे तथा उनके उत्पादन और कौशल को देशभर में पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# शितला सप्तमी गैर मेले पर की चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** पारम्परिक रंगों का त्यौहार होली की शितलासप्तमी पर गैर मेले का प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भव्य आयोजन करने की तैयारियों एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा व विचार विमर्श करने के लिए शितलामाता मन्दिर सेवा ट्रस्ट की आवश्यक बैठक रविवार को तीसरे पहर मन्दिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायणलाल गहलोत ने सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार मन्दिर में की जा रही सामान्य मरम्मत,रंग-रोगन एवं नया स्टील का भंडारा,स्टील की जाली,पूजन सामग्री रखने का पात्र बनवाकर स्थापित करने बाबत जानकारी दी और गैर नृत्य मेले की व्यापक तैयारियों की रुपरेखा प्रस्तुत की। जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। पांच माह पूर्व देव स्थान विभाग जोधपुर के हस्तक्षेप से हुए ट्रस्ट के पुनर्गठन के बाद आयोजित इस छष्ठम बैठक में ट्रस्ट के मंत्री विजयसिंह गहलोत द्वारा पद व सदस्यता से दिया गया इस्तीफा सर्वानुमति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में चर्चा कर इनके स्थान पर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी दिनेश खंडेलवाल को मंत्री एवं बाबूलाल ग्वाला को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में शितलासप्तमी को आयोजित होने वाले सबसे बड़े गैर मेले की व्यापक तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।चर्चा के बाद पारित निर्णय के मुताबिक मेले की समुचित व्यवस्थाओं के साथ सफलता के लिए मेला आयोजन कमेटी गठित की गई।

## मेला कमेटी में युवाओं को दी तरजीह

ग्यारह सदस्यीय मेला आयोजन कमेटी में विशेषकर युवाओं को तरजीह देते हुए शम्भूदास वैष्णव, नारायण लाल सोनी,अरविंद कुमार परारिया,सुभाष अग्रवाल,भरत अरोड़ा,अशोक कुमार सुथार, अभिमन्यु माली,रमेश कुमार छिपा, अशोक कुमार चित्तारा,नरेन्द्र खंडेलवाल व हीराराम कुमावत को शामिल किया गया। यह कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायणलाल गहलोत की देखरेख व निर्देशन के पालन में कार्य कर व्यवस्थाओं को अंजाम देगी। बैठक में चर्चा कर मेले में भामाशाहों व सहयोगियों के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों को भी बकायदा पत्र देकर आमंत्रित करने व उनका स्वागत-सम्मान करने,मेले में पुलिस का माकुल बंदोबस्त एवं सफाई व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग व नगरपालिका को पत्र लिखकर सूचना देने का निर्णय लिया। शितलामाता मन्दिर सेवा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष रुपाराम हिण्डोनिया एवं पूर्व कोषाध्यक्ष मोहब्बतसिंह द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी को ट्रस्ट के पुनर्गठन के पांच माह बाद भी चार्ज, हिसाब- किताब, रसीद बुकें, शितलामाता के चांदी के आभूषण व बैंक की फिक्स डिपोजिट(एफडी)आदि सुपुर्द नहीं करने पर उनके विरुद्ध उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निन्दा प्रस्ताव पारित किया। साथ ही हिसाब-किताब नहीं देने की स्थिति में पुलिस थाने में(एफआईआर)प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने का भी निर्णय लिया गया। अंत में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के बाद बैठक का समापन किया गया।

## बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में अध्यक्ष नारायणलाल गहलोत के अलावा मंत्री दिनेश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष भंवरलाल मालवीय लुहार, सदस्य पुखराज परिहार वरिष्ठ जर्नलिस्ट,बाबूलाल ग्वाला, नारायणलाल उर्फ हनुमान सोनी, जोगाराम प्रजापत,नरेन्द्र खंडेलवाल, अशोक सुथार, ठाकुर प्रसाद श्रीमाली, चुन्नीलाल परिहार, हीराराम कुमावत व शम्भूदास वैष्णव आदि उपस्थित हुए। 35 सदस्यों के ट्रस्ट में अध्यक्ष,मंत्री व कोषाध्यक्ष सहित 9 कार्यकारिणी सदस्य एवं 26 साधारण सदस्य हैं।

# फार्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** ग्राम पंचायत आमलारी में तीन दिवसीय फर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें केंप के प्रथम दिन कुल 200 किसानों की रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत आमलारी के ग्राम बग पुनावा और आमलारी से कुल 172 पंजीयन किए गए। केंप प्रभारी जितेंद्र कुमार रावल, राजस्व निरीक्षक, पटवारी गोविन्दराम, भीमराज, ग्राम विकास अधिकारी सोहन परमार, ग्राम रोज़गार सहायक मोहन मेघवाल, शिक्षा सहायक मोहम्मद जावेद, रतनाराम, कनिष्ठ सहायक नरींगाराम मेघवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



**शिवगंज।** आल्पा ग्राम पंचायत में सोमवार से तीन दिवसीय को तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्री शिविर का शुभारंभ किया। जिसमें आल्पा, गोला व बुडेरी के किसानों ने पंजीयन करवाया। एसडीएम नीरज मिश्रा, विकास अधिकारी मुलेन्द्रसिंह राठौड़ ने शिविर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सरपंच नारायण रावल, ग्राम विकास अधिकारी श्वेता कुमारी आदि मौजूद थे।

# पुरोहित जालोर विभाग संयोजिका नियुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**





**सिरोही।** दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका पिंकी राजपुरोहित को अब जालोर विभाग संयोजिका नियुक्त किया गया है। वहीं रेवदर की कुसुम राजपुरोहित दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका नियुक्त हुई है। राजपुरोहित के जालोर विभाग संयोजिका बनने पर विहिप के कार्यकर्ताओं दुर्गा वाहिनी ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। विहिप के जिला सह मीडिया प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया की जोधपुर प्रांत की दो दिवसीय समीक्षा बैठक खींवसर के पांचला सिद्धा आश्रम में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त मंत्री डॉ सुरेंद्र जैन, विहिप के जोधपुर प्रांत अध्यक्ष डॉ राम गोयल के सानिध्य में आयोजित की गई थी। जालोर विभाग मंत्री पद पर लक्ष्मण रावल, विहिप के सिरोही जिला मंत्री अशोक रावल, धर्मेंद्र सोनी शिवगंज एवं कमलेश कुमार रेवदर को बजरंग दल का जिला सह संयोजक नियुक्त किया है।

# कार्यकर्ताओं ने बजट में मिली सौगातों पर खुशी जताई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**मंडार।** परमहंस बाबा कुटिया भाजपा मंडार मंडल की बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष अमराराम चौधरी अध्यक्षता हुई। आयोजित राज्य सरकार रेवदर क्षेत्र के किसानों के सपनों को साकार किया वहीं राज्य सरकार की बजट घोषणा में सिरोही जिले को कई सौगात और विकास की नई दिशा मिली। जिसमें कृषि महाविद्यालय आबूरोड में कन्या महाविद्यालय रेवदर में कॉलेज में नए विषय, करोटी व वाडका में एनिकट निर्माण, मरमत कार्य, मंडार नाला नहरों का निर्माण एवं मरमत कार्य,रेवदर में कृषि मंडी में आधुनिक आधारभूत सुविधा कार्य, मंडार में गौण कृषि मंडी जैसी नई सौगात मिली। जिस पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमराराम चौधरी, अजय कुमार टांक, नरभाराम पुरोहित, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौधरी, गमनाराम चौधरी राजपुरा, नानाजीराम देवासी, कानाराम चौधरी आदि उपस्थित थे।

# जिलास्तरीय ऊर्जा संरक्षण कार्यशाला का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय द्वारा आयोजित जिलास्तरीय ऊर्जा सरंक्षण कार्यशाला सोमवार को स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही में आयोजित की गई । जिसमें आबूरोड, सरूपगंज, पिण्डवाड़ा एशिवगंज एवं स्थानीय विद्यालय के स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। सी ओ एमआर वर्मा ने प्रारंभ में ऊर्जा सरंक्षण के बारे में उपस्थित स्काउट गाइड को विस्तृत जानकारी दी । गणपतसिंह देवड़ा ने ऊर्जा सरंक्षण, पिण्डवाड़ा के मूलसिंह भाटी ने जल सरंक्षण, बाबूलाल सैनी ने सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम, गोपालसिंह राव स्काउटर ने स्वच्छता तथा कमल किशोर पुरोहित ने पर्यावरण पर अपने वार्ता दी । सी ओ एम आर वर्मा को बार टू मेडल ऑफ मेरिट से राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने पर उनका सम्मान किया गया है। जोगाराम सचिव स्थानीय संघ कालन्द्री, कालूसिंह देवड़ा सचिव स्थानीय संघ आबूरोड, प्रतापराम सचिव स्थानीय सरुपगंज, कमल किशोर पुरोहित लीडर ट्रेनर स्काउट आबूरोड ने नैशनल ग्रीन कोर इको क्लब के बारे में अवगत कराया। बलवंत कुम्हार, श्रीमति शर्मिला डाबी, मोहित अग्रवाल, दर्शनसिंह, दृष्टि पांडे ने कार्यशाला में अपनी सेवाएँ दी ।

# गुरु मंदिर में किया ध्वजारोहण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जीरावल।** राजेंद्र शांति विहार गुरु मंदिर जीरावाला में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अचल गज के मुनि वीर शेखर विजय महाराज भी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद धार्मिक वात्सल्य एवं प्रभु की अंग रचना एवं संध्या भक्ति का आयोजन किया गया। प्रबंधक कमल कुमार जैन ने बताया जसवंतपुरा से मोहनलाल जैन, अनापुर से दयालाल कोठारी, रेवदर से आरसी जैन एवं चंद्रिका जैन उपस्थित रहे।

# चार दिवसीय विशाल विकलांग सहायता शिविर आज से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** वेप्स मंडल के सहयोग से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिती जयपुर की और से 4 से 7 मार्च को मेहता वाडी में विकलांग शिविर का आयोजन रखा गया ह। अध्यक्ष मनिष जैन ने बताया की शिविर का शुभारंभ सांसद लुम्बारामजी चौधरी, जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, विधायक समाराम गरासिया, एसडीएम मनसुखलाल डामोर, जैन संघ पिण्डवाड़ा अध्यक्ष महेश राठोड करेंगे।

# बाल मजदूरी पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विद्यार्थियों ने माउंट आबू में बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस प्रभावशाली नाटक के माध्यम से लोगों को बताया गया कि 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के श्रम कार्य में लगाना गैरकानूनी है। जिसकी शिकायत टोल-फ्री नंबर 1098 पर श्रम विभाग को की जा सकती है। इस कार्यं म का नेतृत्व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डी.के. उपाध्याय के मार्गदर्शन में हुआ। डॉ. विद्या शक्तावत, डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. रोहिताश मीना, डॉ. मीनू दायमा, डॉ. सुरेंद्र मीना, डॉ. संदीप गहलोत, डॉ. सुरेश कुमार त्रिवेदी, मानवेंद्र राजपुरोहित व विनीता मीना ने अहम भूमिका निभाई। नुक्कड़ नाटक में प्रद्युमन, दक्ष, जिया, रूमाना, कुसुम, मुकेश, नकुल, राहीब, विं म गोयल सहित कई विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के माध्यम से समाज को एक मजबूत संदेश दिया। रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह नुक्कड़ नाटक समाज में बाल मजदूरी के खिलाफ चेतना जागृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राजगढ़ को ग्राम पंचायत बनाने की मांग




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** पंचायतीराज संस्थाओ की सीमा में परिवर्तन हेतु नवीन ग्राम पंचायतो एवं सीमाओं का निर्धारण हो रहा है। जिसके करोटी, राजगढ़, असावा और पेरवा के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक जगसीराम कोली ज्ञापन देकर राजगढ़ को नवीन ग्राम पंचायत बनाने की मांग की। हुकुमसिंह, पोपटलाल, गणेश, थानाराम, नारायणलाल, जोरसिह, लक्ष्मणसिंह, प्रतापराम, हिरालाल कोली, अमृतलाल, रमेश कोली, केवाराम, महेंद्रसिंह, यमुना बेन माली, सविता सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# सासंद महिमा कुमारी मेवाड़ ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिले की पंचायत समिति रेलमगरा के ग्राम पंचायत जुनदा मे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट ने किया। सांसद ने बताया की ग्राम पंचायत के साथ ही राजसमंद मे विकास के लिए हमेशा तत्पर है। सांसद ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुवे बताया की सरकार की योजनाओं को जन जन तक पंहुचा कर पात्र लोगों को फायदा दिलाने की बात कही। जिला प्रमुख रतनी देवी ने कहा कि शेष कार्य भी पूरे किए जाएेंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रमुख को लिखित ज्ञापन देकर जूनदा खेड़ी- सुल्तान पूरा, गणेशपूरा, माताजी का खेड़ा, गुजरिया खेड़ा को मिलाकर एक पंचायत बनाने की मांग की। जुनदा सरपंच मिठूसिंह चौहान, पूर्व सरपंच घीसूलाल पितलिया, भगीरथ जाट, राजेंद्र व्यास, शिवसिंह, महेंद्रसिंह, गिरधारीलाल माली, डालचंद कुमावत, नारायणलाल जाट, सुमेरसिंह झाला, चन्दरवीरसिंह राणावत, शंभूसिंह भाटी, पिंटू माराज, देवीलाल गाडरी, कालूराम शर्मा, कमलेश शर्मा, रमेश सेन आदि मौजूद थे।



# देवनारायण महाकथा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** गुर्जर समाज के आराध्य देव देवनारायण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत माधव विवि की सहायक आचार्य डॉ. रेणुका की पुस्तक देवनारायण महाकथा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन का विमोचन पुष्कर के संत, रेवानाथ महाराज एवं मोहनदास के हाथों से किया। इस दौरान सभी परिजनों एवं समस्त गुर्जर समाज ने डॉ. रेणुका को लोक देवता देवनारायण गाथा का साहित्यिक और सांस्कृतिक अध्ययन करने एवं समाज का नाम साहित्यिक जगत में रोशन करने के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। गोपालसिंह, भेरूसिंह, शंकर, किशोरसिंह, अमरसिंह, कमलेश, रमेश, भरत, दीपक, विजय, सुनील एवं हिमांशु आदि मौजूद थे।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-पाली (राज.)**

क्रमांक:-5781-5799 दिनांक:-20/02/2025

**निविदा सूचना संख्या: 20 वर्ष 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए.ए.श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाइट www.dipr.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा के NIB Code है :- PWD2425A4332
निविदा के UBN No है :- PWD2425WSOB15555 PWD2425WSOB15556 PWD2425WSOB15557

अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि., खण्ड-पाली

DIPR/C/2575/2025

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता**
**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड प्रथम, जोधपुर**

क्रमांक : 670 **आवश्यक सूचना** दि. 03.03.2025

राजस्थान आवासन मण्डल में मूल आवंटी श्री किशन सिंह पुत्र स्व. श्री घीसू सिंह ने मण्डल कार्मिको हेतु विशिष्ट पंजीकरण योजना वर्ष 2021 में चालान संख्या 135/010359 द्वारा रूपये 54034/- जमा करवाकर मध्यम आय वर्ग-अ के आवास हेतु मानपुर आवासीय योजना-आबूरोड में पंजीकरण करवाया था। उन्हे दिनांक 21.04.2023 को आयोजित जिला आवंटन लॉटरी में आवास संख्या 4/44 मानपुर आवासीय योजना-आबूरोड आवंटित किया गया। जिन्हे कार्यालय के पत्र क्रमांक 1984 दिनांक 29.12.2023 को आवंटन पत्र जारी किया गया, आवंटी द्वारा आवंटन पत्र की राशि दिनांक 25.01.2024 को जमा करवा दी गई। अब श्रीमती भंवरी देवी ने अपने पति स्व. श्री किशन सिंह पुत्र स्व. श्री घीसू सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र व मण्डल नियमानुसार प्रशासनिक शुल्क जमा करवाकर तथा मण्डलनियमानुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उनके पति श्री किशन सिंह पुत्र स्व. श्री घीसू सिंह का देहान्त दिनांक 12.02.2024 को को हो गया है एवं उक्त आवास का हस्तान्तरण उनके नाम से किया जाये। अतः जरिये इस आवश्यक सूचना द्वारा यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 4/44 मानपुर आवासीय योजना-आबूरोड के सम्बन्ध मे किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी या संस्था से ऋण प्राप्त किया हुआ हो को एवं आम व्यक्ति को अगर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 15 दिवस में कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड प्रथम, जोधपुर में अपना एतराज लिखित मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त आक्षेप किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नही होंगे तथा मण्डल द्वारा उनके पक्ष में उपरोक्त आवास का हस्तानान्तरण अब श्रीमती भंवरी देवी पत्नि स्व. श्री किशन सिंह के नाम से हस्तानान्तरण करने की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी मण्डल की नही होगी।

(दीपक बिस्सा)
आवासीय अभियन्ता खण्ड प्रथम रा.आ.म. जोधपुर


# रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को मिली समस्याओं से राहत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा कुंभलगढ़ उपखंड के ग्राम पंचायत जनावद में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के निस्तारण में दिखाई गई त्वरित कार्यवाही से ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया। रात्रि चौपाल में पहुंचे राधेश्याम मेघवाल एवं पारस गुर्जर ने नामांतरण खोलने की शिकायत प्रस्तुत की थी। जिसे जिला कलेक्टर असावा ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए नामांतरण जारी करवाया। भगवत सिंह और केसरसिंह द्वारा हैंडपंप खराब होने की शिकायत प्रस्तुत की गई। जिस पर मौके पर निर्देश पर हैंडपंपों की मरम्मत के निर्देश देकर पेयजल आपूर्ति बहाल की गई। ग्रामवासियों ने वॉलीबॉल ग्राउंड के मध्य लगे बिजली पोल हटाने की मांग रखी। जिसे कलक्टर न निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई। वहीं, ग्रामीणों की ओर से विद्युत केबल बदलने की मांग पर भी त्वरित कार्रवाई कर केबल को बदला गया। भेरूलाल उपाध्याय ने सफाई व्यवस्था में सुधार और नाली निर्माण की शिकायत की। जिस पर कलक्टर ने सफाईकर्मियों को तुरंत सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए और नाली निर्माण कार्य को नरेगा एक्शन प्लान में शामिल किया गया। प्रहलादसिंह द्वारा जन्म प्रमाण पत्र एवं पारस गुर्जर द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। जिसका प्रमाण पत्र जारी किया जाकर समाधान किया गया।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल-सुमेरपुर, जिला-पाली (राज.)**

क्रमांक : न.पा.सु/2024-25/13548 दिनांक : 03.03.2025

**-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा भूखण्ड/मकान नामान्तरण एवं भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु गृहकर/नगरीय विकास कर व सम्पत्ति पंजिका में दर्ज करने हेतु निम्नलिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है:-

| क्र. स. | आवेदक का नाम | विक्रेता/पुश्तैनी का नाम | गृहकर/नगरीय विकास कर | सम्पति स्थल | भूखंड का माप हस्तान्तण का प्रकार | पड़ौस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री देवीसिंहजी जाति गुर्जर निवासी जलदाय विभाग कॉलोनी तखतगढ रोड, सुमेरपुर | श्रीमती रेखा देवी पत्नि लक्ष्मणजी जाति घांची निवासी सुमेरपुर | भूखंड संख्या 28 अमरनाथ कॉलोनी, खसरा नंबर 327 सुमेरपुर | भूखंड संख्या 28 अमरनाथ कॉलोनी, खसरा नंबर 327 सुमेरपुर | 47.6'x20.0= 950 वर्गफीट पूर्व से पश्चिम 47.6 फीट उत्तर से दक्षिण 20 फीट | उत्तर- भूखंड संख्या 27 दक्षिण : भूखंड संख्या 29 पूर्व : भूखंड संख्या 32 पश्चिम : भूखंड का निकल व आम रस्ता 30 फीट चौड़ा |

अतः उपरोक्त आवेदक के नामान्तरण व हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित स्थल व आवेदक के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग व अन्य किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की उजर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका सुमेरपुर में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति पेश करें। बाद म्याद गुजरने पर किसी भी तरह की सुनवाई नहीं होगी। सो सूचित रहे।

**अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, सुमेरपुर**

## सुविचार

आप आज जो करते हैं उसपर
भविष्य निर्भर करता है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## महिलाओं को मिले सुरक्षित माहौल

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नित नई योजनाएं एवं कानून बनाए गए हैं। लेकिन एक ऐसा खतरा महिलाओं पर भी बना हुआ है जिससे बचने के लिए फिलहाल कोई कानून या योजना मददगार नहीं हो पा रही, और वह है डिजिटल अपराध। ये बात सच है कि डिजिटल अपराध महज महिलाओं के साथ ही नहीं होते, ये पुरुषों के साथ भी बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं। लेकिन हम यहां बात कर रहे है महिलाओं के लिए सुरक्षित डिजिटल माहौल की। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को महिलाओं के लिए एक ऐसा सुरक्षित डिजिटल माहौल बनाने की आश्यकता पर जोर दिया, जिससे उनकी गरिमा और देश निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। मेघवाल राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की ओर से आयोजित 'महिलाओं से जुड़े साइबर कानून और साइबर जागरुकता' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों, खासतौर पर महिलाओं से आग्रह किया कि वे मजबूत पासवर्ड रखें और ऑनलाइन निजी जानकारी साझा करने से बचें। मजबूत पासवार्ट का उपयोग करें और अपनी निजी जानकारी को ऑनलाइन कम से कम साझा करें। साइबर अपराध ऐसे होते हैं कि हम अक्सर अनजाने में फंसर जाते हैं। अजनबियों से लंबी बातचीत से बचें और ऑनलाइन अज्ञात लोगों के साथ बातचीत करते समय सतर्क रहें। अगर कोई साइबर अपराध होता है, तो तुरंत पुलिस को रिपोर्ट करें। मेघवाल ने डिजिटल क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से गलत प्रचार अभियानों, साइबर हमलों, फर्जी प्रोफाइल बनाने और वीडियो से छेड़छाड़ जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमने जो नए कानून बनाए हैं, वे इन मुद्दों को व्यापक रूप से संबोधित करते हैं। हम एआई आधारित गलत सूचना, डिजिटल अरेस्ट और अन्य साइबर अपराधों से निपटने के लिए प्रावधान शामिल किए हैं। कानून मंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए एक सुरक्षित डिजिटल माहौल बनाने की जरूरत है, जिससे उनकी गरिमा और देश के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और महिलाओं के साथ इसके संबंध को समझना जरूरी है। महिलाओं को बिना किसी डर के देश की प्रगति में योगदान देना जारी रखना चाहिए। साइबर अपराध उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकते। मेघवाल ने 'साइबर सहेली' नाम की एक पुस्तक का भी अनावरण किया, जिसका मकसद परिवारों को साइबर सुरक्षा बारे में जागरूक करना है। 'साइबर सहेली' सभी के लिए एक मार्गदर्शक और समर्थन प्रणाली के रूप में काम करेगी। आईटी क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को लेकर मेघवाल ने कहा कि महिलाएं प्रौद्योगिकी में अग्रणी हैं।

### माधबी पुरी बुच पर गंभीर आरोप

# निवेशकों में भरोसा बनाने निष्पक्ष जांच जरूरी



डा.अनिता राठौर

मुंबई की विशेष भ्रष्टाचार-रोधी ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने 1 मार्च 2025 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच, सेबी के तीन अन्य अधिकारियों (अश्वनी भाटिया, अनंथ नारायण जी व कमलेशचंद्र वार्ष्णेय), बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के के पूर्व प्रमुख प्रमोद अग्रवाल और बीएसई के वर्तमान एमडी व सीईओ सुंदरामण राममूर्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने व जांच के आदेश दिए हैं। आरोप यह है कि नियामक प्राधिकरणों, विशषकर सेबी ने सेबी कानून 1992 और उसके तहत नियम व विनियम का अनुपालन किए बिना और धोखे व सांठगांठ से एक कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट किया।

इमेज

विशेष न्यायाधीश एसई बांगर के आदेश में कहा गया है, "नियामक खामियों और सांठगांठ के प्रथम दृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं, जिनकी उचित व निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।" आदेश में महाराष्ट्र सरकार व भारत सरकार भी आरोपी हैं। ये आरोप एक निजी शिकायत में लगाए गये हैं, जिसे एक मुंबई निवासी सपन श्रीवास्तव ने दर्ज कराए हैं और अपनी याचिका में उन्होंने खुद को 'मीडिया रिपोर्टर' बताया है। उन्होंने बाज़ार नियामक और उसके प्रमुख व अन्य अधिकारियों के विरुद्ध जांच कराने की मांग की है कि नियमों का उल्लंघन व सांठगांठ करके काल्स रिफायनरीज नामक एक कंपनी को लिस्ट किया गया था, जबकि वह निर्धारित मानदंड को पूरा नहीं करती थी। एसीबी अदालत के आदेश में इस कंपनी का नाम नहीं लिया गया है। दूसरी ओर 2 मार्च 2025 को सेबी द्वारा जारी किए गए वक्तव्य में कहा गया है कि इस आदेश को चुनौती देने के लिए वह उचित कानूनी कदम उठाएगी और सभी मामलों में नियामक अनुपालन करने के लिए समर्पित है। सेबी के अनुसार, हालांकि यह अधिकारी प्रासंगिक समय (1994) पर संबंधित पदों पर नहीं थे, लेकिन 'अदालत ने बिना नोटिस जारी किए या सेबी को रिकॉर्ड पर तथ्य प्रस्तुत करने का अवसर दिए बिना ही' याचिका को स्वीकार कर लिया।

बीएसई ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि अदालती कागज़ों में जिस काल्स रिफायनरीज नामक कंपनी का नाम लिया गया है, उसे बीएसई में 1994 में लिस्ट किया गया था। सेबी की पहली महिला प्रमुख माधबी पुरी बुच का तीन वर्ष का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया, लेकिन अभी तक भी वह सेबी से अपने हाथ पूरी तरह से नहीं धो पाई हैं। हालांकि पद पर रहते हुए वह हितों के टकराव आरोपों और संसद की लोकलेखा समिति (पीएसी) के समक्ष पेश होने से तो बच गईं थीं, लेकिन अब एसीबी अदालत ने उनके व अन्य अधिकारियों के खिलाफ एक कंपनी की लिस्टिंग के संदर्भ में एफआईआर दर्ज करने व जांच करने के आदेश दिए हैं। इस कंपनी को नियामक शर्तों का पालन



किए बिना ही लिस्ट करने का आरोप है, जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। अदालत ने कहा है कि पहली दृष्टि में यह मामला नियामक खामियों और सांठगांठ का प्रतीत होता है। नियामक संस्थाओं के प्रमुखों के विरुद्ध सांठगांठ व भ्रष्टाचार के आरोपों को साबित करना बहुत कठिन होता है। सेबी के एक अन्य प्रमुख सीबी भावे पर आरोप थे कि उन्होंने एमसीएक्स-एसएक्स को पूर्णकालिक स्टॉक एक्सचेंज के रूप में कार्य करने दिया था, लेकिन कुछ वर्षों बाद इस केस को बंद कर दिया गया। पिछले साल साक्ष्यों के अभाव का सहारा लेते हुए सेबी ने एनएसई को-लोकेशन केस में आरोपों को वापस ले लिया था, जिसका अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि किसी ने भी इस मामले को गंभीरता व गहराई से नहीं देखा था। प्रमुख आरोप यह था कि कुछ व्यापारियों को अपने सर्वर एनएसई के सर्वर के पास लगाने दिया गया था ताकि उन्हें स्पीड का लाभ मिल सके- वह अपने प्रतिद्वंदियों की तुलना में तेज़ व्यापार कर पा रहे थे। एक पूर्व एनएसई प्रमुख, जिसे हिमालय से तथाकथित तौरपर एक धर्मगुरु से आदेश मिल रहे थे, को बरी कर दिया गया था।

सेबी का गठन 1988 में हुआ था और तब से वह अनेक हाई-प्रोफाइल स्कैंडलों को झेल चुकी है। हालांकि कुछ स्कैंडल जैसे सत्यम केस में ऑडिटर्स की सांठगांठ थी, लेकिन तथ्य यह है कि निवेशकों को सेबी सुरक्षित रखने में नाकाम ही रही है। 1992 के हर्षद मेहता घोटाले ने, जब सेंसेक्स एक वर्ष में चार गुना उछल गया था, निवेशकों के विश्वास को लम्बे समय तक हिलाये रखा था। फिर केतन पारिख घोटाला था और आईएल एंड एफएस का ध्वस्त होना भी। सहारा केस में सेबी ने 25,000 करोड़ निवेशकों को वापस करने का आदेश दिया था, लेकिन 13 साल बीत जाने के बावजूद 10 प्रतिशत पैसा भी वापस नहीं किया गया है। भारत का स्टॉक बाज़ार नया नहीं है, लेकिन मध्यवर्ग का इसमें मज़बूती के साथ हिस्सा लेना मात्र एक दशक पुराना है। हर महीने के बाद दूसरे महीने में, जब पोर्टफोलियो निवेशकों ने फंड्स निकाले भी हैं, मध्यवर्ग ने एसआईपी में अपना विश्वास बरकरार रखा है। पिछले अक्टूबर से अब तक सेंसेक्स में 10,000 पॉइंट्स से अधिक की गिरावट आयी है, जिससे मालूम होता है कि अब भी यह बाज़ार कितना कमज़ोर है। निवेशकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए ज़रूरी है कि इस समय जो आरोप लगे हैं, उनकी जल्द व निष्पक्ष जांच की जाए, दूध और पानी को अलग अलग किया जाए। पूर्व बैंकर व सिक्योरिटीज मार्किट एग्जीक्यूटिव माधबी पुरी बुच को 2 मार्च 2022 को केंद्रीय काबीना की नियुक्ति समिति ने सेबी का प्रमुख ऐसे समय में बनाया था, जब देश का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), अपनी प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर विवादों के घेरे में था। आईआईएम-अहमदाबाद की छात्रा रहीं बुच सेबी के लिए पूर्णतः बाहरी व्यक्ति नहीं थीं, वह अप्रैल 2017 और अक्टूबर 2021 के बीच चार वर्ष से अधिक तक इसकी पूर्णकालिक सदस्य रहीं थीं। उस अवधि के दौरान उन्होंने विभिन्न पोर्टफोलियो की निगरानी की, जिनमें बाज़ारों के विनियमन व सर्विलांस से लेकर बाज़ार बिचौलियों, आर्थिक व नीति समीक्षा आदि शामिल रहे। इस गहरी जानकारी व व्यक्तिगत अनुभव के मिश्रण के कारण बुच ने निजी वित्तीय क्षेत्र व सिक्योरिटीज उद्योग में तीन दशक से अधिक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए गुज़ारा था और उन्हें जो रेगुलेटर के समकालीन नज़रिये का ज्ञान था उसकी बदौलत उनसे उम्मीद की गई थी कि वह सेबी में अच्छा काम कर सकेंगी और नए-युग की नियामक चुनौतियों का सामना कर सकेंगी। लेकिन बतौर सेबी प्रमुख उनका कार्यकाल विवादों से भरा रहा। अब रिटायरमेंट के बाद वह फिर विवादों के घेरे में हैं।

## पंचांग

मंगलवार, 4 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - फाल्गुन
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - पंचमी 15.18 तक
- वार - मंगलवार
- नक्षत्र - भरणी 26.38 तक
- योग - ऐंद्र 26.07 तक
- करण - कौलव 26.02 तक
- सूर्योदय - 06.57 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.43 (मुंबई)
- सूर्योदय - 07.01 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.44 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मेष
- अभिजित् मुहूर्त - 12.26 से 13.14
- राहु काल - 15.47 से 17.16
- व्रत, त्यौहार - ज्वालामुखीयोग 15.18 तक, सूर्य पूभायां 18.41, रवियोग 18.41 तक एवं 26.38 प्रारंभ, याज्ञवल्क्य जयंती
- दिशा शूल - उत्तर

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### यहां हर बीमारी का इलाज! नमक-गुड़ का लगाएं भोग

वैथीश्वरन कोइल शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है, जो भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है। इस मंदिर के देवता को लोकप्रिय रूप से उपचार या स्वास्थ्य के देवता के रूप में जाना जाता है। शिव को वैद्यनाथर या वैथीश्वरन के रूप में पूजा जाता है जिसका अर्थ है "चिकित्सा के देवता" और ऐसा माना जाता है कि वैथीश्वरन की प्रार्थना से बीमारियां ठीक हो जाती हैं। वैथीश्वरन शब्द 'वैद्य' यानी डाक्टर और 'ईश्वर' यानी भगवान से लिया गया है। यह नवग्रहों से जुड़े नौ मंदिरों में से एक है और मंगल ग्रह से जुड़ा माना जाता है।

**मंदिर जहां ठीक होती हर बीमारी-** मंदिर का गोपुरम (मुख्य द्वार) पांच मंजिला है जिस पर सुंदर नक्काशियां बनी हुई हैं। यहां चोल राजवंश के समय की शिलालेख भी मौजूद है। चिदंबरम से लगभग 30 किमी की दूरी पर स्थित मंदिर और आसपास का गांव ताड़ के पत्ते के ज्योतिष या 'नाड़ी शास्त्र' के प्रसिद्ध शिल्प के लिए भी प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां भगवान को नमक और गुड़ चढ़ाने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। मंदिर के प्रवेश द्वार के पास एक छोटा बाज़ार है जहां पूजा सामग्री, फूल और अन्य चीजें मिलती हैं। यहां घूमकर इस गांव की संस्कृति और परंपरा को करीब से देखा जा सकता है।

**मंदिर की विशेषता-** वैथीस्वरन कोइल एक बड़ा और प्राचीन मंदिर है जो 10.7 एकड़ में फैला हुआ है। कहा जाता है कि यह मंदिर बीमारियों को दूर करने और अच्छी सेहत पाने के लिए खास माना जाता है। मंदिर में एक पांच मंज़िला गोपुरम (मुख्य द्वार) है और इसके अंदर कई प्रांगण (खुले स्थान) हैं। गर्भगृह में भगवान शिव शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। पहले प्रांगण में भगवान मुरुगन (सुब्रमण्य) की मूर्ति है, साथ ही नटराज, सोमस्कंद, दुर्गा, सूर्यदेव, और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां भी हैं। दूसरे प्रांगण में देवी थायालनायकी का मंदिर है जो औषधीय तेल लिए खड़ी हैं और भक्तों के रोगों को दूर करने का आशीर्वाद देती हैं।

**पवित्र जल कुंड औषधीय गुणों से भरपूर-** मंदिर के पास एक पवित्र जल कुंड है जिसे औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। लोग इसका पानी दवा के रूप में उपयोग करने के लिए घर ले जाते हैं। मंदिर रोजाना सुबह 6:00 बजे से रात 8:30 बजे तक खुला रहता है। यहां स्वास्थ्य और कल्याण के वरदान के लिए हज़ारों भक्त आते हैं।



## गीता सार

**यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव।**
**येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

हे अर्जुन! जिसको जानकर फिर तुम इस प्रकार मोह को नहीं प्राप्त होगे। जिस ज्ञान द्वारा तुम सम्पूर्ण भूतों को पहले अपने में और फिर मुझ (परमात्मा) में देखोगे॥

## तारीख विशेष

### दीना पाठक

दीना पाठक हिंदी फ़िल्मों की अभिनेत्री थीं। उनकी प्रसिद्ध फिल्मों में 'मौसम', 'किनारा', 'किताब', 'चितचोर', 'घरौंदा', 'गोलमाल', 'खूबसूरत' आदि शामिल हैं। दीना पाठक ने अपने करियर की अधिकतर फिल्में आर्ट निर्देशकों के साथ कीं। ऐसा इसलिए क्यूंकि वह थियेटर जगत से जुड़ी थीं और कमर्शियल फिल्मों की चमक-दमक उन्हें पसंद नहीं थी। भारतीय सिनेमा जगत में दीना पाठक ने ना सिर्फ अभिनय के क्षेत्र में अपना डंका बजाया बल्कि उन्होंने थियेटर जगत को सिनेमा के साथ जोड़ने में बेहद अहम भूमिका निभाई। आज़ादी से पहले महिलाओं का रंगमंच से जुड़ाव बेहद कम होता था। ऐसे समय में भी दीना पाठक ने रंगमंच को अपनी कर्मभूमि बनाया और उसमें सफलता हासिल करने की कोशिश की। अंग्रेज़ों से लड़ाई की जंग में दीना पाठक ने भी अपना योगदान दिया। उन्होंने नुक्कड़ नाटकों द्वारा जनता को अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ एकजुट होने की अपील की। गुजराती थियेटर को अपनी पहचान दिलाने में दीना पाठक का बेहद अहम योगदान रहा है। 1940 से ही दीना पाठक गुजराती थियेटरों में काम करने लगीं थीं। दीना पाठक की बेटियां रत्ना पाठक और सुप्रिया पाठक भी हिंदी कला जगत् की चर्चित अभिनेत्री हैं। दोनों ने ही अधिकतर हास्य प्रधान टीवी कार्यक्रमों में अपनी छाप छोड़ी है। 80 के दशक के सबसे चर्चित टीवी शो 'मालगुड़ी डेज' में भी दीना पाठक नजर आईं। दीना पाठक की आख़िरी फिल्म साल 2003 की 'पिंजर' थी। दीना पाठक का जन्म गुजरात के अमरेली में 4 मार्च, 1922 को हुआ था और उनके पिताजी सिविल इंजीनियर थे। उनकी परवरिश पूना और बंबई में भी हुई थी। इसलिए वे मराठी भी अच्छी बोल लेतीं थीं। उनकी पढ़ाई के दिनों में आज़ादी का आंदोलन अपने ज़ोरों पर था। इस लिए उन दिनों शेरी नाटक का भी खूब चलन था। दीना जी, यानी उस समय की दीना गांधी, भी उनमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती थीं। वे खासकर महिला जागृति के लिए कार्यशील थीं। विविध आंदोलनों का हिस्सा होने की वज़ह से उन्होंने कारावास भी सहा था। उनकी बड़ी बहन शांता गांधी तथा छोटी बहन तरला भी थियेटर से जुड़ी थीं।

### डा. पूर्णिमा देवी बर्मन

# असाधारण वन्यजीव संरक्षक

वीना गौतम

**भारतीय जीव विज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणवादी डा. पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम पत्रिका की 'वुमन ऑफ द ईयर-2025' सूची में शामिल किया गया है। असम की निवासी डा. बर्मन इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल होने वाली अब तक की एकमात्र भारतीय महिला हैं, जिन्हें असाधारण वन्यजीव संरक्षण कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। डा.बर्मन ने ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क के संरक्षण के लिए 'हर्गिला आर्मी' नामक एक महिला केंद्रित आंदोलन की शुरुआत की जिसने स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हुए इस दुर्लभ पक्षी की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। उनके प्रयासों से असम में सारस पक्षी की इस विशेष जाति की संख्या पिछले कुछ सालों में 450 से बढ़कर अब 1800 से ज्यादा हो गई है। उनके नेतृत्व में हर्गिला आर्मी ने न केवल पक्षी संरक्षण में योगदान दिया है बल्कि महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। क्योंकि उनकी इस पहल के कारण महिलाएं हर्गिला के चित्रों वाले वस्त्र बनाकर बड़ी आसानी से अपनी अजीविका कमा रही हैं।**

इमेज

गौरतलब है कि डा.बर्मन को साल 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनपीई) द्वारा 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था, जो पर्यावरण के क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार समझा जाता है। बहरहाल डा.पूर्णिमा देवी बर्मन के टाइम वुमन ऑफ द ईयर-2025 की सूची में शामिल होने पर असम के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी उन्हें बधाई दी गई है और उन्हें एक प्रेरणा स्रोत के रूप में सराहा गया है। डा.पूर्णिमा देवी बर्मन का समर्पण और प्रयास न केवल वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है बल्कि सामाजिक परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण के मामले में भी वह एक मिसाल कायम कर रहा है। मालूम हो कि साल 2020 में टाइम मैगजीन द्वारा 'वुमन ऑफ द ईयर' सूची की शुरुआत की गई, जिसमें हर साल दुनियाभर की 12 विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही सर्वोच्च महिलाएं चुनी जाती हैं। असम के कामरूप क्षेत्र में जन्मीं पूर्णिमा देवी बर्मन ने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से पर्यावरण विज्ञान और वन्यजीव विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ जियोलोजी में मास्टर डिग्री की है, साल 2007 में अपने पीएचडी शोध के दौरान उन्होने देखा कि एक व्यक्ति ने एक पेड़ से ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क (हर्गिला) का घोंसला काटकर गिरा दिया, तब उन्होंने पाया कि यह पक्षी अपनी बनावट और मांसाहारी प्रकृति के कारण बुरा लगता है। यह देखकर पूर्णिमा देवी ने अपनी पीएचडी छोड़कर स्थानीय लोगों को इस पक्षी के पर्यावरणीय महत्व के बारे में समझाना शुरु किया और लगातार कई सालों तक किए गए अपने विनम्र प्रयास के कारण आज यहां के लोगों का इस विशेष सारस प्रजाति के प्रति बेहद खास लगाव पैदा हो गया है, जिस कारण अब ये यहां बेफिक्र होकर उड़ते हैं। अब इनकी संख्या में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पूर्णिमा देवी ने पहले कुछ लोगों को इस पक्षी के पर्यावरणीय महत्व को समझाया और फिर उन लोगों को भी इसके बचाव अभियान में शामिल कर लिया। इस तरह वह लगातार लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ती रहीं, जिन्हें हर्गिला आर्मी के नाम से जाना जाता है,इसमें अधिकतर महिलाएं हैं जो सारस हर्गिला के बचाव का काम करती हैं। डा.पूर्णिमा देवी बर्मन ने हर्गिला को बचाने के लिए अरण्यक संगठन बनाया और उसमें उन्होंने वरिष्ठ वन्यजीव विज्ञानी के रूप में काम किया। डा.पूर्णिमा देवी वुमन इन नेचर नेटवर्क इंडिया की निदेशक भी हैं और आईयूसीएन स्टॉर्क, आईबीआईएस और स्पून विन स्पेशलिस्ट ग्रुप की सदस्य भी हैं। इस दुर्लभ पक्षी हर्गिला को बचाने के लिए सबसे पहले उन्होंने इसे लेकर लोगों की धारणा बदली। 16 साल तक किए गये अपने अथक प्रयासों के बाद उन्होंने कामरूप कामाख्या क्षेत्र में 10 हजार महिलाओं की हर्गिला आर्मी टीम तैयार की है, जो इस पक्षी के घोसलों की सुरक्षा करती हैं। घायल सारसों की देखभाल करती हैं और नवजात सारसों के जन्म पर बेबी सावर जैसी परंपराओं को अपनाकर संरक्षण को समाज से जोड़ने का काम कर रही हैं। उनके अथक प्रयासों के चलते आज ग्रेटर एडजुटेंट सारस को आईयूसीएन (अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ) द्वारा 'संकटग्रस्त' से 'निकट संकटग्रस्त' श्रेणी में लाया जा चुका है। उनकी पहल केवल सारस संरक्षण तक ही सीमित नहीं रही, उन्होंने स्थानीय महिलाओं को बुनाई करियर की ओर भी प्रेरित किया है और उनके लिए करघे तथा धागे उपलब्ध कराकर हर्गिला आकृति वाले कपड़े बनाकर बेंचने का एक मजबूत बिजनेस तैयार किया है। पूर्णिमा देवी बर्मन को साल 2017 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है, जो उन्हें भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा प्रदान किया गया था। उसी वर्ष उन्हें ब्रिटेन की राजकुमारी एनी द्वारा प्रस्तुत व्हिटली अवॉर्ड (ग्रीन ऑस्कर) से भी सम्मानित किया गया। दुनिया की मशहूर टाइम पत्रिका की वुमन ऑफ द ईयर सूची का उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मानित करना होता है, जिन्होंने अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया होता है और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला होता है। वास्तव में यह पहल महिलाओं की उपलब्धियां पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई है। इस सूची की शुरुआत 2020 से हुई थी और अब तक के इतिहास में टाइम ने पहली बार वुमन ऑफ द ईयर परियोजनाओं के तहत 100 महिलाओं को सम्मानित किया। टाइम की इस सूची में दुनिया के एक से बढ़कर एक महत्वपूर्ण शख्सियतें शामिल की जा चुकी हैं। लेकिन डा.पूर्णिमा देवी बर्मन भारत की तरफ से इस सूची का हिस्सा बनने वाली अकेली महिला हैं किसी और भारतीय को यह सम्मान नहीं मिला है। डा. बर्मन को आज भी याद है कि किस तरह उन्होंने 2007 के उस दिन जब एक पेड़ को कटते देखा, जिसमें ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क यानी बृहद सारस के परिवार का घर था और वह कुछ महिलाओं के साथ जब पेड़ काटने वालों से पूछा कि वह ऐसा क्यों कर रहे हैं, तो सभी ने उन्हें घेर लिया और उन पर सीटी बजाना शुरु कर दिया।

## पाठक पाती

### दिल्ली में यमुना सफाई जटिल और महत्वपूर्ण मुद्दा

यमुना नदी की सफाई एक जटिल और महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर केंद्रीय जल मंत्रालय कार्य योजना तैयार करने जा रहा है। यह योजना यमुना नदी की सफाई के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करेगी, जिसमें उद्गम स्थल से लेकर दिल्ली और उसके आगे तक की सफाई शामिल होगी। एक समय 58 सदस्यों के साथ शुरू हुआ अपर यमुना रिवर बोर्ड अब केवल दो सदस्यों तक सिमट चुका है। समय के साथ नए पदों पर नियुक्तियां नहीं हुईं, जिससे धीरे-धीरे कई पद समाप्त हो गए। अब संसदीय समिति ने इस पर गंभीर चिंता जताते हुए इन पदों को फिर से भरने की सिफारिश की है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय ने भी भरोसा दिलाया है कि जल्द ही कैडर पुनरीक्षण कर इन रिक्त पदों को भरा जाएगा। इस योजना के लिए जन सहयोग लेना बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। यदि हमारे धर्मगुरु और यमुना किनारे बसे गांव के लोग इस शुभ कार्य में श्रमदान करने के लिए आगे आएं, तो यह एक सोने पर सुहागा की स्थिति होगी। इसका फायदा क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। इसके अलावा, यमुना में गंदा जल मिलने वाली इकाइयों पर सख्त कार्यवाही की जाना चाहिए। यदि गंदा जल मिलता रहा, तो यह अभियान विफल हो जाएगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम यमुना नदी की सफाई के लिए एक व्यापक और प्रभावी योजना बनाएं।

- सुभाष बुडावन वाला, रतलाम, मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...




मजबूत पासवार्ट का उपयोग करें और अपनी निजी जानकारी को ऑनलाइन कम से कम साझा करें। साइबर अपराध ऐसे होते हैं कि हम अक्सर अनजाने में फंस जाते हैं। अजनबियों से लंबी बातचीत से बचें और ऑनलाइन अज्ञात लोगों के साथ बातचीत करते समय सतर्क रहें।

-अर्जुनराम मेघवाल



कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा रोहित शर्मा की बॉडी शेमिंग करना सरासर दुस्साहस है। ये वही कांग्रेस है जिसने दशकों तक खिलाड़ियों का अपमानित किया, उन्हें मान्यता नहीं दी। जो पार्टी भाई-भतीजावाद पर पनपती है वह स्व-निर्मित चैंपियन का व्याख्यान कर रही है।"

-राधिका खेड़ा



हमें पुतिन के बारे में चिंता करने में समय नहीं बिताना चाहिए। हमें हमारे देश में घुस रहे प्रवासी रेप गैंग्स, ड्रग माफियाओं, हत्यारों और मानसिक संस्थानों के लोगों के बारे में चिंता करने में ज्यादा समय बिताना चाहिए, ताकि हम यूरोप की तरह न हो जाएं।

-डोनाल्ड ट्रंप

## कुछ अलग | अजब गजब

# दिल जीत लेगा भारतीय फौजियों का ये वीडियो, मुश्किल हालात में भी करते मौज-मस्ती

हमारे देश की सीमा पर दुश्मनों की नजर हमेशा रहती है। सीमाई इलाकों में पड़ोसी मुल्क अक्सर आतंकी वारदातों को अंजाम देने की कोशिश में लगे रहते हैं। लेकिन उनके मंसूबों को भारतीय फौज हर बार नाकाम कर देती है। सीमा पर हमारे फौजी मुश्तैदी से विपरित परिस्थितियों में भी भारत मां की रक्षा में लगे रहते हैं। लेकिन उनका मनोबल टूटता नहीं है। वे विषम स्थिति में भी मस्ती का मौका तलाश ही लेते हैं। सोशल मीडिया पर भारतीय फौजियों का एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जो दिल जीत लेगा। इस वीडियो में हमारे फौजी भाई मुश्किल हालात में भी मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं।

कोरोना के समय पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा में अवसर तलाशने की बात कही थी। इस वीडियो में वैसा ही कुछ देखने को मिलेगा। दरअसल, बर्फ से घिरे सीमाई इलाकों में भीषण ठंड के बीच रहना मुश्किल होता है। लेकिन आपदा में अवसर तलाशने की तरह हमारे भारतीय सैनिक बर्फ में मस्ती करते नजर आए। वो अपनी कर्मभूमि को पिकनिक की तरह एन्जॉय करते दिखे। देश की रक्षा का इससे बेहतर उदाहरण कुछ हो ही नहीं सकता। वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि चारों तरफ बर्फ की चादर बिछी हुई है। दूसरी ओर कंटीली तारों से घिरे बॉर्डर को देखा जा सकता है।



दूसरे तरफ कोई भी फौजी नहीं है, जिससे पता चलता है कि हमारे फौजी अपनी सीमा की रक्षा में 365 दिन जुटे रहते हैं, जबकि पड़ोसी मुल्क के लोग बॉर्डर एरिया छोड़कर चले जाते हैं। इस वीडियो में भारतीय फौजी उलटी तरफ से गुलाटी मारने की कोशिश करता है। इंस्टाग्राम पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक इस फौजी का नाम चिंतन चौधरी है। इसके बाद चिंतन लगातार बर्फ में मस्ती कर रहा है। बीच में एक अन्य फौजी भी चिंतन के साथ मस्ती करता है। चिंतन हंसते हुए दूसरी ओर जाते हैं। लेकिन उनकी मस्ती नहीं रुकती। इंस्टाग्राम पर चिंतन का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। अब तक इस वीडियो को 1 करोड़ 81 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। वहीं, लाखों लोगों ने इसे लाइक और शेयर किया है। वीडियो पर हजारों की संख्या में कमेंट्स भी आए हैं। लोगों ने जमकर भारतीय फौजी की तारीफ की है।

# महाप्रबंधक अमिताभ ने दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड का उद्घाटन किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने सोमवार को फुलेरा रेलवे स्टेशन पर दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड फुलेरा का प्रवीण कुमार प्रबंध निदेशक-डीएफसीसी आईएल एवं विकास पुरवार मंडल रेल प्रबंधक जयपुर, शिवेंद्र मोहन, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर की गरिमामयी उपस्थिति में उद्घाटन किया। कृष्ण कुमार मीना वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि जयपुर मंडल के फुलेरा रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक अमिताभ नें दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड फुलेरा का उद्घाटन एवं वृक्षारोपण किया। साथ ही लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, ट्रैकमैन व अन्य विभाग सहित ट्रेन संचालन से जुड़े कर्मचारियों से संरक्षा संवाद कर उनकी समस्याएं को धैर्यपूर्वक सुनकर समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान वैगन कैयर कॉम्पलेक्स, पारिस्थितिक पार्क में नई स्काउट और गाइड सुविधाओं का निरीक्षण, सामुदायिक भवन, रेलवे हॉस्पिटल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कंट्रोल टॉवर साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक अमिताभ के साथ प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक मदन राम देवड़ा, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर पीयूष माथुर,अपर मंडल रेल प्रबंधक संजीव दीक्षित, सीटीई उत्तर पश्चिम रेलवे जितेंद्र पाट्टवा,सीई/एलई राजेश कुल्हारी,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर प्रमोद रावत, मंडल वाणिज्य प्रबंधक जगदीश कुमार साथ ही मुख्यालय व मंडल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इस मौके पर नागरिकों द्वारा महाप्रबंधक का स्वागत किया गया व अपनी रेल से संबंधित समस्याओं का ज्ञापन दिया।

## जिले के किसानों का दल पशुपालन व डेयरी तकनीक के प्रशिक्षण के लिए मथुरा रवाना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** किसानों को नई तकनीक सिखाने के उद्देश्य से आज जिले के 40 प्रगतिशील किसानों का दल पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान मथुरा (उत्तर प्रदेश) में सात दिवसीय अंतर राज्यीय कृषक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रवाना हुआ। प्रशिक्षण दल को कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीना एवं उप निदेशक आत्मा डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीना ने किसानों से कहा कि संस्थान के विषय विशेषज्ञों से अच्छी तरह संवाद कर कृषि में नवाचार करें तथा प्रशिक्षण में सीखी गई पशुपालन व डेयरी तकनीकी का स्वयं प्रयोग करने के साथ ही अपने गांवों में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। उप निदेशक आत्मा डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024-25 में राजस्थान कौशल एवं क्षमता संवर्धन घोषणा के तहत आत्मा योजनान्तर्गत जिले की अलग-अलग पंचायत समितियों से चयनित 40 प्रगतिशील किसानों के दल को 9 मार्च तक पशुपालन व डेयरी तकनीकी विषय के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु मथुरा भेजा गया है। दल के प्रभारी सहायक कृषि अधिकारी श्री राकेश कुमार बैरवा हैं।

# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में किसी प्रकार के रुकावट के निस्तारण हेतु उच्च स्तर पर स्मरण पत्र अथवा अर्द्धशासकीय पत्र लिखे जाएं। इस दौरान बैठक में जिला कलक्टर ने खाद्य सुरक्षा आवेदनों की स्थिति पर जानकारी ली। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को खाद्य सुरक्षा के ई-मित्र स्तर पर लंबित आवेदनों की सूची भिजवाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बदलते मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियें के संबंध में पूर्ण तैयारियां रखने हेतु चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने नगर परिषद को जलभराव के संबंध में समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने एग्रीस्टैक फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए कहा कि आने वाले शिविरों में अधिक से अधिक पंजीकरण के प्रयास किये जायें। इस दौरान उन्होंने एसडीआरएफ के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। उन्होंने लंबित परिवादों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को तीव्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मासूम को इंसाफ दिलाने के लिए छेड़ेंगे आंदोलन : जूली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष (विधानसभा) टीकाराम जूली ने कहा कि जिले सहित पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़ी पड़ी है। नौगांवा के रघुनाथगढ़ में एक माह की बच्ची की मौत पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने अपने बयान में लिखा है कि केवल 5 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने से काम नहीं चलेगा। पूरे थाने पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस अब पूरे मामले पर पर्दा डालने में लगी है। मासूम की हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे। इसके लिए प्रदेशभर में आंदोलन छेड़ेंगे।

# 'भागवत में सतयुग के राजा पृथु जन कल्याण के कामों की मिसाल हैं'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ग्राम जोड़ी में ठाकुर आनंद सिंह, नीरू सिंह व यजमान ज्योतिका सिंह, मधुसूदन सिंह के द्वारा आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन कल्याण व लोकोपयोगी कामों को सर्वाधिक महत्व देना सनातन धर्म के शासकों की परम्परा रही है। लाखों वर्ष पूर्व सतयुग में हुए राजा पृथु जिनके नाम से धरती का नाम पृथ्वी है उनके द्वारा सबसे पहले कृषि विस्तार, भूमि समतलीकरण, वर्षा जल संग्रहण आदि के विभिन्न जनकल्याणकारी काम प्राथमिकता से कराये। यहां तक कि उनके द्वारा कराये जाने वाले कामों में ग्रामीण व नगरीय विकास नियोजन, कृषि संस्कृति का बढ़ावा, प्रजा के रोजगार की व्यवस्था व जनोपयोगी समुचित कर संग्हण का उल्लेख भी भागवत में मिलता है। इसी क्रम में ईश्वरीय अवतार परमहंस ऋषभेव व उनके पुत्र भरत के चरित में जनता जनार्दन तथा ईश्वर के प्रति समर्पण व भक्ति भाव का संदेश दिया गया है। माया में फंसा जीव ही अजामिल है यह सही है कि अंत समय में अजामिल द्वारा अपने पुत्र नारायण का नाम लेने मात्र से उसकी मुक्ति का रास्ता खुल गया था। मगर इसके पीछे उसके द्वारा पूर्व जन्म में संचित तपस्या का फल भी था। भगवान को अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतरित होना पड़ता है। भक्त प्रह्लाद को बचाने तथा लोभी व भोगी आदि दैत्य हिरण्यकशिपु के उद्धार के लिए भगवान् नृसिंह रूप में आये। कथा के दौरान वर्णन किया कि नारी शक्ति के सम्मान के लिए शिवजी अर्द्ध नारीश्वर बने। तथा त्रिपुर नामक आसुरी वृत्ति के उद्धार से उनका नाम त्रिपुरारि पड़ा। गजेन्द्र मोक्ष हमें यह शिक्षा देता है कि विषय भोगों में प्यासा जीव संसार सागर में कैसे फंसता है। समुद्र मंथन की सीख यह है कि संसार समुद्र के मंथन में सबसे पहले जगत के विषय ही विष रूप में सामने आएंगे।

# महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री एस जे डी अग्रवाल तोला स्मृति महिला पी जी महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मान प्रताप जी कस्वां सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी कि अध्यक्षता में आयोजित समारोह का सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। संस्थाध्यक्ष रामावतार बैरासरिया ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में महाविद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। रेणु पुत्री सुभाष चंद्र को एम. ए. संस्कृत में विश्वविद्यालय टॉप करने पर नगद राशि एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सुनीता पुत्री राजकुमार व निशा पुत्री विनोदकुमार के खेलो इंडिया मे बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे चयन होने पर मेडल एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इसी क्रम मे महाविद्यालय में सत्र पर्यन्त आयोजित सह शैक्षणिक गतिविधियों मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर विजेता रही छात्राओं को भी प्रतीक चिन्ह व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष मान प्रताप जी कस्वां ने तोला महिला महाविद्यालय की महिला शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए छात्राओं को कठोर मेहनत करने और भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाने की सलाह दी।

# भाजपा नेता ओमप्रकाश खीचड़ सम्मानित



**सादुलपुर।** राजगढ़ के गांव घणाऊ में श्री गोरक्षनाथ गौशाला में पूज्य महाराज कथावाचक जितेन्द्र द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा वाचन कार्यक्रम में भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड़ एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने पहुंचकर पूज्य महाराज जितेंद्र का भागवत कथा प्रवचन का श्रवण किया। इस मौके पर गौशाला पदाधिकारियों द्वारा भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़ व भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, महंत जगदीश पुरी महाराज का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड़ ने अपने विचार को प्रकट कर बताया कि भागवत में सृष्टि की रचना का तात्पर्य है कि परब्रह्म परमात्मा ही अपने ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीन रूप से संसार की संरचना, पालन और प्रलय करता है।

# नागरिक विकास परिषद भवन में पांच बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर व पांच एयरबैड की सेवा का लोकार्पण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सेवा का अर्थ है दूसरों को ईश्वर का अंश मानते हुए उनकी भलाई के लिए कार्य करना। हादसों में पीड़ित मानवता को बिना किसी जाति, धर्म, वर्ग, भाषा भेद के सेवा करना आत्मसंतोष देता है। ये प्रेरणा श्रीडूंगरगढ़ न्यायालय के न्यायाधीश हर्ष कुमार ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं को दी। वे नागरिक विकास परिषद भवन में पांच बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर व पांच एयरबैड की सेवा के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहें थे। हर्ष कुमार ने कहा कि सेवा कार्य करने वाले सामाजिक दायित्वों के प्रति भी जागरूक होकर समाज की कुरीतियों को खिलाफ चेतना प्रसार पर भी ध्यान दें। यहां कार्यक्रम की



अध्यक्षता करते हुए संस्थाध्यक्ष जगदीश स्वामी ने बताया कि संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता तुलसीराम चौरड़िया की प्रेरणा से दानदाता राजेश कुमार पुत्र नोरतमल चोरड़िया द्वारा पांच बड़े ऑक्सिजन सिलेंडर और सोहनलाल सेठिया द्वारा पांच एयरबैड नागरिकों की सेवा के लिए समर्पित किए गए है। स्वामी ने बताया कि परिषद द्वारा ऑक्सीजन मशीनें, ऑक्सीजन सिलेंडर, एंबुलेंस, शव वाहन, शव फ्रीजर, सर्जीकल बैड, व्हील चौयर सहित विभिन्न चिकित्सा उपयोगी मशीनें क्षेत्रवासियों की सेवार्थ संचालित की जानकारी दी।

# राजस्थानी फिल्म 'बेटी है वरदान' का गोविंद देवजी के मंदिर में मुहूर्त

## बेटा-बेटी एक समान के संदेश को जनमानस तक पहुंचाएगी, यह फिल्म

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** साहू फिल्म प्रोडक्शन रतननगर के बैनर तले बनने जा रही राजस्थानी फिल्म बेटी है वरदान का शुभ मुहूर्त गुलाबी नगर जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी के मंदिर में वैदिक मंत्रोंचार के साथ पूर्ण विधि विधान से संपन्न हुआ। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने फिल्म का पूजन कर शुभारंभ किया। फिल्म की टीम को मंदिर प्रशासन द्वारा दुपट्टा पहनाकर और प्रसाद भेंटकर स्वागत सम्मान किया। फिल्म के निर्माता, निर्देशक, वरिष्ठ कलाकार उग्रसेन तंवर ने बताया कि यह एक पारिवारिक राजस्थानी फिल्म है जिसे संपूर्ण परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकता है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे आज के इस आधुनिक जमाने में भी बेटी के प्रति लोगों की सोच अभी बदली नहीं है लोग अभी भी बेटे और बेटी में फर्क करते हैं। बेटा-बेटी एक समान के संदेश को यह फिल्म जनमानस तक पहुंचाएगी। मुहूर्त के बाद मंदिर में कलाकारों पर विभिन्न दृश्य



फिल्माए गए। फिल्म में वरिष्ठ कलाकार उग्रसेन तंवर, रेखा परिहार व यूट्यूबर मनीष साहू फिल्म की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। व सहायक कलाकार शंकरलाल सैनी रतननगर चूरू भी अभिनय करेंगे। फिल्म के मधुर गीतों को सिंगर रेखा परिहार व दिलबर हुसैन ने अपनी मधुर आवाज से सजाया है। मुहूर्त पर फिल्म के निर्माता व लेखक गणेश साहू , बनवारीलाल साहू, मुकेश तंवर, फिल्म से जुड़े पंडित विजयशंकर पांडे, राजेंद्र राव, चंद्रशेखर, पुष्पेंद्र सैनी और फिल्म के निर्माता, निर्देशक व वरिष्ठ कलाकार उग्रसेन तंवर, राज जांगिड़, हितेश सोलंकी, अभिनव शर्मा, सुभाष सेठ, रामगोपाल सैनी, कलाकार शंकरलाल सैनी, ओपी शर्मा, बलजीत गोस्वामी, अनिल सैनी, उषा जैन, अंजलि पारेख, मीनाक्षी, सनाया सैनी, जया पांडे आदि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय माली सैनी समाज की चुनाव को लेकर बैठक सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** पुराने रोडवेज बस स्टैंड स्थित शीतला माता के मंदिर में सोमवार को एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें में आगामी 23 मार्च 2025 को होने जा रहे अखिल भारतीय माली सैनी समाज संस्थान पुष्कर, अध्यक्ष पद हेतु चुनाव के बारे में चर्चा की गई। इसके संबंध में अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्याम माली भकरी, अपने टीम के साथ कुचामन में आगमन हुआ। समाज के समक्ष अपना विजन प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष रखा। श्याम माली ने अपने पक्ष में वोट की अपील की इसी के साथ कुचामन सैनी समाज की ओर से अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्याम जी माली का स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज के गणमाण्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नगर अध्यक्ष जगदीश माली, खेताराम सिंगोदिया, मिट्ठूलाल माली तहसील अध्यक्ष सैनी विकास संस्था, एवं समाज के अनेक गणमाण्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## सातड़ा गांव में 132 केवी जीएसएस बजट में घोषणा के बाद भी शुरू नहीं बिजली : न्यौल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता



आदूराम न्यौल ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि 1 वर्ष पूर्व विधानसभा में प्रथम बजट सत्र में सातड़ा गांव में 132 केवी जीएसएस स्वीकृत किया गया था परंतु आज तक उसका काम भी शुरू नहीं हुआ किसान नेता न्यौल ने बताया कि 132 के.वी. जी. एस. एस. शुरू नहीं किए जाने से चूरू, रतनगढ़, सरदारशहर के बीच के लगभग 100 गांव तथा 350 ढाणियों में बिजली संकट गहराया हुआ है। बिजली की आंख मिचौली ट्रिपिंग से किसानों के ट्यूबवेलों की मोटर जल जाती है। किसानों को भारी नुकसान भुगतना पड़ रहा है। किसान नेता न्यौल ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर तथा डिस्कॉम अध्यक्ष आरती डोगरा को अलग-अलग ज्ञापन भेजकर कठोर चेतावनी दी है कि वह बजट घोषणा के अनुसार 132 केवी जीएसएस अभिलंब शुरू करें जनता से वादा खिलाफी नहीं करें। बिजली की समस्याओं से कृषक बहुत दुखी है उन्होंने कहा कि आंचल के हजारों किसान विलंब होने से जयपुर विधानसभा पर धरना प्रदर्शन करने पर विवश होंगे , किसानों से टकरार मोल न ले। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में खेमचंद माली हरिराम न्यौल, दुलाराम मेघवाल, श्यामलाल नागवान, मुकनाराम जाट, कबीर दास स्वामी, ओम प्रकाश जांगिड़ सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता एडवोकेट सद्दाम हुसैन को कोलायत विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) की ओर से चूरू के



एडवोकेट सद्दाम हुसैन को कोलायत (बीकानेर) विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाये जाने पर चूरू के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा कांग्रेस के शीर्ष प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## न्यांगली ने सादुलपुर में भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान को विधानसभा में उठाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** विधायक मनोज न्यांगली ने सादुलपुर राजगढ़ मे भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान की मांग को लेकर विधानसभा मे मुद्दा उठाकर



सरकार का ध्यान आकर्षित किया न्यांगली ने बताया की ओलावृष्टि ने हमारे किसानों की मेहनत पर कहर बरपाया है। फसलें बर्बाद हो गईं, लेकिन सरकार की नीतियां किसानों के दर्द को आंकड़ों में तौलने में लगी हैं और मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से विशेष राहत पैकेज की मांग की और बीमा कंपनियों को सामूहिक आंकलन की जगह खेत-खेत जाकर नुकसान का आकलन करने का निर्देश देने की अपील की। हर किसान को न्याय मिले, हर खेत का सही मुआवजा मिले ताकी किसानो के साथ कीसी तरह का कोई भेदभाव नही हो और प्रकृति की इस घटनाक्रम से मुआवजे के तौर पर किसान राहत की सांस ले सके।

## तारानगर न्यायाधीश ने ब्याज सहित कुल 13.57 लाख रूपए का अवार्ड पारित किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में ब्याज सहित कुल 13.57 लाख रूपये का आवार्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि दिनांक 24 मार्च 16 को कोहिणा गांव के बजरंगलाल पुत्र शिशपाल जाट व बजरंगलाल पुत्र सुगनाराम मेघवाल तथा धर्मपाल पुत्र शिशपाल जाट तीनों पिकअप में सवार होकर भालेरी से कोहिणा जा रहे थे, धर्मपाल गाड़ी चला रहा था ज़ब भालेरी से दो किलीमीटर गलगटी की तरफ पहुंचे तो धर्मपाल ने पिकअप गाड़ी को तेज गति व लापरवाही व गफलत से चलाकर पलटा दिया, जिससे बजरंगलाल जाट पिकअप के नीचे दब गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। बजरंगलाल मेघवाल ने घटना का मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर पिकअप चालक के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मृतक बजरंगलाल की ओर से उसकी माता विमला, भाई, दादा दादी ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की। पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने पत्रावली का अवलोकन कर पत्रावली पर आई साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थीगण विमला आदि के पक्ष में मय ब्याज कुल 13.57 लाख रूपये का अवार्ड पारित कर अप्रार्थी बीमा कम्पनी को अदा करने का आदेश प्रदान किया।

## राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में बुधवार से शुरू होगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में बुधवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होगा, जिसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं संपादित की जा रही है। अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा ने इस बारे में जानकारी देते हुए मीडिया को बताया की बस स्टैंड क्षेत्र, रेलवे स्टेशन के आसपास तथा मुख्य बाजारों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। ऐसे ऐसे अतिक्रमण हैं जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि राजगढ़ पुलिस थानाधिकारी सीआई राजेश सिहाग और पुलिस बल के साथ वह खुद मय स्टाफ के एकाधिक बार शहर में पैदल मार्च कर चुके हैं। व्यापारियों तथा अतिक्रमियों को समझाइश का प्रयास किया। हालांकि कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाए भी हैं मगर अधिकांश स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। इसके लिए नगर पालिका प्रशासक एवं एसडीएम मीनू वर्मा के आदेश और चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना की स्वीकृति के बाद 5 मार्च को प्रात: 8:00 बजे से अतिक्रमण हटाए जाने के कार्रवाई शुरू होगी। इस दौरान नगर पालिका टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहेगा।

## जिला मुख्यालय पर कामकाजी महिला निवास योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला मुख्यालय पर कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास उपलब्ध करवाया जायेगा जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन सके। महिलाओं को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए स्वयंसेवी संस्था, संगठन, ट्रस्ट, नगरनिकाय व सेवा प्रदाताओं इत्यादि के माध्यम से कामकाजी महिला निवास राजकीय भवन निर्मित होने तक अस्थाई रूप से जिला स्तर पर संचालित किया जायेगा। कामकाजी महिला निवास योजना के दिषा-निर्देषों के अनुसार अनुदान व अन्य शर्तें लागू होंगी। योजना हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्था, संगठन, ट्रस्ट, नगरनिकाय, सेवा प्रदाता 10 मार्च तक कार्यालय जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर दस्तावेज सलंग्न कर आवेदन कर सकता है।

# जैसलमेर में 13 से बंद होंगी हवाई सेवाएं

**▶▶ 6 महीने के लिए एयरपोर्ट होगा सूना**
**▶▶ दिल्ली, मुंबई व जयपुर के लिए इंडिगो चला रही फ्लाइट**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में 13 मार्च से एयर कनेक्टिविटी बंद हो जाएगी। इंडिगो ने 3 शहरों के लिए आगामी 12 मार्च तक ही हवाई सेवाओं का शेड्यूल जारी किया है। इसके बाद हवाई सेवाओं पर विराम लग जाएगा। होली के त्योहार से ठीक पहले फ्लाइट बंद होने की खबर से पर्यटन बिजनेस से जुड़े लोग काफी निराश है।

हर साल मार्च से सितंबर महीने तक फ्लाइट बंद हो जाने से सैलानियों की संख्या में कमी हो जाती है, वहीं 6 महीने के लिए एयरपोर्ट सूना हो जाता है। सिविल एयरपोर्ट जैसलमेर के निदेशक प्रमोद मीणा ने बताया- इंडिगो ने 12 मार्च तक दिल्ली, जयपुर व मुंबई के लिए ही शेड्यूल जारी किया था।

### इंडिगो का शेड्यूल 12 मार्च तक

जैसलमेर का सिविल एयरपोर्ट आगामी 13 मार्च से सूना हो जाएगा। फिलहाल जयपुर, दिल्ली व मुंबई के लिए हवाई सेवाओं का संचालन किया जाता है। लेकिन इंडिगो का शेड्यूल सिर्फ 12 मार्च तक का ही है। इसके बाद ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं हो रही है। वहीं हवाई कंपनी ने अभी तक आगे के शेड्यूल को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। ऐसे में ये साफ है कि हवाई सेवाएं 12 मार्च के बाद से नहीं चलेगी। ऐसे में दिल्ली, मुंबई व जयपुर से आने वाले व यहां से जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सैलानियों से कमाई, ऑफ सीजन में सुविधा बंद


जैसलमेर से हवाई सेवाएं शुरू होने के बाद आमजन को इस सुविधा से काफी राहत मिलने की उम्मीद थी। लेकिन हवाई कंपनियों द्वारा आमजन के साथ हर साल किए जा रहे छलावे के कारण ऑफ सीजन में जहां हवाई सेवाएं शुरू ही नहीं की जा रही है। वहीं पर्यटन सीजन के समय हवाई कंपनियों द्वारा सैलानियों से पर्यटन सीजन के बूम के नाम पर मुनाफा कमाया जा रहा है। जिसमें वे सैलानियों से टिकट से 5 गुना ज्यादा पैसा लेकर महंगे दामों में टिकट बेचते हैं। मगर ऑफ सीजन में स्थानीय निवासियों के लिए फ्लाइट सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है, क्योंकि तब हवाई सेवाओं को बंद कर दिया जाता है।



### होली से पहले ही बंद हो रही फ्लाइट्स

जैसलमेर में ऑफ सीजन की शुरुआत हो गई है। मौसम में बदलाव के साथ ही सैलानियों की आवक पर असर पड़ गया है। जिससे अब इंडिगो भी अपनी हवाई सेवाएं बंद करने की तैयारी में जुटी है। हालांकि जैसलमेर में अभी शादियों की सीजन है। जिसमें यात्री जैसलमेर पहुंच रहे हैं। लेकिन होली से ठीक पहले हवाई सेवाओं को बंद कर दिया जाएगा। हर साल विंटर सीजन में तो हवाई सेवाओं का संचालन किया जाता है, लेकिन समर शेड्यूल में हवाई सेवाएं शुरू ही नहीं होती है। जिससे आमजन के लिए सीजन में हाई रेट और ऑफ सीजन में हवाई सेवाओं की सुविधा नहीं मिल पाती है। ऐसे में पर्यटन से जुड़े लोगों में काफी निराशा है। प्रिया ग्रुप के मयंक भाटिया ने बताया- निजी कंपनी हर साल ऐसा ही सौतेला व्यवहार करती है जिससे पर्यटन को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। सीजन में 5 हजार की टिकट को 20 से 25 हजार तक बेचने के बाद भी मार्च में हवाई सेवाओं को बंद करना यहां के लोगों के साथ धोखा है।

## महिला के ऊपर से गुजर गई आधी ट्रेन, जिंदा बची



■ सिर में लगी चोट, जोधपुर रेफर
■ छोटे बेटे से विवाद के बाद घर से निकली थी

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एक महिला के ऊपर से आधी से ज्यादा ट्रेन गुजरने के बाद भी उसकी जान बच गई। हालांकि महिला के सिर में चोट लगी है। गंभीर हालत में उसे जोधपुर रेफर किया गया है। छोटे बेटे से विवाद के बाद महिला सुबह ही घर से निकली थी। जीआरपी पुलिस के अनुसार- सोमवार सुबह बाड़मेर से मुनाबाव को जाने वाली ट्रेन रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। स्टेशन से कुछ ही दूरी पर शास्त्री नगर अंडरब्रिज के पास एक बुजुर्ग महिला पैसेंजर ट्रेन के नीचे आ गई। महिला के ऊपर से ट्रेन आधी गुजर गई। लोको पायलट ने जैसे-तैसे ट्रेन को रोका। ट्रेन के रुकने के बाद महिला को बाहर निकाला। महिला के सिर में चोट लगी। 20 मिनट बाद ट्रेन को अगले स्टेशन के लिए रवाना किया गया। महिला को बाड़मेर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जीआरपी थाने के हेड कॉन्स्टेबल पीरचंद ने बताया- महिला की शिनाख्त आटी गांव की रहने वाली मटका देवी (58) पत्नी चनणाराम है।

## क्रेटा ने बाइक सवार सगे भाइयों को मारी टक्कर

**▶▶ एक की मौत, घायल जोधपुर रेफर**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** दो भाई मजदूरी कर बाइक से अपने गांव की तरफ जा रहे थे। पीछे से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बाड़मेर ग्रामीण थाना इलाके के मारूड़ी तनसिंह पुरा गांव बीती रात 8 बजे की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया। वहीं गंभीर घायल का प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार असाड़े की बेरी निवासी खींयाराम पुत्र तुलसाराम दूसरा बड़ा सगा भाई देवाराम दोनों बाड़मेर शहर से दोनों रोजाना की तरह रविवार को बाइक पर अपने गांव जा रहे थे। मारूड़ी तनसिंह पुरा गांव के पास क्रेटा कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे खींयाराम पुत्र तुलसाराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा भाई देवाराम घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद दोनों को एंबुलेंस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचा गया। वहां पर शव को जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया। वहीं, देवाराम का जिला हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया। दो सगे भाइयों को क्रेटा कार ने मारी टक्कर, एक भाई की मौत, दूसरा घायल एएसआई धनाराम ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर सोमवार को मामला दर्ज किया गया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



## स्कॉर्पियो की टक्कर से 20 फीट उछली लग्जरी कार

**▶▶ पेट्रोल पंप मालिक समेत चार घायल**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर-देचू रोड पर स्कॉर्पियो और KIA कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि KIA कार 20 फीट उछलकर सड़क किनारे जाकर पलट गई। हादसे में पेट्रोल पंप मालिक और उसकी पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को देचू के सरकारी हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। हादसा रविवार शाम पांच बजे देचू थाने के जोधपुर-जैसलमेर हाईवे के पास अनोप सिंह नगर में हुआ। इसका वीडियो सोमवार को सामने आया। वीडियो में देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने KIA कार को जबरदस्त टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि KIA कार 20 फीट हवा में उछलकर सड़क किनारे गिरी और फिर बेकाबू होकर 60 मीटर तक घसीटती हुई पलट गई। हेड कॉन्स्टेबल मेघराज ने बताया- रमेश पालीवाल का अनोप सिंह नगर में पेट्रोल पंप है। रविवार शाम वे पत्नी के साथ जोधपुर जा रहे थे। पेट्रोल पंप से महज चार किलोमीटर की दूरी पर पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी KIA कार को जोरदार टक्कर मार दी। पोकरण के लुना गांव जा रहे दो युवकों की स्कॉर्पियो भी 60 मीटर आगे जाकर पलट गई। एक युवक के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे जोधपुर रेफर किया गया।

## जैसलमेर : विंड मिल में लगी आग

**▶▶ तकनीकी फॉल्ट से करोड़ों की मशीन खाक**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के फतेहगढ़ इलाके के मेगा गांव के पास एक विंड मिल में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। निजी कंपनी की विंड मिल में आग से करोड़ों की मशीन खाक हो गई। पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 8 बजे स्थानीय पशुपालकों ने आग लगते देखा। उसने तुरंत सबको जानकारी दी। आग लगने की जानकारी मिलने पर ग्रामीण इकट्ठा होकर वहां पहुंचे, मगर मशीन की आग को नहीं बुझा पाए। आग से मशीन जलकर नष्ट हो गई। हालांकि आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। मगर बताया जा रहा है कि तकनीकी फॉल्ट के चलते आग लगी है।

### पशुपालकों ने दी ग्रामीणों को सूचना

गौरतलब है कि जैसलमेर के फतेहगढ़ तहसील के कपूरिया-मेगा गांव के बीच निजी कंपनी की कई विंड मिल लगी है। इन विंड मिल से बिजली का उत्पादन होता है। सोमवार सुबह एक विंड मिल में अचानक आग लग गई। आग की लपटें कई किमी दूर से देखी जा सकती थी। वहां से गुजर रहे पशुपालकों ने विंड मिल में आग लगते देख ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर निजी कंपनी के कर्मचारी भी मौके पर आए मगर आग ने विंड मिल को अपनी चपेट में ले लिया था। आग से विंड मिल नष्ट हो गई वहीं कंपनी को करोड़ों का नुकसान हुआ। हालांकि आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। मगर बताया जा रहा है कि तकनीकी फॉल्ट के चलते आग लगी है।



### क्या होती है पवन चक्की..

■ पवन चक्की (WIND MILL) एक मशीन है जो हवा की गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलती है। इसे पवन टर्बाइन भी कहा जाता है। पवन चक्की में पाल या ब्लेड नाम के पंख होते हैं, जो हवा की रैखिक गति को घूर्णीय गति में बदल देते हैं। इस घूर्णीय गति से विद्युत पैदा की जाती है। जैसलमेर को विंड मिल का हब कहा जाता है। जिले के कई इलाकों में कई कंपनियों की विंड मिल लगी है। एक पवन चक्की से 2.5 किलोवाट से 2.1 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। एक मेगावाट क्षमता की पवन चक्की करीब साढ़े 5 करोड़ रुपए में बनती है। एक बड़ी पवन चक्की 3.4 मेगावाट बिजली बना सकती है। यह करीब 1,900 घरों को बिजली दे सकती है।

## बाड़मेर में फिर तापमान बढ़कर 20 डिग्री के पार

**▶▶ दिन-रात के पारे में 13 डिग्री का अंतर**


■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। सोमवार को सुबह से हवाओं का दौर शुरू हो गया है जो रुक-रुक कर चल रही है। इससे सुबह के समय ठंड का असर देखने को मिला है। वहीं तेज धूप खिलने के बाद ठंड का असर भी गायब हो गया। बीते कुछ दिनों से तापमान स्थिर बना हुआ है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री से बढ़कर 20.6 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान बढ़ने के साथ गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। इस सीजन सर्दी का असर बीते सालों की अपेक्षा कम दिन रहा है। फरवरी माह में सर्दी का असर घटना शुरू हो गया। आधा फरवरी तो लोगों ने घरों और ऑफिसों में पंखे भी शुरू कर दिए। वहीं दिन-रात का तापमान लगातार बढ़ा है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर ही रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के ईद गिर्द दर्ज किया गया। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार को न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री पहुंच गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री बढ़कर 20.4 पहुंच गया। वहीं अलसुबह से रुक-रुक हवाओं का दौर चल रहा है। इससे ठंड का असर नजर आया। तेज धूप खिलने के बाद सर्दी गायब होने के साथ गर्मी बढ़ गई। सुबह 10 बजे के बाद तेज धूप से गर्मी का असर भी तेज हो गया। दिन-रात को घरों में पंखे शुरू हो गए है।



## जैसलमेर : पांच हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर पुलिस ने सदर थानाधिकारी बगडू राम के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल देवेंद्र कुमार, सिमरथाराम व जनमेत ने कार्रवाई करते हुए एक इनामी अपराधी को पकड़ा है। सदर थाना प्रभारी बगडू राम ने बताया कि- कोतवाली थाने के एनडीपीएस एक्ट में 5 हजार रुपए के इनामी फरार आरोपी मांगीलाल विश्नोई निवासी लोहावट को गिरफ्तार किया। मांगीलाल से पूछताछ जारी है। एसएचओ बगड़ूराम ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार, समस्त थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बगड़ू राम थानाधिकारी पुलिस थाना सदर जैसलमेर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कि गई।



## एक साल से फरार डोडा-पोस्त तस्कर गिरफ्तार

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी मामले में 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीते एक साल से फरारी काट रहा था। पुलिस ने ट्रक में से 261 किलोग्राम डोडा-पोस्त जब्त किए थे। अब तक दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। शेष शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 16 फरवरी 2024 को तत्कालीन थानाधिकारी मय पुलिस जाब्ते ने ट्रक ड्राइवर मानाराम पुत्र घमंडाराम निवासी दाखा सिणधरी को डिटेन किया था। उसकी निशानदेही पर ट्रक में झारखंड से परिवहन कर लाए कुल 261 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद किए थे। डीएसटी प्रभारी इमरान खान ने बताया- डोडा-पोस्त तस्करी में आरोपी मानाराम के साथ शामिल तस्कर सोनाराम, वीरू उर्फ वीरेंद्र, हेमरत्न उर्फ हेमाराम, हुकमाराम, धन्नाराम, जगदीश, भंवरलाल की तलाश की गई। लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी के भय से फरार हो गए। इस पर मामले में वांटेड आरोपी सोनाराम सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5000-5000 रुपए के इनाम घोषित किया गया। स्पेशल टीमें बनाई गई। टीम ने मुकदमे में वांटेड आरोपी भंवरलाल पुत्र आदूराम निवासी नया भूरटिया नागाणा बाड़मेर को डिटेन कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई।



# व्यापार जगत

## दुनिया के सबसे ज्यादा अमीर न्यूयॉर्क में


**▶▶ हेनली एंड पार्टनर्स की 2024 की लिस्ट में खुलासा**
**▶▶ 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति वाले लोग रहते यहां**



**नई दिल्ली।** दुनिया के टॉप अमीरों की लिस्ट में अमेरिका का दबदबा है। टॉप 10 की लिस्ट देखें तो इसमें नौ अमेरिका के है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया के किस शहर में सबसे ज्यादा अमीर रहते हैं? इसका जवाब है न्यूयॉर्क। अमेरिका के इस शहर को हेनली एंड पार्टनर्स की 2024 की लिस्ट में एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर शहर का खिताब मिला है। इस शहर में 349,500 मिलिनेयर, 675 सेंटी-मिलिनेयर (कम से कम 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति वाले लोग) और 60 बिलिनेयर रहते हैं। यही वजह है कि इसे दुनिया का सबसे अमीर शहर कहा जाता है। दुनिया के सबसे अमीर 50 शहरों की लिस्ट में 11 अमेरिका के हैं। साल 2023 में न्यूयॉर्क की इकॉनमी करीब 1 ट्रिलियन डॉलर थी। इसे अमेरिका की फाइनेंशियल कैपिटल भी कहा जाता है क्योंकि अमेरिका शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट इसी शहर में स्थित है। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज और नैसडैक दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजार हैं। केवल सिक्योरिटीज इंडस्ट्री में ही 181,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं और अरबों डॉलर का टैक्स देते हैं। यहां दुनिया की कई दिग्गज फाइनेंशियल कंपनियों के मुख्यालय भी हैं। साथ ही यह शहर मीडिया, टेक्नोलॉजी, फैशन, हेल्थकेयर और रियल एस्टेट में भी दुनिया का लीडर है। टेक इंडस्ट्री यहां तेजी से बढ़ रही है। गूगल, ऐमजॉन और फेसबुक जैसी बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां इस शहर में अपना कारोबार यहां फैला रही हैं। फैशन इंडस्ट्री में करीब 180,000 लोग काम करते हैं। The New York Times, NBC और Cond Nast जैसे बड़े मीडिया हाउस भी यहीं से ऑपरेट करते हैं। न्यूयॉर्क में घर खरीदना आसान नहीं है। यहां का रियल एस्टेट दुनिया की सबसे महंगा है। शहर के फिफ्थ एवेन्यू को दुनिया की सबसे महंगी शॉपिंग स्ट्रीट माना जाता है। यहां मकान का किराया भी अमेरिका में सबसे ज्यादा है। इतनी महंगाई के बावजूद दुनिया के सबसे अमीर लोग यहां रहना पसंद करते हैं। न्यूयॉर्क को विभिन्न संस्कृतियों का संगम भी कहा जाता है। इसकी आबादी करीब 82 लाख है और यहां 800 भाषाएं बोलने वाले लोग रहते हैं। यही वजह है कि यह शहर दुनियाभर के हुनरमंद लोगों को अपनी ओर खींचता है। इसे अवसरों का शहर भी कहा जाता है।

## मुकेश अंबानी की कंपनी पर लग सकता 1.25 अरब का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक सहयोगी कंपनी पर जुर्माना लग सकता है। यह कंपनी बैटरी सेल प्लांट नहीं लगा पाई है। यह प्लांट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयात कम करने के अभियान का हिस्सा था। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड ने 2022 में बैटरी सेल बनाने के लिए सरकार की एक योजना में बोली जीती थी। यह योजना स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए थी। डेडलाइन पूरा नहीं करने पर कंपनी पर 1.25 अरब रुपये (14.3 मिलियन डॉलर) तक का जुर्माना लग सकता है। मोदी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को देश की जीडीपी के 25% तक ले जाना चाहते हैं लेकिन सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद ऐसा नहीं हो पा रहा है। साल 2014 में इस सेक्टर की जीडीपी में हिस्सेदारी 15% थी जो 2023 में घटकर 13% रह गई है।



### बैटरी सेल प्लांट

रिलायंस न्यू एनर्जी के साथ-साथ राजेश एक्सपोर्ट्स और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की एक यूनिट ने साल 2022 में बैटरी सेल प्लांट बनाने के लिए बोली जीती थी। यह देश के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयास का हिस्सा था। यह सरकार के PLI कार्यक्रम के तहत था। इस प्रोजेक्ट के लिए 181 अरब रुपये की सब्सिडी रखी गई थी। यह 30 गीगावाट-घंटे क्षमता वाले एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी स्टोरेज बनाने के लिए थी। कंपनियों को परियोजना के लक्ष्यों को पूरा करने पर यह सब्सिडी मिलनी थी। कंपनियों को समझौते के दो साल के भीतर मिनिमम कमिटेड कैपेसिटी और 25% लोकल वैल्यू एडिशन हासिल करना था। पांच साल के भीतर इसे 50% तक पहुंचाना था। लेकिन रिलायंस न्यू एनर्जी और साथ-साथ राजेश एक्सपोर्ट्स इन लक्ष्यों को हासिल करने नाकाम रहे। लेकिन भावीश अग्रवाल की ओला सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने इस PLI कार्यक्रम के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं पर प्रगति की है।

## आप का राशिफल 4 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा) — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

## फरवरी में रिकॉड्र्स, मार्च में गोल्ड की ठंडी शुरुआत

**मुंबई।** फरवरी में रिकॉर्डकी झड़ी लगाने वाले सोने की मार्च में ठंडी शुरुआत हुई है। शादियों का यह सीजन अपने चरम पर है। इस बीच आज सोने-चांदी के भाव में गिरावट है। आज यानी सोमवार 3 मार्च को 24 कैरेट सोने के दाम में मामूली गिरावट नजर आ रहा है। आज सर्राफा बाजार में सोना महज 36 रुपये सस्ता होकर 85020 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। दूसरी ओर, चांदी 173 रुपये सस्ती होकर 93480 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली। वहीं, एमसीएक्स पर सोने का 4 अप्रैल का वायदा भाव 0.55 पर्सेंट महंगा होकर 84682 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। जबकि, चांदी डेढ़ बजे के करीब 0.42 पर्सेंट ऊपर 94726 रुपये प्रति किलो पर थी। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड की कीमत आज 36 रुपये टूटकर 84680 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।



## नवरत्न कंपनी इरेडा के शेयर लगातार गिर रहे

**मुंबई।** नवरत्न कंपनी इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी (इरेडा) के शेयर धड़ाम हो गए हैं। इरेडा के शेयर सोमवार को BSE में 7 पर्सेंट से अधिक टूटकर 143.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 5 ट्रेडिंग सेशंस में से 4 में कंपनी के शेयरों में गिरावट आई है। इरेडा के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई लेवल से 50 पर्सेंट से अधिक लुढ़क चुके हैं। पिछले 3 ट्रेडिंग सेशन में कंपनी के शेयरों में 16 पर्सेंट गिरावट आई है। इरेडा के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 121 रुपये है। IPO में इरेडा के शेयर का दाम 32 रुपये था।



**▶▶ 32 रुपये से पहुंचा था 300 रुपये के पार**

नवरत्न कंपनी के शेयर 29 नवंबर 2023 को BSE में 50 रुपये पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग वाले दिन ही कंपनी के शेयर उछाल के साथ 59.99 रुपये पर बंद हुए। लिस्टिंग के बाद इरेडा के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर 15 जुलाई 2024 को 310 रुपये पर पहुंच गए और 52 हफ्ते का नया हाई बनाया। इधर, कंपनी के शेयर लगातार दबाव में हैं। 52 हफ्ते के हाई 310 रुपये से इरेडा के शेयर 50 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए हैं।

### 6 महीने में इरेडा के शेयरों में 40% से ज्यादा गिरावट

इरेडा (IREDA) के शेयरों में पिछले 6 महीने में 40 पर्सेंट से अधिक की गिरावट आई है। कंपनी के शेयर 3 सितंबर 2024 को 239.25 रुपये पर थे। इरेडा के शेयर 3 मार्च 2025 को 143.25 रुपये पर जा पहुंचे हैं। इस साल अब तक नवरत्न कंपनी इरेडा के शेयरों में 35 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2025 को 221.80 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 3 मार्च 2025 को 143.25 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 3 महीने में इरेडा के शेयरों में 33 पर्सेंट के करीब गिरावट देखने को मिली है।

**चैंपियंस ट्रॉफी : भारत-ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल आज**

# 14 बरस का हिसाब चुकता करने उतरेगी टीम इंडिया



दुबई। अतीत में ऐसा करने में भले ही वे नाकाम रहे हों लेकिन इस बार स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन और हालात से वाकफियत के दम पर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी। टीम इंडिया का आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिले हर जख्म पर मरहम लगाने का इरादा रहेगा। इसके साथ ही 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने का भी यह सुनहरा मौका है। जब भारत के 10 मैचों के अश्वमेध अभियान पर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने नकेल कसी थी।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत

▪ यह उतना आसान भी नहीं होगा क्योंकि पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क के बगैर भी ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत है। कुछ दिन पहले लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन के लक्ष्य को हासिल करके उसने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। भारत को आखिरी बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में ऑस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हराकर खिताब जीता। इस बार भारतीय टीम 14 बरस की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी और उसके आतमविश्वास का कारण टीम में आला दर्जे के स्पिनरों की मौजूदगी है।

## भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा

▪ टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों को शामिल करने के फैसले की काफी आलोचना हुई थी लेकिन दुबई की धीमी पिचों पर अब यह मास्टरस्ट्रोक साबित हो रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा मिल रहा है लेकिन असलियत यह है कि भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार के प्रयास किए हैं। ऐसा नहीं है कि पिच से इतनी टर्न मिल रही है कि भारतीय गेंदबाजों कामयाब रहे हैं बल्कि इन पिचों पर उनका संयम कारगर साबित हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 5 विकेट लेने वाले स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा, 'यहां पिच रैंक टर्नर नहीं है जैसा कि लोग बोल रहे हैं। इससे थोड़ी मदद जरूर मिली है लेकिन आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो करना ही है।' भारतीय स्पिन चौकड़ी चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट लिए।

## ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंटों में खेलने का अच्छा इतिहास

▪ केन विलियमसन जैसा धैर्यवान बल्लेबाज भी अक्षर पटेल के सामने संयम खो बैठा और केएल राहुल की स्टंपिंग का शिकार हो गया। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जंपा है। उसे अनियमित स्पिनरों ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे ऑस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। इंग्लैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने क्रमशः 352 और 273 रन दिए और अब तो बल्लेबाजी के लिए अनुकूल हालात हैं। विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की चुनौती काफी कठिन होगी। कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद कहा था, 'यह अच्छा मैच होगा। ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा खेलने का इतिहास रहा है और अब हमें सब कुछ सही करना है। उम्मीद है कि हम ऐसा करने में कामयाब होंगे। भारत की नजरें ट्रेविस हेड और कप्तान स्टीव स्मिथ को जल्दी पवेलियन भेजने पर लगी होंगी।

### संभावित टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जंपा।

**समय :** दोपहर 2.30 बजे।

# प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में प्रज्ञानानंद ने अराविंद से ड्रॉ खेला



**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भारत के अराविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में ड्रॉ खेला और इन दोनों के पास अब पूरे एक अंक की बढ़त हो गई है। अराविंद और प्रज्ञानानंदा के 3.5 अंक हैं जबकि चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, वियतनाम के कुआंग लीम ली और जर्मनी के विंसेंट केमेर इनके एक अंक पीछे हैं। बाकी चार प्रतियोगी छठे स्थान पर हैं जिनमें चेक गणराज्य के डेविड नवारा और एंगुयेन थाइ डेइ वान, अमेरिका के सैम शैंकलैंड और तुर्किए के गुरेल एडिज शामिल हैं। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकल सका जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश ने डेइ वान से ड्रॉ खेला, जबकि डेविड नवारा ने केमेर को ड्रॉ पर रोका। ली ने एडिज के साथ ड्रॉ खेला।

## भारत के इनियान ने कान ओपन शतरंज जीता

▪ भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7-5 अंक हासिल किए जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले। इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। उनके 2579 ईएलओ अंक हैं। टूर्नामेंट में 25 देशों के 147 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें छह ग्रैंडमास्टर और 21 अंतरराष्ट्रीय मास्टर शामिल थे ।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने किया कप्तान का ऐलान

**▶▶ अजिंक्य रहाणे को मिली कमान**

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करेंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार 3 मार्च 2025 को घोषणा की। अजिंक्य रहाणे ने श्रेयस अय्यर की जगह ली। लंबे समय से केकेआर के साथ रहे वेंकटेश अय्यर को रहाणे का डिप्टी बनाया गया है। अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। रहाणे मेगा ऑक्शन में पहले दिन अनसोल्ड रह गए थे। एक्सलरेटेड ऑक्शन में 1.5 करोड़ में बिके थे। रिंकू को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 13 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। अजिंक्य रहाणे ने बयान में कहा कि केकेआर का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन और संतुलित टीम है। मैं सभी के साथ काम करने और अपने खिताब का बचाव करने की चुनौती लेने के लिए उत्सुक हूं। गत चैंपियन केकेआर 22 मार्च को ईडन गार्डन में आईपीएल के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स में यह अजिंक्य रहाणे का दूसरा कार्यकाल है। इससे पहले 2022 में उन्होंने केकेआर के लिए खेला था जब उन्होंने 103.90 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में केवल 133 रन बनाए थे।



# पंत 'लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार को नामांकित

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के बाद खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के 'कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)' श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रेल को मैड्रिड में होगा। पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ। दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया।



# रणजी चैंपियन विदर्भ के खिलाड़ियों को विदर्भ क्रिकेट एसो. ने खोला खजाना

**नई दिल्ली।** विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) ने रविवार (2 मार्च) को रणजी ट्रॉफी जीतने वाली अपनी टीम के लिए 3 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। साथ ही सहयोगी स्टाफ और अपने कुछ खिलाड़ियों के लिए अलग से नकद राशि की घोषणा की। टीम ने तीसरी बार खिताब जीता। वीसीए ने अक्षय वखारे को उनके रिटायरमेंट पर सम्मानित भी किया। जामथा के वीसीए स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में विदर्भ ने केरल के खिलाफ मैच ड्रॉ कराया और पहली पारी में 37 रन की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। विदर्भ ने इससे पहले 2017-18 और 2018-19 सीजन में खिताब जीते थे। वीसीए ने एक प्रेस रिलीज में कहा, "विदर्भ क्रिकेट संघ ने विजयी विदर्भ टीम (केवल खिलाड़ियों) को 3 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा करता है।"

# फैंस के लिए खुशखबरी, विश्व कप क्वालिफायर में अर्जेंटीना की कमान संभालेंगे मेसी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने उरूग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैचों के लिसे लियोनेल मेसी की अगुआई में 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम चुनी है। टीम में अंडर 21 स्ट्राइकर क्लाउडियो इचेवेरी को भी शामिल किया गया है जो हाल ही में मैनचेस्टर सिटी से जुड़े हैं। इनके अलवा निकोलस पाज, बेंजामिन डोमिनगेज और सैंटियागो कास्ट्रो भी टीम में हैं जो 21 वर्ष से कम उम्र के हैं।

अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जाएगा। इसके चार दिन बाद विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम ब्यूनस आयर्स में ब्राजील से खेलेगी।



# म नो रं ज न

# हुमा फिर रानी भारती बन हिलाएंगी सत्ता



**दमदार टीजर आउट**

हुमा कुरैशी स्टारर वेब सीरीज महारानी के पिछले तीनों सीजन को ऑडियंस से जबरदस्त प्यार मिला है। अब चौथे सीजन का इंतजार भी खत्म है। मेकर्स ने महारानी सीजन 4 का टीजर शेयर करते हुए बता दिया है कि इस बार रानी भारती का किरदार पहले से ज्यादा ताकतवर और सत्ता में अपनी पहचान छोड़ने वाला है। इस टीजर में हुमा कहती हैं, "किसी ने हमको गवारन कहा तो किसी ने हत्यारन तो किसी ने भावी प्रधानमंत्री। लेकिन हमको सत्ता से नहीं, परिवार से मोह है। काहे कि बिहार ही हमरा असली परिवार है। और अगर कोई हमरे परिवार को नुकसान पहुंचाया तो हम उसका सत्ता हिला देंगे।" इस पॉपुलर वेब सीरीज महारानी एक राजनीतिक ड्रामा है की शुरुआत साल 2021 में हुई थी। पहले सीजन को ऑडियंस से जबरदस्त प्यार मिला। सीरीज की कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा कुरैशी ने रानी भारती का दमदार किरदार निभाया है। उनके साथ सोहम शाह, अमित सियाल, विनीत कुमार और अन्य कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। पहले तीन सीजन ने न केवल ऑडियंस का ध्यान खींचा बल्कि क्रिटिक्स से भी शानदार प्रतिक्रिया पाई। अब महारानी सीजन 4 का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें एक बार फिर राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिलेगी।

# कोई नहीं तोड़ पाया मिथुन का रिकॉर्ड, लिम्का बुक में नाम दर्ज



बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती अपने जमाने के जाने माने अभिनेता रहे हैं। वो न सिर्फ एक्टिंग बल्कि अपने डांस के लिए भी जाने जाते हैं। अपने करियर में मिथुन ने एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। उनके स्टारडम की बात करें तो मिथुन की एक झलक पाने के लिए फैंस कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार रहते थे। लेकिन क्या आप जानते हैं इंडस्ट्री में दादा के नाम से मशहूर मिथुन के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज है, जिसे आज तक कोई बॉलीवुड एक्टर तोड़ नहीं पाया है। उनका नाम 35 साल पहले लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। दरअसल, साल 1989 में मिथुन चक्रवर्ती का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था। ये रिकॉर्ड एक साल यानी साल 1989 में बतौर लीड एक्टर 19 फिल्में करने के लिए दर्ज किया गया था। जी हां, मिथुन की साल 1989 में एक के बाद एक 19 फिल्में रिलीज हुई थीं। ये रिकॉर्ड आज तक ना शाहरुख खान, ना सलमान खान और न ही अमिताभ बच्चन तक कोई भी तोड़ पाया है। आपको बता दें कि मिथुन चक्रवर्ती ने मृगया फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। पहली ही मूवी में उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और कई हिट फिल्में दीं। इसके बाद साल 1982 में मिथुन ने 'डिस्को डांसर' मूवी की। इसी फिल्म से उनका डांस पूरी दुनिया में छा गया। ये फिल्म हिट रही थी। उस जमाने में फिल्म ने 100 करोड़ कमाए थे और इतनी कमाई करने वाली ये पहली बॉलीवुड मूवी थी।

# फोन से फिल्में शूट करने वाले डायरेक्टर ने ऑस्कर में बनाया रिकॉर्ड

ऑस्कर्स 2025 इवेंट में एक फिल्ममेकर की जीत ने सिनेमा लवर्स को बहुत खुश कर दिया है। कई सालों से अपने काम से सिनेमा फैन्स को इंप्रेस कर रहे फिल्ममेकर शॉन बेकर ने ऑस्कर्स 2025 में एक ऐसा रिकॉर्ड बना लिया है जो शायद लंबे समय तक ना टूटे। शॉन की फिल्म 'अनोरा' को इस बार ऑस्कर अवॉर्ड्स के लिए 6 कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। इनमें से 5 कैटेगरी में अवॉर्ड्स जीतकर 'अनोरा' ने ऑस्कर्स 2025 के इवेंट में काफी चर्चा बटोरी। 'अनोरा' की 5 ऑस्कर में से एक, फिल्म की एक्ट्रेस माइकी मैडिसन के नाम रही जिन्हें 'बेस्ट एक्ट्रेस' कैटेगरी में ऑस्कर मिला। लेकिन बाकी 4 ऑस्कर अकेले शॉन बेकर के खाते में गए। 'अनोरा' शॉन की 8वीं फिल्म है। इस फिल्म को प्रोड्यूस और डायरेक्ट करने के साथ-साथ वो इसके राइटर और एडिटर भी हैं। इस फिल्म के लिए शॉन ने ऑस्कर्स 2025 में बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट ऑरिजिनल स्क्रीनप्ले और बेस्ट एडिटिंग कैटेगरी में अवॉर्ड्स जीते हैं। दुनिया में सिनेमा के सबसे बड़े अवॉर्ड्स कहे जाने वाले ऑस्कर्स में इस शानदार जीत के साथ शॉन ने दो बड़े रिकॉर्ड बनाए। शॉन एक ही ऑस्कर इवेंट में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर बन गए हैं। साथ ही शॉन ने वाल्ट डिज्नी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।



# फ्लॉप के बाद काम को तरसी थीं श्रद्धा कपूर



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर अपनी एक्टिंग के साथ-साथ मासूमियत, क्यूटनेस और सिजलिंग अदाओं के लिए भी जानी जाती हैं। उन्हें खूबसूरती का परफेक्ट कॉम्बिनेशन माना जाता है। वो 90 के दशक के पॉपुलर विलेन की बेटी हैं, लेकिन उनकी खूबसूरती पर हर कोई फिदा है। फिल्मों के जरिए वो स्क्रीन पर नजर आएं या फिर ऑफस्क्रीन लाइमलाइट ही चुरा लेती हैं। एक्ट्रेस के बारे में उनके जन्मदिन के मौके पर बात कर रहे हैं। आज वो अपना 38वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया है। उन्हें 'स्त्री 2' और 'आशिकी 2' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। ऐसे में चलिए इस खास मौके पर आपको उनके बारे में बताते हैं। श्रद्धा कपूर, 90 के दशक के स्टार विलेन शक्ति कपूर की बेटी हैं। शक्ति कपूर अपने जमाने के एक बेहतरीन कलाकार और विलेन रहे हैं, जो कई बार तो फिल्मों में हीरो पर भारी पड़ते नजर आए हैं। ऐसे में उनसे कम स्टारडम उनकी बेटी श्रद्धा कपूर का नहीं रहा है। वो भले ही एक स्टारकिड रहीं लेकिन, इंडस्ट्री में धाक अपने काम के दम पर जमाई है। उन्होंने भले ही फ्लॉप फिल्मों से डेब्यू किया था लेकिन, इसके बाद एक्ट्रेस ने स्क्रीन पर खुद को साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने 14 साल में 8 सुपरहिट फिल्में दी हैं। 3 मार्च, 1987 को शक्ति कपूर के घर जन्मीं श्रद्धा कपूर ने अपने करियर की शुरुआत फ्लॉप फिल्म से ही की थी। ठीक उसी तरह से जैसे माधुरी दीक्षित ने करियर की पहली ही फिल्म फ्लॉप दी थी। लेकिन, बाद में उनका सिक्का ऐसा चला कि उनके पास फिल्मेकर्स की लाइन ही लग गई। वैसे ही श्रद्धा कपूर आज इंडस्ट्री की सुपरस्टार एक्ट्रेस हैं। उनका नाम ए-लिस्टर एक्टर्स की लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा को पहली फिल्म फेसबुक के चलते मिली थी। फिल्ममेकर अंबिका हिंदुजा ने फेसबुक पर श्रद्धा कपूर की तस्वीरें देखी थी और उनको कॉन्टेक्ट किया था। इस तरह से उन्हें डेब्यू फिल्म 'तीन पत्ती' मिली। इसमें अमिताभ बच्चन लीड रोल में थे लेकिन, बाद में ये फ्लॉप साबित हुई थी। इससे एक्ट्रेस को खास पहचान नहीं मिल पाई थी। श्रद्ध कपूर ने बताया था कि शुरुआत में पहली फिल्म ही फ्लॉप होने की वजह से वो काम को तरस गई थीं। उन्हें इसके लिए काफी कुछ सहना पड़ा था। इस दौरान उनके पिता ने उनसे कहा था कि उन्होंने इंडस्ट्री में धाक अपने दम पर बनाई है और उन्हें भी यही करना होगा। अपनी लड़ाई खुद सामना करना होगा। शक्ति कपूर ने अपनी बेटी को पिता पर भरोसा करने से मना कर दिया और खुद का सहारा खुद बनने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस ने बताया था कि पिता शक्ति कपूर ने कहा था कि उन्हें पर्सनल लेवल पर रिजेक्शन और फेलियर का अनुभव करना होगा।

# बॉबी को 'आश्रम' में 'बाबा निराला' बन मिला प्यार



बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल के सितारे इन दिनों खूब चमक रहे हैं। एक समय था जब उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस तरस जाते थे। उन्हें काम मिलना बंद हो चुका था। लेकिन बॉबी की मेहनत भला कबतक उनकी सक्सेस का रास्ता रोक सकती थी। उन्होंने फिर दोबारा फिल्मों में काम करना शुरू किया और आते ही छा गए। उन्हें लगातार अपने काम के लिए सराहना मिलती आई है जिससे वो बहुत खुश हैं। उन्होंने फिल्म मेकर प्रकाश झा का भी धन्यवाद किया है जिन्होंने उन्हें 'आश्रम' जैसी वेब सीरीज में बाबा निराला जैसा किरदार प्ले करने का मौका दिया। एक्टर ने कहा, 'आश्रम ने मेरी जिंदगी बदल दी। लोगों ने मुझे एक अलग किरदार में देखा। उन्होंने कहा कि बॉबी देओल विलेन वाले रोल्स भी प्ले कर सकता है या बॉबी देओल ऐसा भी कर सकता है. जिस वक्त मैं अपनी लाइफ में कुछ नहीं था तब कोई भी मुझपर भरोसा नहीं कर रहा था, लेकिन प्रकाश जी ने वो भरोसा दिखाया। अभी दोबारा मेरी इमेज लोगों में विलेन वाले रोल्स करने की बन गई है। मैं कोशिश कर रहा हूं कि इस इमेज को तोड़ सकूं। ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ मेन लीड प्ले करना चाह रहा हूं। जो किरदार मैं प्ले कर रहा हूं वो मेरी काबिलियत के बाहर के हैं। शुरुआत में मैं थोड़ा शरमा रहा था क्योंकि मैं ऐसे रोल्स में अपने आप को ढाल रहा हूं जिसका मतलब यही होगा कि मुझे अपने आप को और पुश करना होगा और बहुत मेहनत करनी होगी।' बॉबी ने आगे फैंस के रिएक्शन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जब लोग उन्हें 'लॉर्ड बॉबी' बुलाते हैं तब उन्हें एहसास होता है कि उनका काम लोगों को अच्छा लगा है।

# काम नहीं होने से सत्ताधारी विधायक परेशान, पीट रहे छाती : पायलट

## एनएसयूआइ के नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो यात्रा में शरीक हुए पायलट की पत्रकारों से बातचीत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** कांग्रेस महासचिव और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश की सरकार का अभी तक का सवा साल का कार्यकाल उनकी नजर में पूरी तरह निराशाजनक है। हालात यह है कि स्वयं सत्ताधारी पार्टी के विधायकों के भी काम नहीं हो रहे है एवं छाती पीटने जैसी नौबत आ गई है। वे सोमवार को एनएसयूआइ की नशा मुक्ति के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आयोजित नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो यात्रा में शिरकत करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रशासन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। आमजन तो परेशान है ही, विधायक तक काम नहीं होने की पीड़ा झेल रहे है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जनता का मजाक बनाकर रख दिया गया है। सरकार चलाने के लिए जिस व्यक्ति को शपथ दिलाकर मंत्री बनाया, उसका क्या औचित्य रह गया। यह विड़ंबना ही है कि किरोड़ीलाल मीणा मौजूद समय में मंत्री है या नहीं, यह पता ही नहीं चल रहा। वे इस्तीफा देना चाहते है लेकिन सरकार स्वीकार नहीं कर रही है। उनके विभाग में काम नहीं हो रहे। यह प्रदेश की जनता के साथ मजाक हो रहा है। पायलट ने कहा कि मीणा ने जो मुद्दे उठाए है, प्रदेश सरकार को उसका जवाब देना चाहिए। पारदर्शी तरीके से काम होना चाहिए। राज्य सरकार को सोचना चाहिए कि सवा साल में जनता से जो वादे किए थे वो पूरे हुए भी है नहीं। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि आर्थिक विसंगिता एवं आर्थिक अपराध जो हुए है वे अब जग जाहिर हो रहे है। केंद्र सरकार की जो नीति का जो निर्माण हो रहा है क्या वो लोगों को फादा पहुंचाने के लिए हो रहा है। कांग्रेस व नेता राहुल गांधी कह चुके है कि जेपीसी का गठन होना चाहिए ताकि घोटालों का पर्दाफाश हो सके। आर्थिक अपराध हुए है उनकी परतें अब खुलने लगी है। रीट परीक्षा में अभ्यर्थियों की जनेऊ उतारे जाने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि नकल रोकने को लेकर भाजपा सरकार के दावों को लेकर लगता नहीं कि उन्हें पर्याप्त कामयाबी मिली है। नए बनाए गए जिलों का दर्जा समाप्त करने के मुद्दे पर उन्होंने कहा बिना किसी मापदंड के कुछ जिलों को समाप्त करना एवं कुछ को यथावत रखना समझ से परे है।




# बैठक में की कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर सिंह ने 2024 बजट घोषणों के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए बकाया कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़कों के बकाया कार्य की प्रगति की वस्तु-स्थति की जानकारी देते हुए जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। रीको को सोजत में औद्योगिक कॉरिडोर बनाने एवं भू आवंटन संबंधित कार्यो की चर्चा की। विद्युत निगम अभियंता से प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी लेने के साथ ही नए ट्रांसफार्मर लगाने व निर्बाध बिजली सप्लाई के निर्देश दिए। जलदाय विभाग अभियंता से योजनाओं की जानकारी ली। हेमावास में बालिका सैनिक प्रशिक्षण विद्यालय के लिए भूमि आवंटित के बारे में चर्चा की। साथ ही पाली के लिए जल परियोजना के कार्य के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में रसद अधिकारी ने बताया कि एनएफएसए पोर्टल के माध्यम से 25 हजार आवेदन प्राप्त हुए है। एडीएम ने विभिन्न विभागों के कार्य की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अश्विनी सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, यूआइटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, मुख्य आयोजना अधिकारी रामदयाल राठौड़, रसद अधिकारी मनजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बीजापुर में मोड़ पर खाई में पलटी जीप, पांच घायल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** थाना क्षेत्र के बीजापुर में पिपला से सेवाड़ी जा रही जीप बीजापुर तालाब के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिससे जीप में सवार पांच युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार मांगीलाल पुत्र कानाराम गरासिया, देवाराम पुत्र वकाराम गरासिया, छोटाराम पुत्र कालूराम गरासिया, विशाल पुत्र नारायणलाल गरासिया और मुन्नाराम पुत्र मनसाराम गरासिया घायल हो गए। सभी युवक पिपला के निवासी है। घायलों को अस्पताल पहुंचा उपचार करवाया गया।

### एनीमिया मुक्त अभियान, पीइइओ को दिया प्रशिक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** ब्लॉक में एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान को लेकर बीसीएमओ कार्यालय में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हितेंद्र वागोरिया की अध्यक्षता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 48 प्रधानाचार्यो व शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रोग्राम ऑफिसर अजहरुद्दीन ने कार्यक्रम में ब्लू पिंक टेबलेट सहित एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान की विस्तृत जानकारी दी। आगामी दिनों में भी प्रशिक्षण कार्य म जारी रहेंगे। 4 मार्च को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में और 5 मार्च को राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण होगा। कार्य म का मुख्य उद्देश्य एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देगा।

### फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** मगरतालाव पंचायत मुख्यालय पर तीन दिवसीय फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कैम्प प्रभारी सहायक विकास अधिकारी रमेशदास वैष्णव ने किसानों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रशासक रेखा देवासी, ग्राम विकास अधिकारी अशोककुमार, कनिष्ठ लिपिक सहायक कालूसिंह, कृषि पर्यवेक्षक हेमेंद्र यादव, पशु चिकित्सक ईश्वरलाल, रामकरण नुवाल, आरआइ किशोर मीणा, पटवारी मांगीलाल मांगू, बीजेपी खिंवाड़ा मंडल अध्यक्ष महेन्द्रसिंह, बाबूलाल, डालाराम, पन्नालाल, केसरसिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

**देसूरी।** ग्राम पंचायत दुदापुरा में सोमवार से तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर आरंभ हुआ। शिविर प्रभारी मगनसिंह राजपुरोहित सहायक कृषि अधिकारी, सरपंच दोस्त देवासी, ग्राविअ जगदीशकुमार, कनिष्ठ सहायक मानवेन्द्रसिंह आदि की मौजूदगी रही। पहले ही दिन कई किसानों के फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन का कार्य किया गया।

### शिविर में जांचा 390 रोगियों का स्वास्थ्य



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** भगवान महावीर गौशाला बिजोवा व पेसेफिक हॉस्पिटल व रिचर्स सेंटर बेदला उदयपुर के तत्वावधान में बिजोवा गौशाला में आयोजित 11वें बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर में 390 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में तीस नेत्र सहित बयालिस रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर भामाशाह कमला युगराज जैन व सुशीला किशोर जैन के सौजन्य से आयोजित किया गया। जैन ने कहा कि पीड़ित वर्ग की सेवा करना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। वे गांव के विकास व पीड़ित वर्ग के सहयोग के लिए सदैव अग्रणी रहेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता व पर्यावरण प्रेमी भरत शर्मा ने बताया कि पेसेफिक हास्पिटल की टीम द्वारा 390 रोगियों की जांच कर उपचार को परामर्श दिया गया। कार्य म समन्वयक महेंद्रसिंह राजावत ने बताया कि रोगियों के आपरेशन पेसिफिक हॉस्पिटल में किए जाएंगे। कार्य म में कमलेशकुमार, चंदाराम, हरीश गर्ग, महेंद्रसिंह राजपुरोहित सहित कार्यकर्ताओंओं का सहयोग रहा।

# प्राधिकरण सचिव भाटी ने सखी सेंटर का लिया जायजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विक्रमसिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली द्वारा राजकीय बांगड़ चिकित्सालय में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव भाटी द्वारा केन्द्र प्रबंधक सुश्री देवी बामणिया से सखी वन स्टॉप सेंटर पर पीड़िताओं के लिए आवासीय सुविधाओं इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। बामणिया ने बताया कि केन्द्र में घरेलू हिंसा पीड़ितों के लिए अस्थाई आवास की सुविधा उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टॉप सेन्टर के रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। केन्द्र पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया कि केन्द्र द्वारा सर्ि य व प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है। सेंटर पर सहायता के लिए उपस्थित पीड़ित महिलाओं को प्रदान की गई सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। काउंसलिंग के लिए उपस्थित पीड़ित महिला को हर संभव सहायता प्रदान करने एवं विधिक सहायता अपेक्षित होने पर निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्राधिकरण को आवेदन पत्र प्रेषित किए जाने के संबंध में सचिव भाटी द्वारा केन्द्र प्रबन्धक को निर्देश दिए गए। वन स्टॉप सेन्टर के विभिन्न रजिस्टरों एवं पत्रावलियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए एवं विगत माह के आंकडे जांचे। निरीक्षण के दौरान काउंसलर कुंती बाला आदि उपस्थित रहे।




# कंक्रीट क्यूब टेस्टिंग मशीन फिर शुरू

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की होगी जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पंचायत समिति कार्यालय में पिछले सात वर्षों से निष्क्रिय पड़ी कंक्रीट क्यूब टेस्टिंग मशीनों को अब पुनः कार्य में लिया जाएगा। पंचायत समिति के सहायक अभियंता कुम्भसिंह भाटी के निर्देशानुसार जोधपुर के टेक्नीशियन पीयूष शर्मा द्वारा टेस्टिंग लेब की स्थापना कर मशीनों को सक्रिय किया गया है। इन मशीनों की मदद से अब पंचायत समिति के ठेकेदारों द्वारा कराए जा रहे सीसी सड़क, सीसी ब्लॉक सहित अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण कार्य में ठेकेदारों द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं। ये मशीनें पिछले सात वर्षों से धूल फांक रही थीं, लेकिन अब इनके उपयोग से ठेकेदारों के कार्यों की सटीकता और गुणवत्ता को परखा जा सकेगा। इससे पंचायत समिति के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों की पारदर्शिता भी बढ़ेगी। पंचायत समिति में टेक्नीशियन द्वारा मशीनों के रखरखाव व उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी कालूराम मेघवाल, जेटीए जयपालसिंह दादलिया, अशोक कुमावत, लेखा सहायक राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, कमलेश भाना, प्रकाश राठौड़ आदि मौजूद रहे।

# दादाई प्रशासक राजपुरोहित जयपुर में होगी सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**नारलाई।** ग्राम पंचायत दादाई की सरपंच/प्रशासक पूर्णिमा पृथ्वीराजसिंह राजपुरोहित को महिला शक्ति शिरोमणि अवार्ड से 7 मार्च को जयपुर में पूर्व उप प्रधानमंत्री नेपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। समाजसेवी पृथ्वीराजसिंह ने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर प्रतिभा चयन समिति संयोजक जम्बूद्वीप पदमश्री अवार्ड से सम्मानित बौद्ध धर्म के धर्मगुरु लामा घयाछो रिम्पोछे की अनुशंसा पर श्रीमती पूर्णिमा राजपुरोहित को अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। नेपाल की पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव द्वारा महिला शक्ति शिरोमणि अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में 22 देश की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

# नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों की क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पाली के अधीन राजकीय बांगड़ चिकित्सालय परिसर में संचालित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र पर प्री सर्विस एज्युकेशन शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान जयपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन सोमवार को हुआ। केन्द्र के प्रधानाचार्य केसी सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में 70 एएनएम प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए प्रश्न पत्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राज-स्थान जयपुर द्वारा गुरूवार को इ-मेल द्वारा प्राप्त हुए। प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल की उपस्थिति में हुई। उन्होंनें बताया कि क्विज प्रतियोगिता में बहुउत्रात्मक प्रश्न पूछे गए, जो मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य कार्य मों एवं चिकित्सा विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित थे। सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में सही उत्तर के 2 अंक दिए गए तथा नैगेटिव मार्किंग होने के कारण गलत उत्तर का आधा अतिरिक्त अंक काटा गया। जिला स्तर पर आयोजित परीक्षा में से प्रथम स्थान पर रहने वाले दो प्रशिक्षणार्थियों को आगामी चरण में 10 मार्च 2025 को जोधपुर सम्भाग मुख्यालय पर आयोजित होने वाली सम्भाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु भेजा जाएगा। सम्भाग स्तर पर प्रथम दो स्थान रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों को राज्य स्तर पर 21 मार्च 2025 में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु मनोनीत किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेताओं को एनएचएम राजस्थान द्वारा नगद राशि सहित प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक पारसमल कुमावत, भूपेन्द्र कुमार तथा महेन्द्रकुमार ने परीक्षावीक्षक के रूप में कार्य किया तथा उत्तर पुस्तिकाओं का आंकलन भी किया।

**यह रहे अव्वल**

प्रतियोगिता में 39 अंक अर्जित कर द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षणार्थी सुश्री हर्षिता त्रिवेदी ने प्रथम एवं प्रथम वर्ष की सुश्री मेवा कुमारी ने 37.5 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ये दोनों सम्भाग स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में शामिल होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# सीरवी का अमेरिका के कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय पिट्सबर्ग में चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**बाली।** बाली के रड़ावा निवासी यश सीरवी पुत्र हंसाराम सीरवी (थानाधिकारी कांकरोली-राजसमंद) का चयन मास्टर डिग्री (कंप्यूटर प्रोग्राम) कार्नेगी मेलन पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय अमेरिका में हुआ है। यह विश्व की सबसे उच्च यूनिवर्सिटी है। यश सीरवी शुरू से ही होनहार और प्रतिभावान छात्र रहे है। दसवीं बोर्ड, बारहवीं बोर्ड में स्कूल के साथ जिला टॉप भी किया है। उनका आइआइटी के एंट्रेस और मुख्य परीक्षा के प्रथम प्रयास में भी टॉप रैंक के साथ भारत की टॉप यूनिवर्सिटी के क्रम में खड़गपुर, वेस्ट बंगाल में चयन हुआ। यहां अध्ययनरत रहते हुए अब पुनः विश्व की टॉप यूनिवर्सिटी अमेरिका में चयन हुआ है। यश गूगल के सीइओ सूंदर पिचाई को अपना आदर्श मानते हुए निरन्तर लक्ष्य की तरफ प्रयासरत है। यह उपलब्धि प्राप्त कर उन्होंने परिवार, समाज सहित बाली क्षेत्र का नाम रोशन किया। तेजराज सीरवी व्याख्याता, शेषमल सीरवी, मुकेश सीरवी, मनीष, हार्दिक, दुष्यन्त, समाजसेवी रघुनंदन, चुन्नीलाल, प्रमोद, डॉ भगवतीलाल सहित रडावा बाली क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने बधाई दी।

# ग्रामीण प्रीमियर लीग खिलाड़ियों का ऑक्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** ग्रामीण क्रिकेट एसोसिएशन पाली के तत्वावधान में एक बार फिर ग्रामीण प्रीमियर लीग का आयोजन होने वाला हैं। टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन 26 फरवरी को एचआर होटल केनपुरा पर हुआ। 12 स्पॉन्सर और 168 खिलाड़ी ने भाग लिया। ऑक्शन में अर्जुन बंजारा एंदला सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में बिके। कांग्रेस नेता हरीशंकर मेवाड़ा एवं मुकेश बारोलिया का आतिथ्य रहा। यह जानकारी प्रमोद बरोलिया व पार्षद शैतानकुमार ने दी। रमेश बंजारा, प्रहलादसिंह, बाजी चौधरी, शैतानसिंह, दिनेश जांगिड़, प्रमोद दीनकर एवं सभी टीम के खिलाड़ी कोच मौजूद रहे।



# पशु चिकित्साकर्मियों ने पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत कोलीवाड़ा के राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में सोमवार को पक्षियों के दाना पानी के लिए आयुष नर्सेज महासंघ के सहयोग से 21 परिंडे लगाए गए। पशु चिकित्सा प्रभारी व अधिकारी डा. ललित कुमार ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा समस्त चिकित्सालय में विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जा रहा है। स्थानीय पशु चिकित्सालय में भी विश्व वन्य जीव दिवस मनाया गया जिसमें योग शिक्षक व आयुष नर्सेज संघ के ललित मेघवाल के सहयोग से परिसर में 11 परिंडे लगाए एवं गांव में अन्य जगह 10 परिंडे, मंदिर व ग्राम पंचायत परिसर में परिंडे लगाए। चिकित्सालय के राजस्थान पशु चि.कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष व पशुधन निरीक्षक प्रकाश मेघवाल ने विश्व वन्यजीव दिवस पर मानव और प्रकृति के कल्याण के लिए सभी से वन्य जीवों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुक बधिर पशु पक्षियों की सेवा करें। पशु पक्षियों के इन परिंडों में दाना-पानी डालने का संकल्प स्थानीय चिकित्सालय चिकित्सा प्रभारी डॉ ललित कुमार व पशुधन निरीक्षक प्रकाश कुमार ने लिया। इस कार्य में ग्राम पंचायत कोलीवाडा के कनिष्ठ सहायक नरेन्द्रकुमार, हर्षवर्धन सिंह राठौड़, मोडाराम, शिवराज सिंह, गणपतसिंह, रामलाल मेघवाल, लीलादेवी का सहयोग रहा।

# राजगुरु सर्किल से नटराज गार्डन तक बनेगी सीसी रोड

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** पालिका क्षेत्र के राजगुरु सर्किल से नटराज गार्डन तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य आगामी 2 माह में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत सड़क सीसी पेवमेट बनाई जानी प्रस्तावित है। इसकी दोषपूर्ण दायित्व अवधि 5 वर्ष रहेगी। नगर पालिका इओ नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि डीएलपी के दौरान पानी, सीवर, गैस कनेक्शन या अन्य कनेक्शन जिसमें सड़क तोडी जानी आवश्यक होने पर किसी प्रकार की एनओसी जारी नहीं की जाएगी। पानी, सीवर, गैस कनेक्शन या अन्य कनेक्शन के लिए एनओसी की आवश्यकता हो तो 2 माह के भीतर पालिका से प्राप्त कर कार्य पूर्ण करवा सकते हैं।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक, जिला कलक्टर ने दिए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने जिले से सम्बन्धित 2025-26 की बजट घोषणाओं से सम्बन्धित विभाग वार समीक्षा करते हुए अब तक की गई कार्यवाहियों एवं आगे की जाने वाली अपेक्षित कार्रवाई पर चर्चा की। उन्होंने इस दौरान प्रत्येक विभाग के जिलास्तरीय अधिकारी से उनके विभाग से सम्बन्धित बजट घोषणाओं के लिए जिला स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही एवं मुख्यालय स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में बात की। चौधरी ने वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों और इनमें शामिल कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि हर कार्य में समयबद्धता, गुणवत्ता और उपयोगिता पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए बजट घोषणाओं के कार्यों की सफल क्रियान्विति को गति देने की जरूरत है। एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, तहसीलदार जगदीश विश्नोई, पीडब्ल्यूडी एसई आरसी बराडा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक गोविंद चौधरी, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजेन्द्र पुरोहित सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## एलएनटी व रूडीप से समय पर कार्य करवाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पार्षद रमेश वैष्णव ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर एलएनटी व रूडीप से समय पर कार्य करवाने की मांग की। ज्ञापन के अनुसार कंपनी वाल नियम कायदे से कार्य नहीं कर रहे है। जब चाहे जहां चाहे रोड खोद देते हैं। जिससे कई लोगों की जान भी चली गई है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जगह.जगह खडढे खोद कर रख दिए है। वार्ड 13 में रेलवे स्टेशन से गांधीनगर ओवर ब्रिज तक रोड, कैलाश मेडिकल, पुराना हॉस्पिटल रोड, सब्जी मंडी रोड, कृष्णा मेडिकल के पास टॉक गली में रोड खोद कर रख दिया है। कम्पनियों के अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन तक नहीं उठाते है।

## दुर्घटना में भाजपा बूथ प्रभारी घायल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** यातायात पुलिस की ओर से यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ समय समय पर कार्रवाई नहीं करने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। सोमवार को भाजपा बूथ प्रभारी को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे पिता पुत्र दोनों घायल हुए। जानकारी के अनुसार भाजपा बूथ प्रभारी नुकूल ओझा और एवं उनके पिता भगवती प्रसाद मस्जिद से होकर अल्ट्राटैक की तरफ जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। इससे वे दोनों जने गंभीर घायल हो गई। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रैफर किया गया।

## ज्ञापन सौंप की जावल को मगरीवाड़ा में यथावत रखने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** पंचायतीराज संस्थाओं की सीमा में परिवर्तन के लिए जावल गांव को मगरीवाडा पंचायत से हटाकर ग्राम पंचायत जामठा से जोड़ा जा रहा है। जिसके विरोध में उपखंड अधिकारी रेवदर और पूर्व विधायक जगसीराम कोली को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम जावल को मगरीवाडा पंचायत में यथावत रखा जाए। ग्रामीणों ने बताया कि जावल के ग्रामीण मगरीवाडा पंचायत में ही रहना चाहते है क्योंकि आज से 20 वर्ष पहले हमारे जावल गांव भेरूगढ़ ग्राम पंचायत का हिस्सा था। कच्चा रास्ता होने की वजह से वहा से हटाकर मगरीवाडा ग्राम पंचायत में जोड़ा गया था। अब मगरीवाडा पंचायत से हटाकर नवसृजित जामठा ग्राम पंचायत मे जोडा जा रहा है। जो हम सभी जावल ग्राम वासियों को स्वीकार नहीं है। बारिश के समय पैदल भी चलना मुश्किल होता है। ऐसी स्थिती में पंचायत मुख्यालय पर आम गरीब जनता नहीं पहुंच सकती है। प्रकाश कुमार मेघवाल, जोशना देवी वार्ड पंच, प्रवीण लोहार, जोधाराम मेघवाल, तेजाराम कलबी, सुरेश कुमार प्रजापती, नारायण लाल मेघवाल, अशोक कुमार कोली, रामपुरी गोस्वामी, रमेश मेघवाल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



## साइबर सुरक्षा व एआइ की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्य म में विशेषज्ञों ने उभरती हुई प्रौद्योगिकियों पर विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान प्रोजेक्ट समन्वयक जिनाल शाह ने बताया कि कैसे इंजीनियर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर अपनी पेशेवर सेवाओं को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। वहीं डायरेक्टर ऑपरेशन विशाल मेहता ने एआई-संचालित डेटा विश्लेषण और दृश्यता तकनीकों पर अपनी विशेषज्ञता साझा की। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के निदेशक डॉ. अतुल मिश्रा ने इस आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि





इसका मकसद विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और एआई के प्रति जागरूक बनाना है। प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्व-अनुकूली सीखने के लिए अत्यधिक उपयोगी है, और यह भविष्य की एक प्रमुख तकनीक बनने जा रही है। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, इंजीनियरिंग विभाग के अधिष्ठाता डॉ. प्रेनॉन बागची, कंप्यूटर साइंस विभाग की अध्यक्ष प्रो. संगीतासिंह ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं और संभावित खतरों पर चर्चा की और विद्यार्थियों को इसके प्रति सतर्क रहने की सलाह दी।

## महाविद्यालय सिरोही में पुरोहित मिस फ्रेशर्स और सिंह बने मिस्टर फ्रेशर्स



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय सिरोही में कला संकाय का फेयरवेल एवं फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रथम खत्री, हितेश नामदेव, ललित लखारा, रोहित मीना, धवल, जागृति राजपुरोहित द्वारा किया गया । जिसमें महाविद्यालय के अनेकों छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गोपाल माली तथा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष तथा वर्तमान भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अनिल प्रजापत भी उपस्थित रहे। मंच संचालन सुरेश तथा सृष्टि राजपुरोहित ने किया। निर्णायक नमितासिंह शेखावत, कुलदीपसिंह एवं जयेश सोलंकी ने की । कार्यक्रम में मिस फेयरवेल करिश्मा प्रजापत और मिस फ्रेशर्स सानिया पुरोहित रही। मिस फेयरवेल रनरअप दिव्या लोहार तथा मिस फ्रेशर्स रनरअप खुशबू माली रही। मिस्टर फेयरवेल जतिन मीना तथा मिस्टर फ्रेशर्स भानु प्रतापसिंह रहा। नृत्य में प्रथम स्थान पूजा और प्रेरणा ने तथा गायन में प्रथम स्थान सृष्टि राजपुरोहित ने हासिल किया ।

## महिला आर्थिक रूप से सशक्त बने यह आज की आवश्यकता हैः एसडीएम

### *अमृता हाट बाजार का समापन*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** महिला उद्यमी एवं महिला स्वयं सहायता समूह के हस्त निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए महिला अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय अमृता हॉट का समापन सोमवार को उपखंड अधिकारी नीरज मिश्रा की अध्यक्षता एवं कोषाधिकारी श्रीमती अलका राव के आतिथ्य में किया गया। योगिता गर्ग एवं संजनासिंह ने नृत्य प्रस्तुति दी। उपखंड अधिकारी नीरज मिश्रा ने अमृता हाट को महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में सराहनीय पहल बताते हुए कहां कि महिला आर्थिक रूप से सशक्त बने यह आज की आवश्यकता है । कोषाधिकारी राव ने महिलाओं को स्वरोजगार की ओर बढ़ने की सराहना की। गुंजन स्वयं सहायता समूह जोधपुर, सुरभि स्वयं सहायता समूह अजमेर, दरिया देवी स्वयं सहायता समूह पोकरण, जिज्ञासा स्वयं सहायता समूह सवाई माधोपुर को सम्मानित किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के समस्त कार्मिकों को विभागीय कार्य में सहयोग एवं समन्वय करने के लिए पुरस्कृत किया गया। अमृता हाट के अंतिम दिन डॉ राजेंद्र राठौड़ एवं अनुपमा राठौड़ ने उपस्थित संभागियों को ध्यान मेडिटेशन करवाया। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता श्रीमती अंकिता राजपुरोहित ने बताया कि जिलास्तरीय अमृता हाट में महिला उद्यमियों ने लगभग 6 लाख की बिक्री की। मंच का संचालन गोपालसिंह राव ने किया।






## दिव्यांगों के लिए प्रमाण पत्र शिविर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** दिव्यांगों के लिए प्रमाण पत्र के लिए मंगलवार को पंचायत समिति में शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांगजानों के ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम मौजूद रहेगी। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने दी।

## पहिए में ओढ़नी फंसने से महिला गिरी, मौके पर मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** भादरिया कॉलोनी के निकट बाइक से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कालंद्री निवासी देवाराम प्रजापत उर्फ देवेंद्र कुमार प्रजापत एवं उसकी पत्नी कमला देवी (34) उर्फ लक्ष्मी देवी बाइक पर बरलूट स्थित मंदिर में दिया जलाकर वापस घर कालंद्री आ रहे थे। भादरिया कॉलोनी के पास अचानक बाइक के पिछले पहिए में महिला की ओढ़नी फंसने से बाइक से नीचे गिर गई। जिससे सिर पर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। थानाधिकारी टीकमाराम ने बताया कि मृतका के पति की रिपोर्ट के आधार पर मृग दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। सोमवार को विवाहिता का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। वही मृतका के बच्चे व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ।



## कौशल मेले में लगाई प्रदर्शनी, बालिकाएं पुरस्कृत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही की कक्षा 6 से 8वीं की बालिकाओं के लिए कौशल मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढा व व्यवस्था प्रभारी गोपाल सिंह राव के अनुसार नागरिकता कौशल तहत नैतृत्व कौशल, भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति दर्शाने वाली प्रदर्शनी, सजायी गयी । कहानी के पात्रों के मुखोटे, चित्रांकन, आदि पर भी प्रदर्शित किया गए। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवडा, वरिष्ठ व्याख्याता अनिता चौहान पर्यावरण सहित समस्त स्टाफ ने संरक्षण व जागरूकता अभियान के लिए पोस्टर बनाकर उनको प्रदर्शित किए। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार मीणा, तृप्ति डाबी, महेन्द्र कुमार प्रजापत, कुसुम परमार, ममता कोठारी, रमेश कुमार मेघवाल, ब्रिजेश कुमार पालिवाल, कीर्ति कुमार सोलंकी सहित स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।



# न्यूज ब्रीफ

## शिविर में दिव्यांग उपकरणों का वितरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** महावीर इंटरनेशनल की ओर से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जीरावला पार्श्वनाथ जैन तीर्थ के तत्वावधान में चार दिवसीय शिविर का समापन हुआ। अध्यक्ष संपत मेवाड़ा के अनुसार शिविर में 348 दिव्यांगों को सहायक उपकरण दिए गए। 100 ट्राई साइकिल, 100 विलचेयर, 50 बैशाखी, 59 केरिपल, 5 हेंड सटीक, 34 जयपुर फुट आदि उपकरण निशुल्क वितरित किए गए। जगदीश ओझा, राजेंद्र जोशी जीरावला, डॉ. जयमित पारेख व उर्वशी पारेख का विशेष सहयोग रहा। आपणो संस्थान के कार्यकर्ता रमेश कुमार मेघवाल, दिनेश प्रजापति, मुकेश परमार, दिनेश राणा, महावीर इंटरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र मरडिया, अवनेश जैन, सुरेंद्र भूषण शर्मा, जितेंद्र गौड़, समरजीतसिंह राठौड़ ने सराहनीय सेवाएं दी।

## हमलावर की सेशन कोर्ट ने की जमानत खारिज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** तीन माह पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमलता शर्मा के पति दिलीप कुमार शर्मा की कार पर कैंपर गाड़ी से किए जानलेवा हमले में गिरफ्तार आरोपी ओड़ा निवासी लक्ष्मणसिंह देवड़ा की सेशन कोर्ट ने जमानत खारिज कर दी है। पूर्व में देवड़ा के अधिवक्ता हिम्मतसिंह आढ़ा की दलीलों से उसकी जमानत को खारिज करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। जिसकी आगामी जमानत अर्जी शनिवार को सेशन कोर्ट सिरोही में पेश की गई। सेशन कोर्ट ने दोनों पक्ष के वकीलों की बहस सुनने के बाद शनिवार को फैसला सुरक्षित रखा। अधिवक्ता हिम्मतसिंह आढ़ा की दलिलों व सबूतों के मध्य नजर सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती रूपा गुप्ता ने आरोपी लक्ष्मणसिंह देवड़ा की बेल खारिज कर दी है। फिलहाल आरोपी हमलावार न्यायिक अभिरक्षा में जिला करागृह में है।

## खराब हैण्डपंप से लोग परेशान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** गर्मी ऋतु की शुरुआत में ही अचंल में पेयजल की समस्या सताने लगी है। गोरा अंगारी फली में जलदाय विभाग द्वारा लगवाए हैण्डपंप करीब पांच माह से खराब है। ऐसे में इसके आस-पास निवासरत लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। महिलाओं को सवेरे शाम पीने के पानी के दूर दराज निजी कुओं पर निर्भर रहना पड़ रहा हैं। जो करीब एक से दो किलोमीटर तक जाना पड़ता है। वार्ड पंच रेशमाराम गरासीया ने बताया कि ग्राम हैण्डपंप खराबी को ठीक करने के लिए कई बार शिकायत की है। इसके अलावा राजस्थान सम्पर्क पार्टल भी कई बार समस्या से अवगत कराया है। लेकिन, आज दिन तक समस्या समाधान नहीं हुआ है।

## स्मैक बरामद, आरोपी को किया गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** माटासन तिराहे पर मुखबिर सुचना पर संदिग्ध व्यक्ति के पास से स्मैक बरामद कर उसे गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रविन्द्रपालसिंह ने बताया कि माटासन तिराहे पर राजीवनगर सांचौर निवासी शैतानसिह पुत्र पुनमाराम के कब्जे 37.79 ग्राम स्मैक बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।

## पक्षियों के लिए लगाए घोंसले व परिंडे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ( मेघवाल बस्ती ) कालंद्री में गर्मियों को देखते हुए सभी अध्यापकों के सहयोग से पक्षियों के लिए घोंसले व परिंदे लगाए गए। संस्था प्रधान राधेश्याम यादव ने बताया कि प्रकृति को संतुलित रखने के लिए पशु पक्षी बहुत जरूरी है। शारीरिक शिक्षक ओटाराम माली का विशेष योगदान रहा। विवेक सोलंकी, सरफराज अब्बल, नरपतसिंह, धर्म प्रकाश त्यागी, महेंद्र कुमार, गंगाराम, गीता एवं माया आदि मौजूद थे।



## मुण्डियारामसर में 8 मार्च को होगा मेगा रोजगार मेले का आयोजन

# राज्यवर्धन राठौड़ करेंगे मेगा रोजगार मेले का उद्घाटन

### 40 से ज्यादा निजी नियोजक हजारों युवाओं के रोजगार के सपने को करेंगे साकार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आगामी 08 मार्च, 2025 को जयपुर के मुंडियारामसर में उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का उद्घाटन उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे।



उपनिदेशक, उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय नवरेखा ने बताया कि मेगा रोजगार मेले में निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा,सिक्योरिटी,कॉल सेन्टर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 40 निजी नियोजक अपनी रिक्तियों के अनुसार मौके पर ही युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभान्वित करेंगें। विभिन्न सरकारी विभाग मेले में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आशार्थियों को लाभांवित करेंगें। मेगा रोजगार मेले का अधिक से अधिक युवा आशार्थी एवं नियोजक लाभ प्राप्त कर सकें, इस उद्देश्य से माननीय मंत्री महोदय एवं रोजगार विभाग के अधिकारियों द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया, जिसके माध्यम से आशार्थी एवं नियोजक मेले में पंजीकृत हो कर भाग ले सकतें है। हाल ही की बजट घोषणा में रोजगार मेलों के आयोजन कैंपस इंटरव्यू तथा नये निवेश के स्थानीय युवाओं के रोजगार को प्रोत्साहन देते हुए निजी क्षेत्र में भी आगामी वर्ष एक लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है।

मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने युवाओं का आव्हान करते हुए कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोडने के लिए वर्तमान सरकार प्रतिबद्ध है। वर्तमान में निजी क्षेत्र में रोजगार की अपार सभावनाएं हैं, अत: अधिक से अधिक संख्या में युवा आशार्थी इस मेगा रोजगार मेले में भाग ले कर उक्त मेले का लाभ उठायें। इस मेगा रोजगार मेले में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्नातक, स्नातकोतर, डिप्लोमा, आईटीआई, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक आदि सभी योग्यताधारी आशार्थियों के लिए रिक्तियां है, अत: सभी योग्यताधारी आशार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ उक्त मेगा रोजगार मेले का लाभ उठायें।

## जब आसन पैरों पर हो तब सदस्य मूवमेंट नहीं करेंगे, भाषा में शालीनता रखें: देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि जब आसन पैरों पर हो तब कोई भी सदस्य न तो बाहर से अन्दर आयेंगे और न ही अंदर से बाहर जायेंगे। जब आसन पैरों पर हो, तब सदन में



सभी अपने सीटों पर बैठेंगे, मूवमेंट नहीं करेंगे। विधायकगण, आसन के बोलते वक्त अपनी सीटों से नहीं उठे और ना ही कोई बाहर से सदन में प्रवेश करें। सोमवार को विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने सदन में व्यवस्था देते हुये विधायकगण से कहा कि सदन में प्रत्येक विधायक की बात को सुना जायें। जब विधायक सदन में अपनी बात रख रहें हो तब उन्हें टोका भी नहीं जायें। देवनानी ने कहा कि सभी विधायकगण भाषा में शालीनता का पूरा ध्यान रखें। किसी विधायकगण द्वारा सदन को संबोधित करते समय अन्य विधायकगण उनके सामने से ना निकलें। देवनानी ने कहा कि सदन की यह बहुत पुरानी परंपरा है। सदन में फोन पर बात करना प्रतिबंधित है। नाम पुकारने पर ही संबंधित सदस्यगण बोले। देवनानी ने कहा कि अनुदान मांगो पर संबंधित मंत्री और संबंधित अधिकारीगण का सदन में मौजूद रहना आवश्यक है। इसका कठोरता से पालन करेंगे तो सदन अच्छी तरह से चलेगा।

**सूरत में आग लगने की घटना पर चिन्ता जताई:** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सूरत स्थित शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में भीषण आग लगने की घटना पर गहरी चिन्ता व्यक्त की है। देवनानी ने कहा कि इस मार्केट के अंदर राजस्थान के व्यापारी अधिक है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं, पाली जालौर, सिरोही, जोधपुर, बाड़मेर, जयपुर, राजसमंद और भीलवाड़ा क्षेत्र के लोग वहां व्यापार करते है।



सिरोही जालोर सांसद लुंबारामजी चौधरी के मुंबई आगमन पर सत्कार और बहुमान करते हुएसमाजसेवी और उद्योगपति विजयराजजी प्रेमराज राजपुरोहित, रगाराम भूराजी राज पुरोहित, प्रवीण रामाजी राजपुरोहित पोसीतरा। इस दौरान उन्होंने सांसद चौधरी को राजस्थानी प्रवासियों के मुंबई में प्रवास के समय आने वाली रेलवे की समस्याओं से अवगत कराया और अपने जन्म भूमि में गांव में नवू बाई प्रेमराजजी पोसीतरा स्कूल को पुनः प्राथमिक विद्यालय पुराने भवन पर सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

## स्कूली लड़कियों से रेप/ब्लैकमेल मामले में आरोपी पूर्व पार्षद को वकीलों ने पीटा




### बाल पकड़कर थप्पड़ मारे, लात-घूंसे बरसाए, 11 मार्च तक भेजा जेल





**अजमेर।** ब्यावर के बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड मामले में गिरफ्तार पूर्व पार्षद हाकिम कुरैशी पर पेशी के दौरान वकीलों ने हमला कर दिया। वकीलों ने पुलिस की मौजूदगी में आरोपी के बाल पकड़कर थप्पड़ मारे, लात-घूंसे बरसाए। बड़ी मुश्किल से पुलिस आरोपी को वकीलों से बचाकर ले जा पाई। अजमेर पॉक्सो कोर्ट ने पूर्व पार्षद को 11 मार्च तक जेल भेजने का आदेश दिया। इससे पहले 9 आरोपी जेल में है। वहीं 3 आरोपी बाल सुधार गृह में है।

#### आरोपियों का साथ देता था पूर्व पार्षद

*मामले में आरोपियों का सहयोग करने पर पूर्व पार्षद हाकिम कुरैशी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दो बार कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था। आज रिमांड अवधि खत्म होने पर वापस अजमेर पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया। बिजयनगर एसएचओ के नेतृत्व में आरोपी को कोर्ट लाया गया था।*

#### पहुंचते ही इकट्ठा हुए वकील

*आरोपी को जैसे ही पुलिस कोर्ट लेकर पहुंची वकीलों का इकट्ठा होना शुरू हो गया था। वकीलों को इकट्ठा होते देखकर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता बुलाया था। पेशी के बाद जैसे ही आरोपी पूर्व पार्षद को बाहर लाया गया, वकीलों ने उस पर हमला कर दिया।*

#### पूर्व पार्षद को 11 मार्च तक जेल भेजा

*सरकारी वकील रूपेंद्र परिहार ने बताया- पुलिस जांच में सामने आया कि पूर्व पार्षद अन्य आरोपियों का सहयोगी था। ये बच्चियों का रास्ता रोकता था और अन्य आरोपियों के साथ होटल और कैफे में जाने का दबाव बनाता था। पुलिस ने इसकी अकाउंट, संपत्ति का लेखा-जोखा कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी पूर्व पार्षद को 11 मार्च तक भेज दिया।*

#### खान विभाग द्वारा औचक कार्रवाई में

## बिना नंबर के 2 डंपर 1 ट्रेलर सहित तीन वाहन जब्त, 15 लाख से अधिक का जुर्माना

### एक सप्ताह में 3 जेसीबी, 1 कंप्रेसर, डंपर ट्रेलर, ट्रॉली सहित 28 वाहन जब्त



**जयपुर।** माइंस विभाग की जयपुर ने सोमवार तड़के जयपुर के आसलपुर में कार्रवाई करते हुए दो बिना नंबर के डंपर, एक ट्रेलर सहित 3 वाहनों को बजरी का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया है। खान विभाग जयपुर ने अधीक्षण खनि अभियंता एनएस शक्तावत एवं अधीक्षण खनि अभियंता सतर्कता प्रताप मीणा के निर्देशन में एमई जयपुर श्याम कापड़ी की टीम ने एक सप्ताह में 28 वाहन जब्ती की कार्रवाई करते हुए संबंधित पुलिस थानों के सुपुर्द किया है।

एमई जयपुर श्याम कापड़ी ने बताया कि खनि कार्यदेशक विश्राम मीणा, सोनू अवस्थी एवं सुधीर कुमार मय बॉर्डर होमगार्ड की टीम द्वारा 3 मार्च को अल सुबह बजरी के अवैध परिवहन करते 2 बिना नंबरी डंपर एवं 1 ट्रेलर आरजे 47 जीबी 2238 को आसलपुर रेलवे फाटक के पास पकड़कर पुलिस थाना जोबनेर सुपुर्दगी में दिये गये । कार्रवाई के दौरान खान विभाग द्वारा तीनों वाहनों पर लगभग 15 लाख से भी अधिक राशि का जुर्माना आरोपित किया गया। इसके अलावा दो डंपरों के बिना नंबर के होने के कारण अग्रिम कार्रवाई हेतु संबंधित परिवहन विभाग कार्यालय को भी सूचित किय गया है। खनि अभियंता श्याम कापडी ने बताया कि अवैध खनन/निर्गमन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए पिछले सप्ताह में निकट ग्राम दांतली, सांगानेर में खनिज मैसनरी स्टोन का अवैध खनन करते हुए पाये जाने पर 03 जेसीबी मशीन, 02 डम्पर, 03 ट्रेक्टर ट्रॉली, 01 कम्प्रेसर मशीन और 01 डम्पर खनिज बजरी का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर पुलिस थाना शिवदासपुरा की सुपुर्दगी में दिया गया।

अवैध खनिज निर्गमन करते हुए पाये जाने पर 4 डम्पर, 02 ट्रेक्टर ट्रॉली को पुलिस थाना फागी में, 4 ट्रेक्टर ट्रॉली पुलिस थाना सांगानेर सदर में, 01 डम्पर पुलिस थाना माधोराजपुरा, 01 डम्पर पुलिस थाना रेनवाल मांझी, 3 डम्पर पुलिस थाना जोबनर की सुपुदगी में दिया गया। इस प्रकार कुल 18 प्रकरणों मे जब्त 03 जेसीबी मशीन, 01 कम्प्रेसर मशीन, 12 डम्पर, 9 ट्रेक्टर ट्रॉली से राशि रू. 48 लाख की वसूली की कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान एसएमई एनएस शक्तावत, विजिलेंस प्रताप मीणा के मार्गदर्शन में एमई श्याम कापड़ी की टीम सहायक खनि अभियंता खनि कार्यदेशक सुभाष डांगी, जैद अली, विश्राम मीणा, दुर्गा सिंह, अरुण वर्मा, सोनू अवस्थी और अनिल कुमार वर्मा की टीम द्वारा औचक चेकिंग कार्रवाई की जा रही है।

#### हांगकांग के वैज्ञानिकों का दावा

## कार-टी इंजेक्शन लगवाएं, कैंसर भगाएं

**हांगकांग।** हांगकांग ने कैंसर बीमारी को खत्म करने वाली कार-टी इंजेक्शन को लेकर बड़ा दावा किया है। यह इंजेक्शन सिर्फ लीवर या फेफड़ों से संबंधित कैंसर में ही अब तक कारगर साबित हुआ है। हांगकांग में वैक्सीन की कीमत सिर्फ तीन करोड़ रुपए है। यानी अन्य देशों में इस इंजेक्शन की कीमत में और ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती है। इंजेक्शन को लगाने के बाद सात दिन तक मरीज को आईसीयू में रखना होता है। वहीं साइड इफेक्ट का इलाज अलग से किया जाता है।

**चार माह बाद दिखा इंजेक्शन का असर:** साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक अक्टूबर-2024 में चाइनीज यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग में पांच मरीजों को यह इंजेक्शन दिया गया। उनमें से एक की उम्र 73 साल, दूसरे की 71 साल, तीसरे की 67 साल, चौथे की 15 साल और पांचवें की पांच साल है। वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी तक इन मरीजों को काफी राहत महसूस हुई। हांगकांग के वैज्ञानिकों का दावा है कि इस सुधार के बाद कार-टी इंजेक्शन कैंसर मरीजों के लिए वरदान साबित हो सकता है।

## जयपुर में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन की कॉपी लेना हुआ महंगा

### अब 50 रुपए देने होंगे, रिकॉर्ड जांच की फीस भी 10 गुना तक बढ़ाई



**जयपुर।** जयपुर नगर निगम में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना महंगा हो गया है। नगर निगम आयुक्त ने एक आदेश जारी करके जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की रजिस्ट्रेशन की अतिरिक्त कॉपी का शुल्क बढ़ाकर 50 रुपए कर दिया है। इसके साथ ही रिकॉर्ड की जांच अगर कोई करवाता है तो उसे 20 रुपए देने होंगे। नगर निगम से जारी आदेश के मुताबिक अब अगर कोई व्यक्ति जन्म या मृत्यु रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र की अतिरिक्त कॉपी नगर निगम से लेता है तो उसे प्रति कॉपी 50 रुपए का शुल्क देना होगा। अभी तक ये शुल्क नगर निगम में 10 रुपए प्रति कॉपी लिया जाता है। इसके अलावा कोई आवेदन अपने रिकॉर्ड की जांच करवाता है तो उसे 2 रुपए के बजाए 20 रुपए जांच शुल्क देना होगा।

#### देरी से सूचना देने पर 100 रुपए तक शुल्क

इसी तरह किसी व्यक्ति की घर पर डेथ होती है या किसी बच्चे के जन्म घर पर होता है। उसकी सूचना देरी से नगर निगम में दी जाती है।

उस पर भी देरी शुल्क को बढ़ाकर 100 रुपए तक कर दिया है।

नए आदेश के मुताबिक जन्म-मृत्यु पंजीयन में 21 दिन से ज्यादा और 30 दिन तक की देरी होती है तो उस पर 20 रुपए, जबकि 30 दिन से ज्यादा और एक साल के अंदर रजिस्ट्रेशन करवाते है तो 50 रुपए, जबकि 1 साल से ज्यादा की देरी पर 100 रुपए शुल्क देना होगा।

## वित्त मंत्री ने पेश किया 'हस्तलिखित' बजट

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का ऐतिहासिक दिन: हस्तलिखित बजट 100 पन्नों में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 'हस्तलिखित' बजट पेश किया। हाथों का लिखा बजट देखने के लिए वहां मौजूद सभी लोगों में एक कौतूहल देखने को मिला। बजट पेश होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष का स्वर्णिम बजट प्रस्तुत होने जा रहा है। यह हस्तलिखित बजट करीब 100 पृष्ठों का है। अटल निर्माण वर्ष का यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की परिसंकल्पना को साकार करने वाला, प्रदेश की प्रगति का बजट होगा। पिछले 13 महीने में हमारी सरकार के प्रति प्रदेश की जनता में विश्वास की बहाली हुई है। जनता के आशीर्वाद से उनके भरोसे को कायम रखते हुए हम छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे।

#### लिखावट की गरिमा को स्थापित करने की पहल

यह पहला मौका है जब राज्य में कंप्यूटर से टाइप बजट की जगह खुद वित्त मंत्री के हाथों से लिखा गया बजट सदन में प्रस्तुत किया। बजट 100 पन्ने का है, जिसे पूरी तरह हाथ से लिखा गया है। यह लिखावट की गरिमा को स्थापित करने की पहल है। डिजिटल युग में हस्तलिखित बजट पेश करना एक अलग पहचान और ऐतिहासिक महत्व रखता है।

#### ऑफिस के बाहर खींचकर थप्पड़ मारे

# जयपुर में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को महिला कर्मचारियों ने पीटा

**जयपुर।** एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अटैच स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट से एक वीडियो सामने आया है। इसमें सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (एसएनओ) महेश प्रसाद गुप्ता को महिला सुरक्षा गार्ड पीटती नजर आ रही है। महिलाएं आरोप लगा रही हैं कि एसएनओ बदसलूकी करता है। मामला सामने आने के बाद हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने जांच के लिए कमेटी बनाई है। साथ ही इस मामले में एसएनओ के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं।

2 मार्च को दो-तीन महिला स्टाफ कर्मचारियों (नर्सिंग, सुरक्षा गार्ड) ने शिकायत दी थी कि एसएनओ महेश प्रसाद गुप्ता उनके साथ बदसलूकी करता है। होटल, फ्लैट पर आने के लिए कहता है। शिकायत करने पर नौकरी से निकालने समेत और कार्रवाई की धमकी देता है। 2 मार्च को कुछ महिला कर्मचारियों ने गुप्ता की इस हरकत से नाराज होकर पकड़ लिया। उसकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना जब हमें मिली तो हमने सभी को पाबंद किया। इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों की कमेटी का गठन किया।

इसमें नर्सिंग अधीक्षक शशिकांत शर्मा के अलावा दो डॉक्टर सुमन चौधरी और नवीन यादव को जांच के लिए नियुक्त करते हुए 3 दिन में इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है।



#### महिला सुरक्षा गार्ड ने जड़े थप्पड़

महिला सुरक्षा गार्ड और दूसरी महिला कर्मचारियों ने 2 मार्च को एसएनओ को ऑफिस में पकड़ लिया था। धक्के मारते हुए हॉस्पिटल परिसर से बाहर ले आई थी। बाहर निकालने के बाद उसकी पार्किंग परिसर में जबरदस्त पिटाई की थी। इस दौरान महिला सुरक्षा गार्ड ने एसएनओ के कई थप्पड़ भी जड़े थे।

#### मामले पर अब तक कार्रवाई

इस मामले पर हॉस्पिटल प्रशासन और मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया है। हालांकि हॉस्पिटल प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए कहा है।


### शोक समाचार/ उठामना

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री लक्ष्मीलालजी वगेरिया (सुपुत्र स्व. श्री जवाहरलाल जी वगेरिया निवासी पारसोला, हाल मुकाम मुम्बई) का आकस्मिक निधन दिनांक 3 मार्च 2025 को हो गया है।



उठामना दिनाक 5 मार्च 2025 गुरुवार
दोपहर 04 से 06 बजे सिम्फ़िनी हॉल, डी मार्ट के पास, सहार रोड, अँधेरी ईस्ट मुम्बई पर रखा गया है।

::: शोकाकुल :::

श्रीमती मानकुंवर लक्ष्मीलाल वगेरिया (धर्म पत्नी)
मितेश- प्रियंका (पुत्र, पुत्रवधू)
डॉ नताशा- डॉ दीपेशजी (पुत्री, दामाद )

**भाई-भाभी**
बहादुरमल-शकुन्तला
अशोक-अलका

**भतीजा-भतीजा बहु**
संजय-क्षितिजा,
समीर-रुचि, विनोद-वर्षा
शीतल-दीपाली,
आदित्य-कोमल, निशान्त-स्नेहा

**भानेज- भाणेज बहू**
सुशील-रश्मि
नितिन-नैना

**बहन**
विमला रतनपालजी मुंगड़िया

**पोती नाती**
माइशा, काशवी, खुशांक, दुर्विका

**पीहर पक्ष**
स्वर्गीय श्री धनराजजी डागरिया
राजमलजी एवं शिशुपालजी डागरिया परिवार
(पारसोला वाले)

**एवं समस्त वगेरिया परिवार**


नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.